

11:07:2023

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर
## हमारी नज़र

पेज » 12 मूल्य » 3 रुपये » वर्ष » 14 अंक » 188 | epaper.rashtriyakhabar.com | श्रावण, कृष्णपक्ष नवमी, विक्रम संवत 2080

## चाणक्य नीति

दानार्थिनो मधुकरा यदि कर्णतालैर् दूरीकृताः करिवरेण मदान्धबुद्ध्या।
तस्यैव गण्डयुगमण्डनहानिरेषा भृंगाः पुनर्विकचपद्मवने वसन्ति॥

भावार्थ : यदि मद में अंधा हाथी अपनी मंदबुद्धि के कारण अपने मस्तक पर बैठे हुए मद पीने के इच्छुक भौंरों को अपने कान फड़फड़ाकर दूर भगा देता है तो इसमें भौंरों की कोई हानि नहीं होती। वे जाकर खिले हुए कमलों पर जा बैठते हैं, उन्हें वहां से रस मिल जाता है, परंतु ऐसा करने से हाथी के गण्डस्थल की ही शोभा नष्ट होती है।

### रांची पारा अपडेट

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 31.00 °c | 25.00 °c |

सूर्यास्त (आज) » 18 .38 बजे

सूर्योदय (कल) » 05 .09 बजे

## उत्तरी भारत के अनेक इलाके बारिश से प्रभावित

**नयी दिल्ली:** तीन दिनों से राजधानी दिल्ली समेत उत्तर और पश्चिम भारत में भारी बारिश ने तबाही मचा दी है। हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश , उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में बारिश और वर्षाजनित हादसों में 41 लोगों की मौत हो चुकी है। बारिश का कहर सबसे ज्यादा हिमाचल प्रदेश में देखने को मिल रहा है, वहां 17 लोगों की मौत हुई है। उत्तर प्रदेश में नौ, उत्तराखंड में छह, पंजाब में पांच तथा जम्मू-कश्मीर और हरियाणा में दो-दो लोगों की मौत हुई हैं। राजधानी दिल्ली में बारिश के कारण सोमवार को सभी स्कूल बंद रहे जबकि हिमाचल प्रदेश में सभी स्कूल सोमवार और मंगलवार को बंद रहेंगे। हिमाचल प्रदेश में लगातार मूसलाधार बारिश के करण सोमवार को उच्च न्यायालय सहित राज्य की सभी जिला न्यायपालिका में अवकाश घोषित किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज यहां देश के कई हिस्सों में हो रही भारी बरसात के कारण बाढ़ और उससे जानमाल के नुकसान को रोकने के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक की।

## पशु क्रूरता पर सरकार के जवाब तलब

**नैनीताल:** उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय ने चारधाम यात्रा मार्ग पर घोड़े-खच्चरों की मौत और उनके साथ हो रही क्रूरता के मामले में सरकार, चमोली, उत्तरकाशी और रुद्रप्रयाग के जिलाधिकारियों के साथ ही सभी पक्षकारों को नोटिस जारी कर तीन सप्ताह में जवाब पेश करने को कहा है। इस मामले को दिल्ली के समाज सेवी और तीर्थ पुरोहित अजय गौतम की ओर से चुनौती दी गई है। इस प्रकरण की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की युगलपीठ में हुई। याचिकाकर्ता की ओर से अदालत को बताया गया कि इन दिनों चारधाम यात्रा प्रगति पर है। प्रतिदिन 25000 यात्री केदारनाथ और यमुनोत्री की यात्रा पर आ रहा है। पिछले साल दो करोड़ तीर्थयात्रियों ने चारधाम की यात्रा की थी।

## अमरनाथ यात्रा बालटाल से भी बहाल

**श्रीनगर:** जम्मू-कश्मीर में सोमवार को कुल 20 हजार अमरनाथ तीर्थयात्रियों को बालटाल आधार शिविर से जाने की अनुमति दी गई, जबकि पहलगाम से यात्रा सामान्य रूप से जारी है। यात्रा शुरू होने से अब तक एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा बर्फानी के दर्शन किये हैं। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि आज सुबह 6,265 तीर्थयात्रियों ने अमरनाथ के पवित्र गुफा मंदिर में दर्शन किए। उन्होंने बताया कि अच्छे मौसम की स्थिति के बीच सोमवार सुबह 10 बजे तक महिलाओं और साधुओं सहित 19,276 तीर्थयात्रियों को बालटाल आधार शिविर से डुमेल के रास्ते अमरनाथ गुफा मंदिर की ओर जाने की अनुमति दी गई है। अधिकारी ने बताया कि एक जुलाई को 62 दिवसीय यात्रा शुरू होने के बाद से, अब तक दर्शन करने वाले तीर्थयात्रियों की कुल संख्या एक लाख से अधिक हो गई है। इससे पहले, खराब मौसम और फिसलन भरी स्थिति के कारण सात जुलाई को पहलगाम और बालटाल दोनों मार्गों से यात्रा निलंबित कर दी गई थी।

## तेलंगाना में जीत की हैट्रिक करेगी बीआरएस : राव

**हैदराबाद:** तेलंगाना के वित्त मंत्री टी हरीश राव ने सोमवार को कहा कि कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की किसी भी रणनीति के बावजूद भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) अगले राज्य विधानसभा चुनाव में जीत की हैट्रिक करेगी। श्री राव ने आज संगारेड्डी जिले के पट्टनचेरु विधानसभा क्षेत्र में फ्रीडम पार्क और आर एंड बी गेस्ट हाउस के उद्घाटन के मौके पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने राज्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने और आवशचक धन आवंटित करने में विफल रहने के लिए केंद्र सरकार की आलोचना की। उन्होंने केंद्र की भाजपा नीत सरकार द्वारा दक्षिण भारत के विकास की कथित उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि इस सरकार ने 0,000 करोड़ रुपये की कोच फैक्ट्री को गुजरात में स्थानांतरित कर दिया। उन्होंने दोहराया कि कांग्रेस और भाजपा द्वारा अपनायी गयी रणनीतियों के बावजूद बीआरएस जीत की हैट्रिक करेगी।उन्होंने लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए बीआरएस सरकार की अटूट प्रतिबद्धता पर जोर दिया।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**अदालत** ❯ दिल्ली सेवा अध्यादेश में केंद्र सरकार को नोटिस जारी

# आप सरकार की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

- अभिषेक मनु सिंघवी ने दी दलील
- अदालत ने सोमवार की सुनवाई तय की
- पूर्व फैसले के बाद ही आया था यह अध्यादेश



राष्ट्रीय खबर

**नईदिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सेवा अध्यादेश, 437 सलाहकारों की बर्खास्तगी के खिलाफ अअढ सरकार की याचिका पर केंद्र सरकार से जवाब मांगा है। कोर्ट ने यह भी कहा कि वह 17 जुलाई को अंतरिम राहत की प्रार्थना पर सुनवाई करेगा जिसमें अध्यादेश पर रोक के साथ-साथ दिल्ली सरकार द्वारा नियुक्त 437 सलाहकारों को बर्खास्त करने के एलजी के फैसले पर रोक भी शामिल है।

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली सरकार की उस याचिका पर केंद्र सरकार से जवाब मांगा, जिसमें दिल्ली सेवा अध्यादेश की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई है, जो दिल्ली के उपराज्यपाल (एलजी) को सिविल सेवकों के तबादलों और पोस्टिंग की निगरानी करने की अधिभावी शक्तियां देता है।

भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा की पीठ ने यह भी निर्देश दिया कि दिल्ली के उपराज्यपाल (एलजी) विनय कुमार सक्सेना को मामले में प्रतिवादी बनाया जाए। कोर्ट ने यह भी कहा कि वह 17 जुलाई को अंतरिम राहत की प्रार्थना पर सुनवाई करेगा जिसमें अध्यादेश पर रोक के साथ-साथ दिल्ली सरकार द्वारा नियुक्त 437 सलाहकारों को बर्खास्त करने के एलजी के फैसले पर रोक भी शामिल है। आम आदमी पार्टी (आप) सरकार की याचिका में कहा गया है कि अध्यादेश दिल्ली में कार्यरत सिविल सेवकों का नियंत्रण दिल्ली की निर्वाचित सरकार से छीनकर अनिर्वाचित उपराज्यपाल को दे देता है। यह अध्यादेश मई में लागू किया गया था, एक हफ्ते से कुछ अधिक समय बाद जब सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने कहा था कि यह दिल्ली सरकार है जो राष्ट्रीय राजधानी में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारियों सहित सभी सेवाओं पर नियंत्रण करने की हकदार है। उस फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया था कि राज्यों की चुनी हुई सरकारों का शासन केंद्र सरकार अपने हाथ में नहीं ले सकती। उसके बाद ही केंद्र सरकार यह अध्यादेश लेकर आयी थी। याचिकादाता के वकील शादान फरासत के माध्यम से सुप्रीम कोर्ट के समक्ष दायर याचिका में कहा गया है कि अध्यादेश, संविधान के अनुच्छेद 239एए में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के लिए संघीय, लोकतांत्रिक शासन की योजना का उल्लंघन करता है, संवैधानिक पीठ के फैसले को विधायी रूप से खारिज कर देता है या उसकी समीक्षा करता है, संविधान के अनुच्छेद 123 के तहत अध्यादेश बनाने की शक्तियों का एक अनुचित और असंवैधानिक दुरुपयोग है।

आज सुनवाई के दौरान वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि अध्यादेश दिल्ली के मुख्य सचिव को दिल्ली की चुनी हुई सरकार की अवज्ञा करने की छूट देता है। उन्होंने मांग की, ऑक्सफोर्ड, कैम्ब्रिज आदि द्वारा नियुक्त किए गए स्वतंत्र सलाहकारों को एलजी ने निकाल दिया है। इस अदालत ने कितनी बार

» पेज 2 भी देखें

एक और ज्योति मौर्या जैसा मामला अब झारखंड में भी प्रकाश में आया

## पुलिस की नौकरी मिली तो सात साल की शादी को नकारा



- क्वार्टर और गांव में जाकर काफी हंगामा किया
- ससुराल के कई लोगों पर रेप का केस दर्ज
- पति और उसके बहनोई जेल भेजे गये हैं

कुलदीप कुमार

**इचाक:** इचाक थाना क्षेत्र के डुमरौंन गांव में ज्योति मौर्या का मिलता-जुलता कहानी देखने को मिल रही है। राजू प्रसाद मेहता उम्र 30 वर्ष पिता त्रिलोकी महतो का विवाह 7 वर्ष पूर्व बेबी कुमारी उम्र 28 वर्ष पिता रामा महतो ग्राम लुपुंग से हुआ था। बेबी कुमारी का बचपन से लालन-पालन एवं आना-जाना मामा घर पबरा से लगाव है। शादी होने के बाद पांच वर्ष तक संबंध ठीक-ठाक चला। बेबी कुमारी फिलहाल झारखंड पुलिस के पद पर डीआईजी ऑफिस हजारीबाग में कार्यरत है। बेबी कुमारी प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए रांची कुछ दिनों के लिए गई थी। जब वह पुनः हजारीबाग प्रशिक्षण प्राप्त कर आपने क्वार्टर में लौटी तो अपने पति राजू मेहता को देखकर आग बबूला हो गई एवं मारपीट कर एवं यह कहते हुए वहां क्वार्टर से भाग जाओ, तुम मेरा पति नहीं हम दूसरे शादी कर लिए हैं। किसी तरह से वहां से राजू मेहता निकला और अपने बहनोई के यहां बाबू गांव आधी रात में पहुंचा। राजू मेहता ने आपबीती अपने बहन को सुनाया पुनः दूसरे दिन राजू मेहता की पत्नी बेबी कुमारी गांव भी जाकर घंटों हो हंगामा किया। वहां हंगामा होने के दौरान स्थानीय पीसीआर पुलिस एवं पबरा गांव के मुखिया रंजीत रजक ने समझौता कर बेबी कुमारी को अपने क्वार्टर में छोड़ दिया । इसके बाद बेबी कुमारी के द्वारा 8 जुलाई को कोर्रा थाना में अपने पति सहित

» पेज 2 भी देखें

सी वोटर ने बंगाल में एक्जिट पोल के नतीजा जाहिर किया

## मतों की गिनती के पूर्व ही टीएमसी की गाड़ी आगे

राष्ट्रीय खबर

**कोलकाता:** बंगाल में पंचायत चुनाव में कुछ सीटों पर आज दोबारा मतदान होना है। इसके बीच ही इस चुनाव में मतदाताओं के मिजाज पर सी वोटर ने अपना एक्जिट पोल किया था। इस एक्जिट पोल में क्षेत्रवार को अनुमान व्यक्त किया गया है, उससे संकेत मिलते हैं कि इस चुनाव में भी टीएमसी ने भाजपा को काफी पीछे छोड़ दिया है। सी वोटर के एग्जिट पोल में कहा गया है कि 21 सीटों वाली दक्षिण दिनाजपुर जिला परिषद में तृणमूल कांग्रेस को 11 से 15 सीटें मिलने की संभावना है। वहीं भाजपा को 6 से 10 सीटें मिल सकती हैं। वहीं, लेफ्ट-कांग्रेस के खाते में शून्य से 1 सीट जा सकती है। वोटर सर्वे के मुताबिक, नदिया में तृणमूल को मजबूत बढ़त हासिल है। सी वोटर सर्वे के मुताबिक इस पंचायत चुनाव 2023 में कुल 26 सीटों में से तृणमूल के पास 19 से 25 संभावित सीटें, भाजपा के पास 0 से 4 संभावित सीटें, लेफ्ट और कांग्रेस के पास 0 से 3 संभावित सीटें हैं। पूर्वी मेदिनीपुर में जिला परिषद की 70 सीटें हैं। सी वोटर एग्जिट पोल के मुताबिक वहां तृणमूल को 35-45 सीटें मिल सकती हैं। भाजपा 26-32 सीटों पर कब्जा कर सकती है। लेफ्ट और कांग्रेस के पास 0-2 सीटें हो सकती हैं। सी वोटर सर्वे के

» पेज 2 भी देखें



### सी वोटर के सर्वे के मुताबिक

दक्षिण 24 परगना की कुल 85 जिला परिषद सीटों में से तृणमूल को 59 से 69 सीटें मिल सकती हैं। भाजपा के पास 14 से 20 सीटें रह सकती हैं। मुर्शिदाबाद जिला परिषद में सीटों की संख्या 78 है। वहां तृणमूल को 39-49 सीटें मिल सकती हैं। भाजपा को 0 से 4 सीटें मिल सकती हैं। लेफ्ट-कांग्रेस को 26-36 सीटें मिल सकती हैं। सी वोटर के सर्वे के मुताबिक पुरुलिया जिला परिषद में कुल सीटों की संख्या 45 है। इसमें से तृणमूल को 22 से 32 सीटें मिल सकती हैं। भाजपा को 10 से 16 सीटें मिल सकती हैं। लेफ्ट-कांग्रेस को 0 से 4 सीटें मिल सकती हैं। सी वोटर एग्जिट पोल से पता चलता है कि कूचबिहार जिला परिषद पर भाजपा का कब्जा हो सकता है। शाम 4 बजे तक एकत्र किए गए आंकड़ों के आधार पर, एग्जिट पोल से पता चलता है कि भाजपा कूच बिहार में 18-22 जिला परिषद सीटों पर कब्जा कर सकती है। वहीं, 11-17 जिला परिषद सीटों पर तृणमूल का कब्जा हो सकता है। कांग्रेस और लेफ्ट 0 से 1 सीटों पर कब्जा कर सकते हैं।

## टमाटर की लूट रोकने के लिए विक्रेता ने बाउंसर नियुक्त किए



**नईदिल्ली:** उत्तर प्रदेश में टमाटर लगभग 160 रुपये प्रति किलो बिक रहा है। इसी बीच एक रोचक खबर उत्तर प्रदेश के वाराणसी से आयी है। वहां एक सब्जी विक्रेता ने ग्राहकों को टमाटर खरीदने आने से रोकने के लिए बाउंसरों को काम पर रखा है, जिनकी कीमत पिछले कुछ दिनों में भारी वृद्धि हुई है। दुकानदार का नाम अजय फौजी है। उसने कहा, मैं लोगों के बीच टमाटर की कीमत पर बहस के बारे में सुनता रहा। मेरी दुकान पर भी लोगों ने मोलभाव करने की कोशिश की। इसलिए लगातार होने वाली बहस को खत्म करने के लिए, मैंने अपनी गाड़ी पर वर्दी में बाउंसर तैनात करने का फैसला किया। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता फौजी ने इससे पहले समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन पर वाराणसी में टमाटर के आकार का केक काटा था। किसानों द्वारा टमाटर की चोरी रोकने के लिए गंभीर कदम उठाने की ऐसी ही घटनाएं कर्नाटक राज्य में भी सामने आईं। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि एक किसान ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि हासन जिले में उसके खेत से रात भर में 3 लाख रुपये के टमाटर चोरी हो गए हैं। यह घटना हासन के हलेबीडु शहर के पास गोनी सोमनहल्ली गांव की बताई गई है। किसान धरानी उर्फ सोमशेखर ने इस संबंध में हलेबीडु पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने कहा कि चोर 3 लाख रुपये कीमत के 90 बक्से टमाटर ले गए हैं - क्योंकि पहली गुणवत्ता वाले टमाटर की कीमत 150 रुपये प्रति किलोग्राम से अधिक हो गई है। टमाटर दो एकड़ भूमि में उगाया गया था और धरणीत ने फसल को चिक्कमगलूर बाजार में ले जाने और बेचने का फैसला किया था। किसानों को अपने खेतों में सोने और कटाई के लिए तैयार फसल की बारी-बारी से रखवाली करने के लिए मजबूर होना पड़ता है। मॉनसून की बारिश ने उनके लिए हालात और भी खराब कर दिए हैं।

भारत बांग्लादेश सीमा पर चार हजार से अधिक गैर कानूनी पशुबाजार

## दूसरे राज्यों से तस्करी पर मेघालय भेजा गया

- बांग्लादेश में बढ़ी मवेशियों की मांग
- सीमा सुरक्षा बल ने मवेशी जब्त किये
- कुबार्नी की ईद के मौके पर मांग बढ़ी



भूपेन गोस्वामी

**गुवाहाटी:** कुबार्नी की ईद के मौके पर बांग्लादेश में मवेशियों की मांग बढ़ गई थी, जिसके चलते पशु तस्करी के चलते भारत बांग्लादेश की असम और मेघालय के सीमा पर 4,000 से अधिक गैरकानूनी पशु बाजार लग गए थे। पशु तस्करी का यह बाजार अब तक चल रहा है। भारत-बांग्लादेश दोनों सरकारों को इस पशु तस्करी बाजार के बारे में आधिकारिक तौर पर जानकारी नहीं है।बांग्लादेश के मवेशी तस्कर ने ईद से पहले भारत से तस्करी कर लाई जा रही गायों और अन्य मवेशियों को बेचने के लिए असम और मेघालय भारत बांग्लादेश सीमा पर 4,000 से अधिक मवेशी बाजार स्थापित किए थे। अब बांग्लादेश सरकार मवेशियों के व्यापार के लिए एक डिजिटल प्लेटफॉर्म लॉन्च करने जा रही है।लेकिन बीएसएफ ने साफ कर दिया है कि अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ-साथ ट्रांस-बॉर्डर क्राइम और गैर-कानूनी गतिविधियों पर लगाम कसने के लिए भारतीय जवान पूरी तरह चौकन्ना हैं।आपको बता दें कि भारत से बांग्लादेश सीमा में बड़ी तादाद में गाय और दूसरे मवेशियों की स्मगलिंग होती है। पश्चिम बंगाल से लेकर असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिजोरम से सटी बांग्लादेश सीमा पर पशुओं की तस्करी की जाती है। कभी ये तस्करी कटीली तारों को पार करा कर की जाती है तो कभी भारत से बांग्लादेश की सीमा में जा रहे नदी-नालों के जरिए की जाती है।इस बीच, मेघालय से बांग्लादेश में कथित तौर पर मवेशियों की तस्करी करने वाले कुलियों का एक वीडियो ऑनलाइन सामने आया है।

सूत्रों के अनुसार, बांग्लादेश के सिलहट क्षेत्र के जैंतापुर के रास्ते हर दिन दर्जनों मवेशियों की तस्करी की जा रही है, जो कानून तोड़ रहे हैं और एक को खतरनाक

» पेज 2 भी देखें

**उपकरण डिजाइन** ❯ चिकित्सा विज्ञान में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का एक और सफल उपयोग

# ब्रेन ट्यूमर के ऑपरेशन में मददगार ए आई

- ऑपरेशन के दौरान डाक्टरों की मदद करता है
- इस नई विधि युक्त मशीन का नाम चार्म है
- अन्य रोगों में भी सटीक विश्लेषण करता है



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** इंसानी दिमाग अब भी डाक्टरों के लिए पहेली ही है। इसके काम काज पर पूरी जानकारी नहीं होने की वजह से अनेक दिमागी बीमारियों का ईलाज भी नहीं हो पाता। इसके बीच है वैज्ञानिकों ने एक एआई उपकरण डिजाइन किया है जो सर्जरी के दौरान ब्रेन ट्यूमर के डीएनए को तेजी से डिकोड कर-के उसकी आणविक पहचान निर्धारित कर सकता है। ट्यूमर के आणविक प्रकार को जानने से न्यूरोसर्जन को निर्णय लेने में मदद मिलती है जैसे कि मस्तिष्क के कितने ऊतकों को निकालना है और क्या ट्यूमर को मारने वाली दवाओं को सीधे मस्तिष्क में डालना है, जबकि रोगी अभी भी ऑपरेटिंग टेबल पर है। हार्वर्ड मेडिकल स्कूल के शोधकर्ताओं के नेतृत्व में काम पर एक रिपोर्ट 7 जुलाई को मेड जर्नल में प्रकाशित हुई है।

सटीक आणविक निदान, जो कोशिका में डीएनए परिवर्तनों का विवरण देता है, इससे सर्जरी के

» पेज 2 भी देखें

### सर्जरी के दौरान ट्यूमर की आणविक पहचान जानना भी मूल्यवान है

अध्ययन के वरिष्ठ लेखक कुन-हिसंग यू, जो एचएमएस में ब्लावाटनिक इंस्टीट्यूट में बायोमेडिकल इंफॉर्मेटिक्स के प्रोफेसर ने कहा, फिलहाल, यहां तक कि अत्याधुनिक क्लिनिकल प्रैक्टिस भी सर्जरी के दौरान ट्यूमर को आणविक रूप से प्रोफाइल नहीं कर सकती है। हमारा उपकरण जमे हुए पैथोलॉजी स्लाइड्स से अब तक अप्रयुक्त बायोमेडिकल संकेतों को निकालकर इस चुनौती पर काबू पा लेता है। यू ने कहा, सर्जरी के दौरान ट्यूमर की आणविक पहचान जानना भी मूल्यवान है क्योंकि कुछ ट्यूमर को ऑपरेशन के समय दवा-लेपित वेफर्स को सीधे मस्तिष्क में रखकर ऑन-द-स्पॉट उपचार से लाभ होता है। यू ने कहा, सर्जरी के दौरान वास्तविक समय में इंट्राऑपरेटिव आणविक निदान निर्धारित करने की क्षमता, वास्तविक समय सटीक ऑन्कोलॉजी के विकास को बढ़ावा दे सकती है।

## सोलोमन द्वीप पर चीन और अमेरिका आपस में उलझे



राष्ट्रीय खबर

**बीजिंग:** सोलोमन द्वीप प्रशांत महासागर में स्थित एक छोटा सा देश है। इस देश के प्रधान मंत्री मनश्शे सोगावर चीन के साथ एक विवादास्पद सुरक्षा समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद अपनी पहली यात्रा पर कल बीजिंग पहुंचे। श्री। सोगवार की यात्रा का उद्देश्य चीन के साथ उनके देश के रक्षा और आर्थिक संबंधों को मजबूत करना है। लेकिन बीजिंग के साथ उनके देश के मेलजोल ने पहले ही संयुक्त राज्य अमेरिका और उसके सहयोगियों के बीच गंभीर बेचैनी पैदा कर दी है। सोलोमन द्वीप ने चीन के साथ जिस सुरक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, उसके तहत चीन द्वीप राष्ट्र में अपने दूतावास की सुरक्षा बढ़ाने के लिए कई कदम उठा सकता है। पश्चिमी देशों को डर है कि इससे चीन को प्रशांत महासागर में अपना पहला स्थायी सैन्य अड्डा बनाने की अनुमति मिल जाएगी। सोलोमन द्वीप समूह

» पेज 2 भी देखें

**प्रशिक्षण** विधि निर्माण की प्रक्रिया एवं कार्यपालिका के दायित्व पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत

# विधायिका एवं कार्यपालिका के बीच बेहतर समन्वय जरूरी: मुख्यमंत्री

- लोकतांत्रिक व्यवस्था की मूल आत्मा संविधान में निहित
- विधि निर्माण की प्रक्रिया एवं कार्यपालिका का दायित्व महत्वपूर्ण विषय

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन आज झारखंड विधान सभा के सभागार में विधि निर्माण की प्रक्रिया एवं कार्यपालिका का दायित्व विषय पर आयोजित त्रिदिवसीय प्रशिक्षण के शुभारम्भ कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि विधि निर्माण की प्रक्रिया एवं कार्यपालिका का दायित्व एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आने वाले समय में बेहतर विधानसभा के संचालन में सहायक साबित होगी। इस अवसर पर संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम, विधान सभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो, विधायक लम्बोदर महतो सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि देश का संविधान एक ऐसा अद्भुत मिश्रण है जहां संसदीय प्रणाली को चलाने के लिए विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका जैसी संस्थाओं को अलग-अलग अधिकार दिए गए हैं। विधायिका देश एवं राज्य के लोगों के कल्याणार्थ विधेयक पारित करने, संशोधन प्रस्ताव लाने, नियम-कानून बनाने, नीति निर्धारण सहित कई कार्य करती हैं। कार्यपालिका सरकार द्वारा लायी गई इन नियम-कानून, नीतियों और कार्यक्रमों को लागू करने का काम करती है तथा न्यायपालिका कानूनों की व्याख्या एवं न्याय देने का काम करती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधायिका कार्यपालिका और न्यायपालिका जैसी संस्थाओं को समान सहयोगी के रुप में कार्य करने की जरूरत है। इन्हें एक दूसरे को साथ लेकर सही दिशा के साथ कार्य करनी चाहिए ताकि इनके द्वारा किए गए कार्यों का पूरा लाभ आम जनता को मिल सके।

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि झारखंड प्रदेश के लगभग 23 साल पूरे होने जा रहे हैं। नया राज्य होने के वजह से झारखंड विधान सभा को विधायिका का बहुत लंबा अनुभव नहीं है लेकिन अब यह जरूरी है कि स्थायी तौर पर विधायिका और कार्यपालिका एक बेहतर समन्वय और तालमेल के साथ कार्य करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम जनप्रतिनिधि चुनाव जीतकर आते हैं, सरकार बनाते हैं लेकिन कुछ व्यवस्थाएं स्थायी तौर पर कार्य करती हैं। इन स्थायी व्यवस्थाओं एवं संस्थाओं को राज्य में किसकी सरकार है इसकी चिंता नहीं करनी चाहिए, बल्कि व्यवस्थाएं निरंतर ठीक से चलती रहे इस पर चिंतन करने की आवश्यकता है। मैं समझता हूं कि कुछ चीजें निरंतर बिना रुकावट के चलती हैं और ये व्यवस्थाएं सुचारू रूप से कैसे चलें इस निमित्त यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विधायिका प्रणाली में हम सभी लोग विधान सभा के माध्यम से नियम बनाने से लेकर कई विधेयक पास कराने सहित कई अन्य महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। इन सभी नियम-कानूनों को कार्यपालिका व्यवस्था से होकर गुजरना पड़ता है। अतएव यह आवश्यक है कि विधायिका और कार्यपालिका के बीच एक बेहतर समन्वय स्थापित हो तभी सभी कार्य सुचारू एवं सुदृढ़ तरीके से पूरा हो सकेगी। जब विधायिका और कार्यपालिका के बीच समन्वय ठीक नहीं बन पाता है तब विधान सभा के अंदर कई सवाल खड़े होते हैं।

## संविधान जागार जातरा यात्रा के दूसरा चरण शुरू

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** संविधान जागार जातरा यात्रा के दूसरे चरण का कार्यक्रम मदरा मुंडा सुतियांबेगढ़ सिंगबोंगा जतरा स्थल से शुरू हुई। इसी क्रम में आज संविधान जागार जातरा यात्रा के प्रतिनिधियों ने मुख्य सचिव सुखदेव सिंह और मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल को संविधान की प्रस्तावना भेंट किया। मुख्य सचिव ने हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया है।इसके साथ साथ आज रांची विश्वविद्यालय के कुलपति अजीत सिन्हा और कुलसचिव एम सी मेहता से भी भेंट कर कालेजों में संविधान जागार जातरा यात्रा कार्यक्रम आयोजित करने का आग्रह किया गया जिसे कुलपति ने सहर्ष स्वीकार किया और सराहनीय कार्य बताते हुए कहा कि रांची विश्वविद्यालय के सभी कालेजों में यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसके लिए हर कालेजों को सूचित कर दिया जायेगा। आज पिठोरिया सुतियांबेगढ़, नवाटोली बाढ़ू सिंगबोंगा जतरा स्थल से दूसरे चरण की संविधान जागार जातरा यात्रा शुरू करते हुए पूर्व टीएसी सदस्य रतन तिर्की ने कहा कि दूसरे चरण में रांची के स्कूल कालेजों और शिक्षण संस्थाओं में संविधान की मूल भावना और मूल्यों की जानकारी दी जायेगी। उन्होंने बताया कि इसके अलावा प्रखंड कार्यालयों में भी संविधान की जानकारी व संविधान की प्रस्तावना पाठ किया जायेगा। प्रभाकर तिर्की ने कहा कि संविधान भी समाज समुदाय का एक मूल ग्रन्थ है जिसमें हर नागरिक को संवैधानिक अधिकार प्रदान किया गया है । इसलिए सभों को संवैधानिक जानकारी देने की आवश्यकता है।



**झारखंड भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने आज शाम नई दिल्ली में भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से शिष्टाचार मुलाकात की। श्री मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी का आशीर्वादऔर मार्गदर्शन हमेशा मिलता रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री जी का इस अनुराग केलिए आभार प्रकट किया।**

## झारखंड राजद के प्रधान महासचिव का सवाल: सहयोगी दल के नेता बताएं महागठबंधन में राजद के क्या हैं हक?

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** झारखंड राष्ट्रीय जनता दल के प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव ने मीडिया में आ रही उन खबरों को बेबुनियाद करार दिया है, जिसमें कहा जा रहा था कि वह राष्ट्रीय नेतृत्व से नाराज चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद से उनका खून का रिश्ता रहा है। राजनीति में वह रहें या नहीं, लेकिन लालू-राबड़ी परिवार से उनकी नाराजगी हो ही नहीं सकती।राज्य में बोर्ड निगम में राजद को तरजीह नहीं मिलने और नाम मांगें जाने पर राजद की ओर से नाम नहीं भेजने के सवाल पर संजय प्रसाद यादव ने कहा कि राजद इतनी बड़ी पार्टी है, ऐसे में किसी एक पद के लिए नाम कैसे भेजा जा सकता है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन में शामिल दलों को यह बताना चाहिए कि अलायंस में राष्ट्रीय जनता दल का हक क्या है?पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आज मीडिया से रूबरू होते हुए संजय प्रसाद यादव ने कहा कि भाजपा और महागठबंधन के ही कुछ नेताओं के इशारे पर यह खबर दिखाया जा रहा है कि वह पार्टी से नाराज चल रहे हैं। जिस व्यक्ति से मुलाकात और रांची के कार्यक्रम में उपस्थित नहीं रहने का हवाला दिया जा रहा है, वह भी ठीक नहीं है। राजद नेता ने कहा कि पूरे राज्य में राजद संगठन के विस्तार में वह लगे हुए हैं। ऐसे में सिर्फ रांची में बैठकर प्रदेश भर की राजनीति नहीं की जा सकती है।राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रधान महासचिव संजय सिंह यादव ने कहा कि कोई भी फोन करके बोर्ड आयोग के लिए एक नाम मांग दें और हम नाम दे भी दें, ऐसा नहीं होता। युपीए की बैठक होनी चाहिए, जिसमें पहले सहयोगी दल यह तय करें कि महागठबंधन में राजद के क्या हक हैं। हमारी बड़ी पार्टी है। एक का नाम देकर हम पार्टी के अंदर घमासान नहीं करा सकते।राजद नेता ने कहा कि हेमंत सोरेन दो-दो बार के मुख्यमंत्री हैं। राज्य में महागठबंधन के नेता के रूप में सबको साथ लेकर चल रहे हैं। ऐसे में राजद के नेता-कार्यकर्ता किसी पद के लिए महागठबंधन के साथ नहीं है। हमारा लक्ष्य सत्ता से भाजपा को दूर रखना है। पलामू लोकसभा सीट पर कांग्रेस एससी विभाग के दावे पर उन्होंने कहा कि किसी सीट पर दावा करने के लिए हर कोई स्वतंत्र है। लेकिन अंतिम फैसला तो तीनों दलों के सर्वोच्च नेता को लेना है।

## मुख्यमंत्री स्पष्ट करें कि पंकज मिश्रा अभी भी उनके विधायक प्रतिनिधि है या नहीं

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जानना चाहा की बरहेट से उनके विधायक प्रतिनिधि के रूप में अभी भी पंकज मिश्रा कार्यरत है या नहीं?प्रतुल ने कहा कि ईडी ने अपनी चार्जशीट में पंकज मिश्रा को 1000 करोड़ से ज्यादा के खनन घोटाले का किंगपिन बताया था। पंकज मिश्रा के बिजनेस पार्टनरों के घर में छापे में करोड़ों रुपयों कैश की बरामदगी हुई थी।पंकज मिश्रा ने अपने हिरासत की अवधि में भी सरकारी तंत्र का दुरुपयोग करके प्रदेश के आला अधिकारियों से मोबाइल से संपर्क साधा था। प्रतुल ने कहा की हाल के दिनों में पंकज मिश्रा के अन्य करीबी घोटालेबाज भगवान भगत, कृष्णा,टिंकल भगत को भी गिरफ्तार किया।इन्होंने लाखों रुपए पंकज मिश्रा के अकाउंट में अवैध रूप से ट्रांसफर किया था। मुख्यमंत्री अपने सरकार के पहले दिन से इस बात का दावा करते हैं कि भ्रष्टाचार के प्रति कोई समझौता नहीं करेंगे।लेकिन अभी तक प्राप्त जानकारी के अनुसार पंकज मिश्रा उनके विधायक प्रतिनिधि के तौर पर काम कर रहे हैं। प्रतुल ने मुख्यमंत्री से मांग किया की वह स्थिति स्पष्ट करें कि पंकज मिश्रा को उन्होंने हटा दिया है या तमाम घोटाले के बावजूद अभी भी वो उनके आधिकारिक विधायक प्रतिनिधि बने हुए हैं?

**राजनीति** झारखंड में भ्रष्टाचार का संचालन कर रही सरकार

# खुद सीएम हेमंत सोरेन कर रहे नेतृत्व: सुदेश महतो

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश महतो ने दुमका में हेमंत सरकार पर तीखा निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि राज्य में जो भ्रष्टाचार व्याप्त है उसे यह सरकार संचालित कर रही है और मुख्यमंत्री उसका नेतृत्व कर रहे हैं। हेमंत सरकार ने जो कमिटमेंट किया था वे खुद बताये किसे पूरा किया।

सुदेश महतो ने कहा कि झारखंड में जो भ्रष्टाचार व्याप्त है उसका संचालन खुद राज्य सरकार के द्वारा किया जा रहा है। सूबे के मुखिया खुद इसका नेतृत्व कर रहे हैं। केंद्रीय जांच एजेंसी उन्हें भी पूछताछ के लिए बुला चुकी है। हेमंत सोरेन के पास भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई के लिए अपनी भी सिस्टम थी, एजेंसी थी, इसके बावजूद उन्होंने इस पर लगाम नहीं लगाया। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि सरकार बताए कि कितने अधिकारियों पर भ्रष्टाचार को लेकर उन्होंने कार्रवाई की। सुदेश महतो ने कहा कि आज यह सरकार जो आरोप लगाती है कि भारत सरकार केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल कर रही है तो ऐसी नौबत क्यों आई? दरअसल राज्य सरकार का सिस्टम भ्रष्टाचार पर लगाम ही नहीं लगा पाया। आजसू पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा कि हेमंत सरकार ने अपना एक भी कमिटमेंट में पूरा नहीं किया है। उन्होंने चुनौती दी कि सरकार बताए कि कौन सा वादा उन्होंने पूरा किया। साथ ही साथ सुदेश महतो ने कहा कि इस संथालपरगना में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से गुरुजी और उनके परिवार का 40 वर्षों से शासन रहा है। वे बताएं कि ट्राइबल के लिए उन्होंने क्या किया, जनता के उत्थान के लिए क्या कदम उठाए? सुदेश महतो ने कहा कि इस राज्य में ओबीसी के साथ न्याय नहीं हो रहा है। हम लोग जातिगत जनगणना की मांग इसलिए करते हैं ताकि उस अनुरूप समाज में लोगों को उनका हक प्राप्त हो। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव तो इस सरकार ने बिना ओबीसी का आरक्षण क्लियर कराये करा लिया। उनकी मंशा नगर निकाय चुनाव को भी इसी तरह कराने की थी लेकिन हम लोग कोर्ट में चले गए। सुदेश महतो ने यहां तक कह डाला कि यह सरकार एंटी ओबीसी है। सुदेश महतो ने कहा कि हम अपनी आजसू पार्टी के संगठन को मजबूत कर रहे हैं। पूरे राज्य में इसे लेकर अभियान चलाया जा रहा है। गांव-पंचायत स्तर पर हम लोग पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले चुनावों में भाजपा के साथ किन शर्तों पर समझौता होगा यह अभी नहीं बताया जा सकता है।

## पेज एक का शेष

### आप सरकार की याचिका .. ..

संसद के अधिनियम पर रोक लगाई है, अध्यादेश की तो बात ही छोड़िए? संविधान के फैसले को कैसे रद्द किया जा सकता है। सिंघवी ने इस पर रोक लगाने की भी मांग की। केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल (एसजी) तुषार मेहता ने कहा कि सलाहकारों को हटाने का फैसला कुछ चौंकाने वाले तथ्यों पर आधारित था। पीठ ने स्पष्ट किया, हम सोमवार को सुनवाई करेंगे।

### पुलिस का नौकरी .. ..

सास-ससुर एवं युवक के चाचा बहनोई बहन समेत 9 आदमी पर मामला दर्ज यह कहते हुए कर दिया कि पति पर चार लाख रुपया मांगने एवं अन्य व्यक्तियों पर रेप केस संबंधी मामला दर्ज करा दिया। इस संबंध में युवक का पिता त्रिलोकी महतो ने कहा कि मामला प्रेम प्रसंग का है । जो हमारी बहू का आना जाना अपने मामा सुरेश मेहता के पास रांची (पुलिस पद पर कार्यरत है) लगा रहता है। अपने भगिनी बेबी कुमारी से नाजायज संबंध बनाए रखा है । बहू बेबी कुमारी हमारे पुत्र से कई बार तलाक मांग चुकी है । नहीं देने पर आज मामला तूल पकड़ रहा है । युवक राजू मेहता एवं बहनोई महेंद्र मेहता को पुलिस गिरफ्तार कर 9 जुलाई को जेल भेज दिया। बेबी कुमारी 2 बच्चे की मां भी है। रिशु मेहता उम्र 6 वर्ष, गुनगुन कुमारी उम्र डेढ़ वर्ष है। युवक के पिता त्रिलोकी महतो ने इचाक थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगायी है।

### मतों की गिनती के पूर्व ही .. ..

मुताबिक, बांकुड़ा में तृणमूल आगे है बांकुड़ा जिला परिषद में कुल सीटों की संख्या 56 है। इसमें से तृणमूल को 37 सीटें मिलने की संभावना है। भाजपा को 9 से 15 सीटें मिल सकती हैं। लेफ्ट-कांग्रेस गठबंधन को 0 से 3 सीटें मिल सकती हैं। झाड़ग्राम जिला परिषद में सीटों की कुल संख्या 19 है। मतदान के बाद सी वोटर का सर्वे कहता है कि इस बार भी तृणमूल आगे चल रही है। सत्ताधारी पार्टी को 13-17 सीटें मिल सकती हैं। झारग्राम में गेरुआ खेमे को 2-6 सीटें, लेफ्ट और कांग्रेस को 0-1 सीटें मिल सकती हैं। शाम 4 बजे तक हुए मतदान के आधार पर सी वोटर के सर्वे का अनुमान है कि अलीपुरद्वार की कुल 18 जिला परिषद सीटों में से तृणमूल को 4 से 8 सीटें मिल सकती हैं। भाजपा 10 से 14 सीटें अपने पास रख सकती है। लेफ्ट और कांग्रेस गठबंधन के हिस्से में 0-1 सीटें आ सकती हैं। सर्वे के आंकड़ों के मुताबिक, बीरभूम जिला परिषद में कुल सीटों की संख्या 52 है। उसमें से 34 से 44 सीटों पर तृणमूल का कब्जा हो सकता है। भाजपा को 6 से 12 सीटें मिल सकती हैं। लेफ्ट-कांग्रेस 0 से 5 सीटें जीत सकती हैं। यहां बता दें कि पंचायत चुनाव से पहले ही 2022 में बीरभूम में सीटों की संख्या 42 से बढ़कर 52 हो गई थी। पश्चिमी मेदिनीपुर में जिला परिषद की 60 सीटें हैं। वहीं सी वोटर एग्जिट पोल के मुताबिक तृणमूल को 31-41 सीटें मिल सकती हैं। भाजपा 19-25 सीटों पर कब्जा कर सकती है। लेफ्ट और कांग्रेस के पास 0-4 सीटें रह सकती हैं।

### दूसरे राज्यों से .. ..

परिस्थितियों में डाल रहे हैं। गौरतलब है कि ज्यादातर मवेशियों को उत्तर प्रदेश और बिहार से तस्करी कर के बाद में मेघालय भेजा गया था और जहां से अंतरराष्ट्रीय सीमा के रास्ते बांग्लादेश में बेचा जाता था। सूत्रों ने पुष्टि की है कि गायों के कूबड़ पर संख्या और अक्षर लिखे गए हैं, जो जानवरों की क्रूरता की एक दिलचस्प कहानी का खुलासा करते हैं। तस्करों द्वारा भारत की ओर संख्या और वर्णमाला मुद्रित की जाती है, जबकि दूसरी तरफ कुली उनका उपयोग कोड संख्या और वर्णमाला द्वारा तस्करी किए गए मवेशी खरीदारों की पहचान करने के लिए करते हैं। सीमा सुरक्षा बल ने मेघालय में भारत-बंगलादेश सीमा पर कल रात 1618 मवेशी जब्त किये।

### ब्रेन ट्यूमर के ऑपरेशन .. ..

दौरान न्यूरोसर्जन को यह तय करने में मदद मिल सकती है कि मस्तिष्क के कितने ऊतक को निकालना है। जब ट्यूमर कम आक्रामक होता है तो बहुत अधिक निकालने से रोगी के तंत्रिका संबंधी और संज्ञानात्मक कार्य प्रभावित हो सकते हैं। इसी तरह, जब ट्यूमर अत्यधिक आक्रामक हो तो बहुत कम हटाने से घातक ऊतक निकल सकते हैं जो तेजी से बढ़ सकते हैं और फैल सकते हैं।

अब उपयोग किए जाने वाले मानक इंट्राऑपरेटिव डायग्नोस्टिक दृष्टिकोण में मस्तिष्क के ऊतकों को लेना, इसे फ्रीज करना और माइक्रोस्कोप के तहत इसकी जांच करना शामिल है। एक बड़ा दोष यह है कि ऊतक के जमने से माइक्रोस्कोप के नीचे कोशिकाओं की उपस्थिति बदल जाती है और मूल्यांकन की सटीकता में हस्तक्षेप हो सकता है। चार्म (क्रायोसेक्शन हिस्टोपैथोलॉजी असेसमेंट एंड रिव्यू मशीन) नामक उपकरण अन्य शोधकताओं के लिए निःशुल्क उपलब्ध है। इसे अभी भी वास्तविक दुनिया की सेटिंग में परीक्षण के माध्यम से चिकित्सकीय रूप से मान्य किया जाना है और अस्पतालों में तैनाती से पहले एफडीए द्वारा मंजूरी दी जानी है।

चार्म को तीन अलग-अलग रोगी आबादी के ग्लियोमा वाले 1,524 लोगों के 2,334 ब्रेन ट्यूमर नमूनों का उपयोग करके विकसित किया गया था। जब मस्तिष्क के नमूनों के पहले कभी न देखे गए सेट पर परीक्षण किया गया, तो उपकरण ने 93 प्रतिशत सटीकता पर विशिष्ट आणविक उत्परिवर्तन वाले ट्यूमर की पहचान की और अलग-अलग आणविक विशेषताओं वाले तीन प्रमुख प्रकार के ग्लियोमा को सफलतापूर्वक वगीर्कृत किया, जो अलग-अलग पूवार्नुमान लगाते हैं और उपचार के लिए अलग-अलग प्रतिक्रिया देते हैं।

### सोलोमन द्वीप पर चीन .. ..

को लेकर चीन और अमेरिका के बीच प्रतिस्पर्धा के बीच वाशिंगटन ने वहां अपना दूतावास फिर से खोल दिया है। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान सोलोमन द्वीप में गुडलकैनाल द्वीप अमेरिकी सैन्य अड्डे का घर था। हालाँकि, प्रधान मंत्री मानसिह सोगावरे का कहना है कि वह संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन के बीच बढ़ती प्रतिद्वंद्विता में तटस्थ रहना चाहते हैं और वह अपने देश के विकास को प्राथमिकता दे रहे हैं। इस समझौते ने संयुक्त राज्य अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और कुछ निकटवर्ती पड़ोसी देशों को बहुत चिंतित कर दिया है। प्रशांत महासागर में सोलोमन द्वीप का स्थान रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है। पश्चिमी देशों को शक है कि चीनी नौसेना की इस द्वीप के आसपास कोई बड़ी योजना है।

सोलोमन द्वीप की चीन के साथ बढ़ती निकटता से चिंतित वाशिंगटन ने पिछले महीने जल्दबाजी में पापुआ न्यू गिनी के साथ एक रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए। सोलोमन द्वीप को 45 साल पहले ब्रिटेन से आजादी मिली थी। पिछले शुक्रवार को आजादी की 45वीं वर्षगांठ पर प्रधानमंत्री सोगावारे ने अपने भाषण में कहा कि बड़े देश उनके देश में प्रभाव जमाने के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं, लेकिन वह अपने देश के बुनियादी ढांचे के विकास को अधिक महत्व दे रहे हैं। उन्होंने कहा, हम तटस्थ रहना चाहते हैं, क्योंकि किसी भी देश का पक्ष लेना हमारे देश या लोगों के हितों के लिए अच्छा नहीं होगा। हमारे देश का विकास ही हमारा राष्ट्रीय हित है। उन्होंने कहा कि राजधानी होनियारा के बाहर अन्य क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे का विकास भी बहुत महत्वपूर्ण है। इस बीच चीनी टेलीकॉम दिग्गज हुआवेई पहले से ही 66 मिलियन डॉलर की लागत से सोलोमन द्वीप में एक सेलुलर नेटवर्क का निर्माण कर रही है। इसे चीन के एक्ज़िम बैंक द्वारा वित्तपोषित किया जा रहा है। पश्चिमी विश्लेषकों को डर है कि महज सात करोड़ लोगों का यह देश चीन के कर्ज के जाल में फंसने वाला है। चीन की सात दिवसीय यात्रा के दौरान श्री। सोगावारे बीजिंग में अपने देश के दूतावास का उद्घाटन करेंगे। दोनों देशों के नेता इस यात्रा के दौरान विभिन्न अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा करेंगे। एक स्थानीय टेलीविजन चैनल के साथ एक साक्षात्कार में श्री सोगावारे ने कहा कि उनका देश एक समय ऑस्ट्रेलियाई सहायता पर निर्भर था। वे चीन, भारत और विभिन्न खाड़ी देशों के साथ सहयोग के नए रास्ते खोजना चाहते हैं। उन्होंने ताइवान से रिश्ते तोड़कर चीन से रिश्ते कायम कर लिए।

## शहर >> अपडेट

### रूपाली ने जीता एक स्वर्ण व एक कांस्य

**रांची:** झारखंड तैराकी संघ की ओर से खेलगांव स्थित मेगा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के वीर बुधु स्टेडियम में आयोजित किया गया है। इसमें राज्य स्तरीय जूनियर, सब जूनियर तैराकी प्रतियोगिता में जनकल्याण समर्पण संस्थान सिकीदिरी की रूपाली जायसवाल ने 50 मीटर बटर फ्लाई में स्वर्ण पदक व 50 मीटर बैक स्ट्रोक में कांस्य पदक जीता। जबकि, श्रद्धा जायसवाल ने 100 मीटर बैक स्ट्रोक में रजत पदक जीत कर संस्था का नाम रौशन किया। इस सफलता पर संस्थान के अध्यक्ष सुजीत कुमार ने बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। बधाई देने वालों में परियोजना प्रबंधक विनय अंगिरा, कार्यपालक अभियंता संजय सिंह, रमण कुमार, दिलीप कुमार, मुरली मनोहर सिंह शामिल हैं।

**सौगात** झारखंड को मिलेगी एक और सेमी हाई स्पीड ट्रेन

# रांची-हावड़ा के बीच जल्द दौड़ेगी वंदे भारत

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** पटना-रांची वंदे भारत एक्सप्रेस के बाद एक और वंदे भारत की सौगात झारखंड को मिलने जा रही है। रांची और हावड़ा के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस जल्द ही दोनों राज्यों के बीच के सफर को आसान बनायेगी। रेलवे ने इसके लिए रुट निर्धारित कर लिया है। रांची से वंदे भारत मूरी, बोकारो, धनबाद होते हुए हावड़ा तक जायेगी।

इसी तरह हावड़ा से भी यह ट्रेन इसी रुट से वापस आयेगी।जानकारी के मुताबिक यह ट्रेन 6 घंटा 35 मिनट में रांची और हावड़ा के बीच की दूरी तय करेगी। अत्याधुनिक सुविधा से लैस यह वंदे भारत रांची से सुबह 5:20 बजे खुलेगी जो दिन में 11:55 मिनट पर हावड़ा पहुंचेगी। उसी तरह हावड़ा से यह ट्रेन अपराह्न 3:30 बजे खुलेगी जो रांची रात 10:10 में पहुंचेगी। संभावना है कि 15 अगस्त से पहले रांची-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस का परिचालन शुरू हो जायगा। इससे पहले रेलवे द्वारा तीन ट्रायल रन इस गाड़ी का होगा।

उसके बाद नियमित परिचालन के लिए तारीख निर्धारित की जायेगी। रांची रेल मंडल के सीनियर डीसीएम निशांत कुमार के अनुसार रांची हावड़ा के बीच चलने वाली वंदे भारत को लेकर तारीख अभी निर्धारित नहीं हुई है।

रेल मंत्रालय से इस संबंध में रांची रेल मंडल को जानकारी नहीं दी गई है।वंदे भारत ट्रेन में यात्रियों की संख्या कम होने की वजह से आर्थिक नुकसान झेल रहे रेलवे को रेल यात्री संघ ने नये वंदे भारत चलाने से पहले आर्थिक समीक्षा करने की सलाह दी है। रेल यात्री संघ के अध्यक्ष प्रेम कटुरुका ने कहा है कि जिस तरह से पटना-रांची एवं अन्य शहरों में चल रहे वंदे भारत एक्सप्रेस में यात्रियों की कमी देखी जा रही है उससे रेलवे को आर्थिक क्षति उठाते हुए यात्री भाड़ा में भी कमी करनी पड़ी है, वैसी स्थिति में कोई भी नई वंदे भारत चलाने से पहले इसका आर्थिक सर्वे जरूर करना चाहिए। रांची-हावड़ा के बीच शताब्दी से लेकर कई ट्रेन चलती हैं ऐसे में नई गाड़ी वंदे भारत चलाने से पहले रेलवे को जरूर आकलन करना चाहिए।



पूर्व डीसी छवि रंजन की जमानत पर

## ईडी कोर्ट में एक सप्ताह बाद होगी सुनवाई

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** बरियातू रोड स्थित सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की अवैध तरीके से खरीद बिक्री मामले में रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन की जमानत याचिका की सुनवाई सोमवार को ईडी कोर्ट में हुई। मामले में ईडी की ओर से बेल पिटीशन पर जवाब दाखिल करने के लिए 10 दिन के समय की मांग की गई। कोर्ट ने जवाब के लिए एक सप्ताह की अनुमति दी। अब 1 सप्ताह बाद मामले की सुनवाई होगी। निलंबित आईएएस छवि रंजन की ओर से सीआरपीसी की धारा 167 के तहत एक पिटीशन दाखिल की गई थी जिस पर कोर्ट ने दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रख लिया है। सुनवाई के दौरान छवि रंजन की ओर से कोर्ट को बताया गया कि इस मामले में उनकी कोई संलिप्तता नहीं है, इसलिए उन्हें जमानत दी जाए।दरअसल, इस मामले को लेकर बरियातू थाना में कांड संख्या 14/ 2022 दर्ज किया गया है । ईडी ने भी इस मामले में ईसीआईआर 1/ 2023 दर्ज कर अनुसंधान कर रही है। बता दें कि इस मामले में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन और बड़गाई के राजस्व कर्मचारी सहित 18 लोगों के 22 ठिकानों पर 13 अप्रैल को ईडी ने छापेमारी हुई थी। इस दौरान बड़ी संख्या में जमीन के फर्जी डीड , मुहर एवं अन्य कागजात ईडी को मिले थे। बाद में 14 अप्रैल को ईडी ने पहले सात आरोपियों को और बाद में 4 मई को पूर्व डीसी छवि रंजन को गिरफ्तार किया गया था।

सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड सरकार को ईडी के गवाह

## मुंगेरी यादव को तत्काल जेल से रिहा करने का दिया आदेश

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड सरकार को ईडी के गवाह मुंगेरी यादव को तत्काल जेल से रिहा करने का आदेश दिया है। शाम पांच बजे तक जेल से रिहा कर सुप्रीम कोर्ट को सूचित करने का आदेश कोर्ट ने दिया है। बता दें कि मुंगेरी यादव की गिरफ्तारी राजमहल थाने में दर्ज आर्म्स एक्ट के मामले में 29 जुलाई 2022 को हुई थी। साहिबगंज पुलिस ने रांची एयरपोर्ट के पास से उसकी गिरफ्तारी की थी। इसके अलावा 11 मार्च 2022 को रंजीत चौधरी नाम के व्यक्ति की ओर से दर्ज कराई गई एफआईआर में भी पुलिस कार्रवाई कर की थी। इसमें कहा गया था, कि 10 मार्च को समदाघाट से मनिहारी के लिए खुले मालवाहक फेरी सेवा पर रामपुर के पास गोलीबारी की गई थी। चौधरी ने इसमें मुंगेरी यादव समेत 18 नामजद और 20-25 अज्ञात को आरोपित बनाया था।ईडी के गवाह और साहिबगंज के चर्चित पत्थर व्यवसायी मुंगेरी यादव के खिलाफ बीते 12 अगस्त 2022 को सीसीए एक्ट लगा था। गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने जिला प्रशासन की ओर से इस संबंध में भेजे गए प्रस्ताव का अनुमोदन कर दिया था। आठ अगस्त 2022 को ही मुंगेरी यादव के खिलाफ सीसीए लगाने का प्रस्ताव उपायुक्त रामनिवास यादव ने गृह विभाग को भेजा था, 12 अगस्त को विभाग ने उसका अनुमोदन कर दिया।



## कृषि प्रसार के अच्छे कार्यों से नये व समृद्ध भारत का निर्माण करें : स्वामी भवेशानंद

राष्ट्रीय खबर

**रांची:**आईसीएआर अटारी, पटना के तत्वावधान में आयोजित कृषि विज्ञान केन्द्रों (केवीके) के तीन दिवसीय वार्षिक क्षेत्रीय कार्यशाला का समापन सोमवार को हुआ। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि आरके मिशन, रांची के सचिव स्वामी भवेशानंद ने झारखंड में पहलीबार केवीके क्षेत्रीय कार्यशाला के आयोजन को गौरव का अवसर बताया। उन्होंने केवीके को कृषि सबंधित प्रसार के अच्छे कार्यो से नये एवं समृद्ध भारत निर्माण को गतिमान करने पर जोर दिया। झारखंड में कृषि कार्यो से जुडी समृद्ध प्राकृतिक संसाधनों का उचित प्रबंधन एवं प्रदेश में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने पर बल दिया। मौके पर निदेशक, अटारी, पटना डॉ अंजनी कुमार ने सभी केवीके को जिला स्तर पर फार्म इनोवेशन परियोजना कार्यो को बढ़ावा देने तथा इनोवेटिव फार्मर्स के कार्यो का प्रसार गतिविधियों में सदुपयोग करने को कहा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022-23 में झारखंड एवं बिहार राज्य के सभी 68 कृषि विज्ञान केन्द्रों का प्रदर्शन सराहनीय रहा है। इसके बावजूद कार्यशाला के दौरान चिन्हित कमियों एवं सुझावों पर अविलंब ध्यान देनी होगी। आईसीएआर उपमहानिदेशक (प्रसार शिक्षा) डॉ यूएस गौतम द्वारा दिये गये निर्देशों का अनुपालन करने की जरुरत है। उन्होंने सभी केवीके को पिछले वर्ष प्राकृतिक खेती से जोड़े गये किसानों सहित अन्य किसानों को भी प्राकृतिक खेती से जोड़ने की बात कही। मौके पर निदेशक प्रसार शिक्षा, बिहार कृषि विवि, सबौर डॉ आरके सोहाने ने अटारी वेबसाइट पर केवीके गतिविधियों को अद्यतन करने, फील्ड प्रसार गतिविधियों का जियो टैग फोटोग्राफी करने तथा केवीके के वैज्ञानिक सलाहकार समिति में सुधार की जरुरत बताई। मौके पर निदेशक प्रसार शिक्षा, बीएयू , रांची डॉ जगरनाथ उरांव एवं सीशा के इंडिया हेड डॉ आरके मल्लिक ने भी अपने विचारों को रखा। इस अवसर पर केवीके, आरके मिशन रांची के दो उत्पाद दिव्यायन सीरियल्स मिल्स एवं दिव्यायन रागी लड्डू का अतिथियों ने विमोचन किया। इससे पूर्व कार्यशाला के तीसरे दिन के तकनीकी सत्र में झारखंड राज्य में बीएयू द्वारा संचालित केवीके झ बोकारो, चतरा, धनबाद, दुमका, पुर्वी सिंहभूम, गढ़वा, गिरिडीह, जामताडा , लातेहार, लोहरदगा, पाकुर, पलामू, साहिबगंज, सरायकेला झ खरसांवा, सिमडेगा एवं पश्चिमी सिंहभूम तथा आरके मिशन द्वारा संचालित केवीके, रांची के प्रधान - सह - वरीय वैज्ञानिकों ने अपने केन्द्रों का वर्ष 2022-23 का वार्षिक प्रगति प्रदर्शन प्रतिवेदन तथा वर्ष 2023-24 की कार्ययोजना को प्रस्तुत किया।



## झारखंड में धीमी पड़ी मानसून की रफ्तार

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** राज्य में मानूसन का विशेष असर नहीं देखा जा रहा है। जहां दिन में लोगों को धूप का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, कुछ जिलों में तापमान में अधिकता के कारण लोगों को गर्मी भी सता रही है। ऐसे में अभी भी लोगों को तेज बारिश का इंतजार है। हालांकि मानसून आगमन के साथ ही राज्य के कुछ जिलों में मूसलाधार बारिश हुई। लेकिन बारिश के बाद मौसम सामान्य हो जाने से लोगों को परेशानी हो रही है।वहीं, मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो राज्य में 15 जुलाई से सभी जिलों में बारिश की संभावना है। इसके पहले कुछ कुछ जिलों में अलग अलग समय में बारिश होगी। वहीं, ठंडी हवाएं चलने से लोगों को राहत मिलेगी। 11 और 12 जुलाई को राज्य के उत्तर पूर्वी भागों में बारिश की संभावना व्यक्त की गयी है। इसमें दुमका, गोड्डा, साहेबगंज, गिरिडीह समेत अन्य जिलों में बारिश होगी। इस दौरान इन जिलों में वज्रपात की भी संभावना है।मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो आने वाले पांच दिनों तक तापमान में वृद्धि नहीं होगी। इसके बाद तापमान में गिरावट दर्ज की जा सकती है। हालांकि 11 जुलाई तक राज्य का औसत अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। जबकि न्यूनतम तापमान 22 डिग्री तक रहने की संभावना है। 12 जुलाई के बाद तापमान में गिरावट दर्ज की जायेगी। जो 30 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज की जायेगी। इस दौरान न्यूनतम तापमान में भी कमी दर्ज की जायेगी। जो 28 डिग्री तक होने की संभावना है। राजधानी रांची की बात करें तो 15 जुलाई तक रांची में बादल छाये रहने की संभावना है। हालांकि कुछ हिस्सों में इस दौरान धूप भी निकलेगा।



**हस्तशिल्प** एलजीएम फिल्म का ट्रेलर और ऑडियो लॉन्च

## सबर जनजाति के स्टॉल पर पत्नी संग पहुंचे धोनी, हस्तशिल्प देखा

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** सोमवार को चेन्नई में धोनी ने एलजीएम फिल्म का ट्रेलर और ऑडियो लॉन्च किया। धोनी के अपने प्रोडक्शन हाउस धोनी एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड में बन रही इस तमिल फिल्म एलजीएम (लेट्स गेट मैरिड) के ट्रेलर लॉन्च के दौरान धोनी के साथ उनकी पत्नी साक्षी भी मौजूद थीं। चेन्नई रवाना होने से पहले रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर महेंद्र सिंह धोनी और उनकी पत्नी साक्षी ने सबर आदिम जन जाति के ह्यक्राफ्ट ट्राइब और सांथा हस्तशिल्प का देखा। धोनी को कारीगरों ने बताया कि 216 कारीगरों की क्राफ्ट ट्राइब प्रोड्यूसर कंपनी पंजीकृत हो गई है। जिसके अंशधारक वही कारीगर हैं और उनके सामान का ब्रांड नेम भी क्राफ्ट ट्राइब है। उनके द्वारा नई कशीदाकारी की शुरूआत भी की गई है जो झारखंड के संथाल जनजाति के नाम पर संथा रखा गया है। कारीगरों ने भेंट स्वरूप संथा की कशीदाकारी महेंद्र और साक्षी को प्रदान की। बता दें सबर कारीगरों के स्वयं सहायता समूहों को अवसर के तहत बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर अपने सामानों की बिक्री के लिए स्टॉल प्रदान की गई है। इस प्रोग्राम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर शुरूआत की गई है, ताकि सुदूर क्षेत्रों में रहनेवाले आदिवासी और आदिम जनजाति के कारीगरों को अपने सामानों की बिक्री के लिए प्लेटफॉर्म मिल सके। बता दें कि क्रॉफ्ट ट्राइब स्टॉल के प्रायोजक नाबार्ड है जो स्टॉल में आने वाले खर्च को वहन करने में वित्तीय सहायता देती है।



### परमवीर अल्बर्ट एक्का पुत्र व पुत्रवधू को संघ ने किया सम्मानित

**रांची :** परमवीर चक्र से सम्मानित शहीद अल्बर्ट एक्का के पुत्र विंसेंट एक्का एवं पुत्रवधू रजनी एक्का को कांके रोड स्थित विश्व संवाद केंद्र में सोमवार को आयोजित एक कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा सम्मानित किया गया। संघ के क्षेत्र संपर्क प्रमुख अनिल ठाकुर एवं गांधीनगर के संघचालक पंकज वत्सल ने उन्हें अंगवस्त्र एवं पुष्प गुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया। अल्बर्ट एक्का झारखंड के एकमात्र शहीद हैं जिन्हें देश की रक्षा हेतु अपना जीवन उत्सर्ग करने के लिए परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। विंसेंट एक्का ने कहा कि भारत माता की सेवा के लिए उनके परिवार का त्याग और समर्पण हमेशा जारी रहेगा। अल्बर्ट एक्का का परिवार जारी प्रखण्ड, गुमला में रहता है।

## न्यूज फटाफट

### तकनीकी प्लेटफार्म से जोड़कर शिक्षा को बना सकते हैं सरल और सुगम

**रांची:** संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग एंड एजुकेशन के आइक्यूएसी सेल के द्वारा एक दिवसीय व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। व्याख्यानमाला का विषय था नई शिक्षा नीति 2020 के आलोक में शिक्षक शिक्षा का भविष्य। व्याख्यानमाला के मुख्य वक्ता प्रो. एन के अंबष्ट (पूर्व अध्यक्ष, राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान) थे। अपने संबोधन में प्रो अंबष्ट ने कहा कि शिक्षक शिक्षा में नैतिक एवं चारित्रिक शिक्षा की परम आवश्यकता है। शिक्षा में नवाचार, अन्वेषण, शोध एवं परियोजना कार्य को बढ़ावा देना चाहिए। दीक्षा, स्वयं, स्वयं प्रभा और मूक आदि तकनीकी प्लेटफार्म से जुड़कर शिक्षा की पहुंच को सरल व सुगम बनाया जा सकता है। क्षेत्रीय भाषाओं में पाठ्यक्रम निर्माण को प्राथमिकता देनी चाहिए। बहु भाषा शिक्षण से समावेशी कक्षा को बढ़ावा दिया जा सकता है। शिक्षा में भाषा, ज्ञान परंपरा, संस्कृति, धरोहर को शामिल करके मल्टीडिसीप्लिनरी लर्निंग को बढ़ावा देना चाहिए। स्वागत अभिभाषण में संस्थान की निदेशिका डॉ रश्मि ने कहा कि शिक्षक शिक्षा को समावेशी बनाने की आवश्यकता है। कौशल निर्माण, परंपरागत ज्ञान एवं आधुनिक ज्ञान में सामंजस्य स्थापित करके, आत्मनिर्भर राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है। इस अवसर पर डॉ. बसवी किड़ो ने जनजातीय शिक्षा को नई शिक्षा नीति के संदर्भ में अभिव्यक्त किया। मौके पर बिरसा कॉलेज खूंटी की प्राचार्या जीके तीरू, शहीद शेख भिखारी बीएड कॉलेज की व्याख्याता डॉ मीरा प्रसाद व डॉ अंजू शर्मा और महाविद्यालय के सभी व्याख्याता और प्रशिक्षु शिक्षक उपस्थित थे।

### सदमा में 22 पड़हा समाज की हुई बैठक

**रांची** :ओरमांझी प्रखंड के सदमा में पड़हा भवन के समीप आदिवासी सरना 22 पड़हा समाज के कार्यकारणी समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता सदमा ओरमांझीकांके क्षेत्र के अध्यक्ष बाबूलाल महली ने किया। बैठक में मध्यप्रदेश के पेशाब कांड की कड़ी निंदा की गयी। आदिवासी 22 पड़हा ने कहा की यूसीसी का विरोध करते हैं और आगे भी करते रहेंगे। क्योंकि हमारा भारतीय संविधानिक अधिकार जैसे सीएनटी एक्ट एसपीटी एक्ट, रूढ़ीवादी शादी विवाह, पांचवी अनुसूची, छठी अनुसूची, पेशा कानून इत्यादि को केंद्र सरकार यानी भाजपा सरकार ने षड्यंत्र के तहत क्षति करने के लिए यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करने के लिए तैयार कर रहे हैं। यह यूनिफॉर्म सिविल कोड को कदापि लागू नहीं होने देंगे। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हमारे आदिवासी भाई को अपने आवास बुलाकर पैर हाथ धोने का जो काम किए हैं। वह केंद्र सरकार के इशारे पर ढोंग किया है। क्योंकि कुछ दिन यानी 2024 में लोकसभा व मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव होनी है। इसी के डर से पैर हाथ धोने की काम किए हैं। बैठक में बाबूलाल महली, रमेश चंद्र उरांव, रमेश उरांव, गीता कच्छप, हरिलाल मुंडा, झीरगा पाहन, रवि मुंडा, लोकन मुंडा, ललिता मुंडा, पम्मी मुंडा, भगत उरांव, खुदन मुंडा, रोशन मुंडा, मिटकू मुंडा और दिलेश्वर करमाली आदि शामिल थे।

### सत्यजीत रे सिल्वर अवार्ड का श्रेय कोयला मजदूरों को : रूपेश

**रांची:** झारखंड के युवा डॉक्यूमेंटरी फिल्म मेकर रूपेश साहू की फिल्म रैट ट्रैप को सत्यजीत रे सिल्वर अवार्ड फॉर सेकेंड बेस्ट डॉक्यूमेंटरी का अवार्ड मिला है। यह अवार्ड कोलकाता में आयोजित छठे साउथ एशियन शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल में मिला है। जिसमें साउथ एशिया के भारत, श्रीलंका, बांग्लादेश, पाकिस्तान सहित कई देशों के डॉक्यूमेंटरी फिल्मे प्रदर्शित की गई थी। रूपेश साहू ने अवार्ड को कोयला मजदूरों को समर्पित किया है। कहा कि यह सम्मान उन कोयला मजदूरों का सम्मान है, जिनके लिए यह फिल्म बनाई गई थी। इसके अलावा अखड़ा की पूरी टीम मेघनाथ सर, बीजू टोप्पो को भी इसका श्रेय जाता है। जिनके मार्गदर्शन और सहयोग से यह फिल्म बनी है। मेघनाथ सर का तो यह ड्रीम प्रोजेक्ट था। रैट ट्रैप उन लोगों की कहानी है जो चोरी छिपे कोयला चोरी करने पर विवश है। उन्हें चोरी करनी पड़ी है दो जून की रोटी के लिए। विडंबना यह है कि जिस जमीन पर आज कोयला खनन से कोयला कंपनियां और सरकार को करोडों रुपए का राजस्व मिल रहा है।

### पुलिस ने अभियान चलाकर वाहनों की सघन जांच की

रांची :राजधानी रांची में लगातार हो रही आपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए शहर भर में सोमवार को एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया। करम टोली के पास चलाए गए अभियान के दौरान रांची के सीटी डीएसपी अपनी टीम के साथ दो एवं चारपहिया वाहनों की जांच की। कागजात के साथ चालक की भी तलाशी ली गई। इसके अलावा अरगोड़ा चौक, बड़ा तलाब रोड, रातू रोड, आदि जगहों पर भी यह अभियान चलाया जा रहा है। बता दे कि रांची सिटी में अपराधियों ने बीते पांच दिनों में तीन बड़ी घटना को अंजाम दिया है। रांची के गैलेक्सी मॉल के पास संजय कुमार को गोली मारी गई, वहीं पुराना अरगोड़ा चौक के पास अंजीत कुमार गुप्ता को पैर पर गोली मारी गयी थी। दो दिन पहले ही चुटिया निवारणपुर के पास दो गुट मे जमकर मारपीट हुई, जिसमें दो युवक को पीटा गया। इन घटनाओं के बाद रांची पुलिस लगातार गस्ती और छापेमारी कर रही है। कई लोगों को संदेह के आधार पर कस्टडी में लेकर उनसे पूछताछ की जा रही है।

### मानव हृदय से कलीसिया की सुरक्षा और सेवा कार्य करें : विशप डांग

**रांची:** जीइएल चर्च का आज आटोनोमस दिवस गोस्सनर मीडिल स्कूल के परिसर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित मॉडरेटर बिशप जोहन डांग ने कहा कि आज हम कलीसिया की आटोनोमस का 104 वां वर्ष को मना रहे हैं। हमारे पूर्वजों ने स्वायतता की घोषणा की थी। इसका मतलब है हम खुद से कलीसिया के प्रशासन, संचालन, सुसमाचार प्रचार और सेवा के कार्य कर सकें। यहीं चार बातें हमारी कलीसिया के लिए स्तंभ है। इसी में बने रहने की आवश्यकता है। आज जरूरत है कि हम हृदय से कलीसिया की सुरक्षा व सेवा कार्य करें। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत रेव्ह बेंजामिन टोपनो ने प्रार्थना से की। मौके पर बिशप सीमांत तिर्की, अटल खेस सहित अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम में जीइएल चर्च के शिक्षण संस्थानों के छात्र छात्राओं के लिए खेल प्रतियोगिता एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। गौरतलब है कि प्रथम विश्वयुद्ध के दौरान जर्मन मिशनरियों को वापस जर्मनी लौटना पड़ा था। इसके बाद झारखंड के स्थानीय आदिवासी अगुओ ने 1919 में चर्च के संचालन का जिम्मा लिया। उसी की स्मृति में हर साल 10 जुलाई को आटोनोमस दिवस मनाया जाता है।

### 16 जुलाई को बनेगा बुधादित्य राजयोग

**रांची:** सूर्य हमारे सौर मंडल के सबसे मजबूत ग्रहों में से एक है और वैदिक ज्योतिष में भी इसका बहुत महत्व है। सूर्य की गति या गोचर का सभी राशियों पर प्रभाव पड़ता है और यह व्यक्तियों के स्वास्थ्य और समग्र कल्याण को प्रभावित करता है। सूर्य का कर्क राशि में गोचर 16 जुलाई 2023 को प्रातः 04:59 बजे हो रहा है। यह 17 अगस्त 2023, दोपहर 01:27 बजे तक इसी राशि में रहेगा। बुध ग्रह पहले से ही कर्क राशि में स्थिति है, इसीलिए सूर्य और बुध ग्रह की युति बुधादित्य राजयोग का निर्माण कर रही है। सूर्य दूसरी राशि में जाने से पहले प्रत्येक राशि में लगभग 1 महीने तक रहता है। जन्म के चंद्रमा से तीसरे, छठे, दसवें और ग्यारहवें घर में स्थित होने पर ग्रह जातकों के लिए सकारात्मक परिणाम लाता है। कर्क राशि पर चंद्रमा का शासन है और इसे सूर्य का मित्र भी कहा जाता है। जैसे ही सूर्य कर्क राशि में गोचर करेगा, कर्क राशि के जातकों का समय धीरे-धीरे बेहतर होगा क्योंकि सूर्य दूसरे भाव में ग्रह का स्वामी है। ग्रह की चाल से राशि वालों को शुभ परिणाम मिलेंगे और स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां भी नियंत्रण में रहेंगी। इससे विवाह में आने वाली परेशानियां भी दूर होती हैं और व्यापार में भी सकारात्मक परिणाम मिलते हैं।

## शहर >> अपडेट

### नाबालिग मोबाइल चोर गिरफ्तार

बुढ़मू : ठाकुरगांव थाना क्षेत्र के उरुगुट्टू बाजारटांड़ स्थित मोबाइल दुकान में पिछले दिनों हुए चोरी कांड का पुलिस ने खुलासा कर लिया है। थाना प्रभारी कृष्णा कुमार ने बताया कि उक्त घटना को गांव के ही दो नाबालिगों ने अंजाम दिया था। दोनों आरोपी उरुगुट्टू उच्च विद्यालय में पढ़ाई करते हैं। दोनों आरोपियों को सोमवार को बाल सुधारगृह भेजा जायेगा।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### वाहन चेकिंग अभियान चला

बुढ़मू : वरीय पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार बुढ़मू पुलिस ने थाना मोड़ में थाना प्रभारी के नेतृत्व में वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने दो पहिया ,चार पहिया वाहन चालक को रोक कर वाहन का जांच किया। और सभी वाहन चालकों को आवश्यक जानकारी। और दिशा निर्देश दिए। मौके पर बुढ़मू थाना प्रभारी कमलेश राय के साथ बुढ़मू पुलिस बल के जवान शामिल थे।

### प्रमुख ने ग्रामीणों के साथ की बैठक

बुढ़मू : बुढ़मू प्रखंड के राजकीय प्राथमिक विद्यालय गेसवे में प्रमुख सत्यनारायण मुंडा की अध्यक्षता में विद्यालय परिवार और ग्रामीणों की बैठक आयोजित की गयी। विद्यालय में रनिंग वाटर की समुचित व्यवस्था, शौचालय का घेराव, जल निस्तारण की व्यवस्था, स्ट्रीट लाईट और सौर उर्जा की व्यवस्था के संबंध में विचार विमर्श किया गया। बैठक में प्रमुख ने आश्वासन दिया कि संबंधित विभागीय अधिकारियों से बात करके जल्द से जल्द विद्यालय के चहारदिवारी सहित अन्य कार्य कराया जाएगा। मौके पर मुखिया देवंती देवी, पूर्व उपमुखिया देवसागर महतो, वार्ड सदस्य रफिक अंसारी, प्रबंध समिति के अध्यख फिरोज अंसारी, प्रधानाचार्य रविकांत तिवारी,सुमित्रा देवी, राजनाथ महतो, मोहनलाल महतो सहित अन्य मौजूद थे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### बस सेवा की जल्द करें शुरूआत

बोकारो: बोकारो परिसदन में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, कल्याण एवं परिवहन मंत्री चंपई सोरेन ने मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना -2022 की प्रगति की समीक्षा बैठक की। मौके पर उपायुक्त कुलदीप चौधरी, जिला परिवहन पदाधिकारी संजीव कुमार, समेत सभी प्रखंड प्रमुख, प्रखंड विकास पदाधिकारी आदि उपस्थित थे। जिला परिवहन पदाधिकारी संजीव कुमार ने बताया कि योजना के तहत अब तक प्रखंड स्तरीय समिति द्वारा प्रखंडों में कुल नौ बैठक हुई है। प्रखंड स्तरीय समिति द्वारा कुल 37 ग्रामीण मार्गो को चिन्हित कर जिला को भेजा गया है। जिसमें जिला स्तरीय समिति की बैठक में प्रथम चरण में प्रस्तावित आठ ग्रामीण मार्गो को स्वीकृत कर परमिट के लिए उप परिवहन आयुक्त, उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल को भेजा गया है। परिवहन मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना 2022 के शुरू करने के पीछे सरकार का उद्देश्य गांव एवं शहरों के बीच में यातायात व्यवस्था को लेकर जो खाई है उसे पाटना है। घर से निकलने के बाद आमजन को आधे-एक किमी के अंदर बस सेवा उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के तहत बस सेवा की शुरूआत जल्द करें। उपायुक्त श्री चौधरी ने कहा कि सभी प्रखंडों में कम से कम एक ग्रामीण रूट पर योजना के तहत अविलंब बस सेवा शुरू करने को जिला प्रशासन प्रयासरत है।

**विरोध** भोलूर बांध का जीर्णोद्धार कार्य की सूचना आम नागरिक को नही दी गई

# भोलूर बांध में हो रहे कार्य में अनियमितता के विरोध में धरना

राष्ट्रीय खबर



**चास:** चास के भोलूर बांध में हो रहे कार्य की अनियमितता के विरोध सोमवार को भोलूर बांध के परिसर पर वार्ड 14 और 15 की जनता सहित अन्य सामाजिक संगठन के सदस्यों ने संयुक्त रूप से धरना दिया। टाइगर फोर्स के चास नगर अध्यक्ष अमर स्वर्णकार एवं भाजपा नेता पन्नालाल कांदू ने कहा कि भोलूर बांध का जीर्णोद्धार कार्य की सूचना आम नागरिक को नही दी गई है, न ही तालाब में कही पर जानकारी के लिए किसी प्रकार का सूचना बोर्ड लगाया गया है। तालाब मे मिट्टी कटाई का कार्य मनमानी रूप से किया जा रहा है। मिट्टी काटने के नाम पर बस छीलने का काम हो रहा है। साथ ही जल क्षेत्र को कम किया जा रहा है। निगम के अधिकारी कार्य स्थल पर पहुंचकर स्थानीय लोगो को पूरे कार्य की जानकारी देने के बाद ही धरना प्रदर्शन समाप्त होगा। कहा कि पूर्व मेयर भोलू पासवान के गलत कार्य नीति के कारण भोलूर बांध का हालत ऐसा हुआ है। उन्होंने तालाब के योजना से सिर्फ अपना लाभ किया। मौके पर माथुर चार मोदक, सिदाम आचार्य, हरि कांदू, बुद्धेश्वर घोषाल, जितेन दत्ता, तपन प्रमाणिक, शंकर पाल, शंभू दास, भक्ति सिंह, काली चरण आचार्य, निमाई दत्ता, बमकेश बाउरी, दयाल बाउरी, पिंटू कुमार, राजू कांदू, मानिक, लक्ष्मीकांत पाल, महावीर बाउरी, लखन बाउरी, मो. सोनू खान, पुनीत बाउरी, लखन बाउरी, संजय दत्त, सुमित, चंचल मजूमदार, राजकुमार प्रमाणिक, सुभाष कांदू, कालू मजूमदार, शांति बाउरी, कार्तिक स्वर्णकार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## प्रतिभा सम्मान समारोह एवं पुस्तकालय का हुआ उदघाटन



राष्ट्रीय खबर

**कसमार:** कसमार प्रखंड के मंजुरा स्थित बिनोद बिहारी महतो स्मारक इंटर कॉलेज में वार्षिकोत्सव सह प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसके अलावा राजा राम मेमोरियल पैरामेडिकल कॉलेज की ओर से कैरियर काउंसिलिंग कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो व सुमित्रा नंदन महतो एवं कॉलेज के प्राचार्य डॉ अजय कुमार महतो मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर इंटर कॉलेज में सैकड़ों पुस्तकों से सुसज्जित पुस्तकालय का उदघाटन अतिथियों ने फीता काटकर किया।
इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि सफल बच्चे कोई अलग कार्य नहीं करते, बल्कि वे कार्य व मेहनत अलग तरीके से करते हैं। विशिष्ट अतिथि डॉ लंबोदर महतो ने कहा कि उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले सभी छात्र छात्राएं हमेशा ऐसे ही सफलता प्राप्त करते रहें, ताकि कॉलेज एवं क्षेत्र व माता पिता का नाम रौशन कर सकें। साथ ही कठिन परिश्रम कर तकदीर व तस्वीर बदलने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर जैक इंटर की परीक्षा में कॉलेज स्तर पर टॉप फाइव सफल परीक्षार्थी सिंटू कपूर, राहुल कुमार, गुड्डी कुमारी, धीरज बेदिया, कोलेश्वर भोक्ता को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर जिप सदस्य अमरदीप महाराज, धनेश्वर महतो, उमेश चन्द्र जायसवाल, डॉ जीतलाल महतो, धनलाल कपरदार, पारा मेडिकल कॉलेज के डायरेक्टर अखिल महतो, मधु कुमारी, नितेश कुमार, उत्तम कुमार, शिशुपाल महतो, संजय महतो, विनोद महतो, अखिल महतो, स्वाधीन चन्द्र झा, द्वारिका महतो समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## युवाओं का भविष्य बर्बाद करने पर तुली है सरकार : आजसू



राष्ट्रीय खबर

**बुढ़मू :** राज्य की हेमंत सरकार युवाओं के भविष्य को बर्बाद करने पर तुली है। राज्य सरकार तुष्टीकरण करके राज्य को साजिश के तहत बर्बाद कर रही है। उक्त बातें रविवार को कांके रिंग रोड में आजसू पार्टी द्वारा आयोजित कांके विधानसभा स्तरीय ग्राम प्रभारियों के सम्मेलन में आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने बतौर मुख्य अतिथि ने कही। साथ ही उन्होंने कहा कि राज्य के युवा हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने के लिये तैयार बैठे है। मौके पर पार्टी सुप्रीमो ने कार्यकताओं से सभी गांवों में पीलर सदस्य तथा हर दस घरों में एक चूल्हा प्रमुख बनाने का निर्देश दिया। कार्यक्रम में कांग्रेस, जेएमएम समेत अन्य पार्टियों के दर्जनों सदस्यों ने आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। कार्यक्रम को केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत,जिलाध्यक्ष संजय महतो,कार्यकारी अध्यक्ष हकीम अंसारी,प्रखंड अध्यक्ष लाल अमन शाहदेव,केंद्रीय महासचिव राजेन्द्र मेहता,प्रमुख सत्यनारायण मुंडा,पूर्व जिप उपाध्यक्ष पार्वती देवी ने भी संबोधित किया। मौके पर विधानसभा के सैंकड़ों पार्टी सदस्य मौजूद थे।

## होमगार्ड भर्ती को लेकर युवक युवतियां बहा रहे पसीना



राष्ट्रीय खबर

**कसमार:** कसमार थाना क्षेत्र के लगभग सभी सुदुरवर्ती गांवों के युवक युवतियां व महिला पुरूषों ने होमगार्ड भर्ती को लेकर प्रत्येक दिन 4 से 5 घंटे जमकर प्रेक्टिस कर पसीना बहा रही है। बगदा गांव के युवक बब्लू अंसारी ने बताया कि हमको एक साथ बगदा बसरिया सीमा पर कई गांवों के दर्जनों युवक युवतियां व महिला पुरूष दौड़, उंची कूद, लंबी कूद समेत कई तरह के प्रैक्टिस कर रहे है। कहा कि जब से होमगार्ड भर्ती को लेकर ऑनलाइन आवेदन करने बाद से ही लगातार मैदानों में मेहनत कर रहे है। इसके लिए मैदान में मिट्टी खोद बांस की बली गाढ़कर उंचीकूद व लंबी कूद की प्रैक्टिस कर रहे है। कई युवतियां व महिलाओं ने बताया कि प्रत्येक दिन बारिश हो या नहीं 5 बजे मैदान में पांच चक्कर दौड़ लगाने के बाद लंबीदौड़ व हाई जंप का लगातार प्रैक्टिस कर रहे है। खासकर के ग्रामीण क्षेत्र के महिलाएं अहले सुबह सड़क या मैदान में दौड़ नहीं लगा रही थी। जब अपने कैरियर तथा रोजी रोटी की बात आते के साथ झुंड के झुंड युवतियां व महिलाएं कभी सड़क पर दौड़ लगाते देखा जा तो कभी मैदानों में दौड़ लगाते देखा जा रहा है। उसी तरह से बगदा, खैराचातर, टांगटोना, कसमार, मंजूरा, गर्री, सिंहपुर, हिसीम, दुगार्पुर, मधुकरपुर, बरईकला, सोनपूरा, दांतू, मुरहुलसुदी, पोंडा पंचायतों सैकड़ो युवक युवतियां व महिला पुरूषों ने प्रैक्टिस करामाती 5 अगस्त को पुरूष वर्ग के अभ्यर्थियों तथा 6 अगस्त को महिला वर्ग के अभ्यर्थियों ने अपना दम-खम दिखाएगा।

## खेल-कूद व प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजित



राष्ट्रीय खबर

**बेड़ो:** प्रखंड के नेहालु कपरिया पंचयात के राजकृत प्राथमिक विद्यालय रोगो में सोमवार को मुखिया बिजेंद्र भगत के नेतृत्व में एस.एम.सी. सह अभिभावक बैठक रखा गया। बैठक में परीक्षा में अव्वल आये छात्र-छात्राओ को और उनके माता-पिता को उपहार देकर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों के अभिभावको से उनके बच्चों के सफलता के गुण व अनुशासन को साझा कराया गया। साथ ही नव-नामांकन के लिए ग्रामीण के बीच जागरूक्ता फैलाया गया। पठन-पाठन की प्रक्रिया को सुदृढ़ बनाने की बात की गयी। मौके पर मुखिया वीरेन्द्र भगत ने कहा कि जिस प्रकार मिलकर गांव में विद्यालय खोले हैं, ठीक उसी तरह सहयोग के साथ विद्यालय में छात्र-छात्राओं को पढ़ाएं तभी रोगो गांव का विकास होगा। उन्होने शिक्षा सबंन्धी हर समस्याओ में मदद करने की बात कही। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने भी शिक्षा और अनुशासन से सम्बन्धी अपनी जानकारी साझा किये। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं के बीच प्रतिभा के अनुरूप खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उप मुखिया जितिया उरांव, वार्ड सदस्य बबलू लोहरा, अध्यक्ष शुसिला खलखो,उपाध्यक्ष जयमोंन खलखो, आंगनवाड़ी सेविका उमा देवी,शिक्षक राजेश्वर प्रमाणिक,शिक्षिका प्रतिमा खलखो, ममता कुमारी, बीजा भगत, डिस्को उरांव, आलोक खलखो,एस एम सी के सदस्य व छात्र छात्राओ के साथ अभिभावक उपस्थित थे।

**आस्था** सावन की पहली सोमवारी पर हर हर महादेव व बोल बम के जयघोषों की गूंज

# महादानी मंदिर में लगी शिव भक्तों की भीड़

राष्ट्रीय खबर



**बेड़ो:** सावन की पहली सोमवारी पर ऐतिहासिक महादानी मंदिर, मुड़हर बाबा पहाड़ सहित शिवालयों में अहले सुबह से शिवभक्तों की उमड़ी भीड़। जहां हर हर महादेव व बोल बम के जयघोषों के साथ श्रद्धालुओं द्वारा शिवलिंग का जलाभिषेक किया गया। वहीं महादानी मंदीर में लगने वाली भीड़ को देख कर महादानी सत्संग समिति सदस्य व पुलिस द्वारा जलाभिषेक के लिए सभी को लाईन लगाकर बाबा का जलाभिषेक किया गया। वहीं भक्तों ने उपवास रखकर भोलेनाथ से सुख समृद्धि के लिए आशीर्वाद मांगा। इधर मंदिरो में अहले सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। वहीं पहली सोमवारी को भगवान शिव से अपनी मुरादें मांगते हुए शिवभक्तों महिलाओं व पुरूषों ने व्रत रखा। जहां मंदिर के पुजारी अशोक पंडा व मेघनाथ गिरी ने व्रतियों को पूजा अर्चना कराया। वहीं प्रखंड के मुड़हर पहाड़ सहित शिव मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ लगी रही। इधर शाम में श्रद्धालुओं के द्वारा महादानी बाबा का प्रतिदिन श्रृंगार पुजा किया जा रहा है।

## न्यूज फटाफट

### लाभुकों के बीच धोती-साड़ी का वितरण



बुढ़मू : बुढ़मू प्रखंड के चकमे पंचायत के चकमे गांव के जनवितरण दुकान में धोती, साड़ी , लुंगी का वितरण लाभुकों के बीच किया गया। इस दौरान धोती, साड़ी, लुंगी का वितरण चकमे पंचायत के मुखिया रामवृत मुंडा एवं वार्ड सदस्य नौशाद खान ने किया। वितरण के मौके पर मुखिया रामवृत्त मुंडा ने लोगों से कहा कि सरकार के द्वारा धोती, साड़ी, लुंगी लाभुकों को दिया जा रहा है। साथ ही जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने बताया कि जन वितरण दुकानदार नौशाद खान के द्वारा गांव में समय से लाभुकों के बीच राशन वितरण किया जा रहा है।,और कहा कि सभी जन वितरण दुकानदार लाभुकों को एक समान देखते हैं। वितरण के मौके पर राशन जन वितरण दुकानदार नौशाद खान सहित दर्जनों लाभुक एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### यादव समाज का शताब्दी समारोह 24 सितंबर को



बुढ़मू : प्रांतीय यादव महासभा के रांची जिला एवं प्रखंड कमेटी का बैठक वाई बीएन पब्लिक स्कूल धुर्वा रांची के परिसर में आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता रांची जिला के यादव महासभा के अध्यक्ष तापेश्वर गोप ने किया। बैठक में अहिर रेजीमेंट लागू करने की मांग एवं यादव समाज में लोगों को मिल जुलकर रहने, शिक्षा पर ध्यान देने, समाज के गरीब लोगों को सहयोग करने व समाज में किसी तरह का कोई विवाद नहीं करने सहित कई विषयों को लेकर बाते कही गई। साथ ही 24 सितंबर को रांची में यादव महासभा के 100 वर्ष पूरा होने के अवसर पर शताब्दी समारोह के रूप रांची में मनाने का निर्णय लिया गया। और उस दिन शताब्दी समारोह के रांची में अधिक से अधिक संख्या में यादव समाज के लोगों को भाग लेने का आह्वान की किया गया। साथ ही सभी प्रखंड से यादव समाज के पदाधिकारियों को यादव समाज के अधिक से अधिक संख्या में लोगों को रांची ले जाने की बात कही गई। साथ ही कई जानकारी,और आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान रांची जिला यादव महासभा द्वारा पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। वही प्रदेश पदाधिकारियों एवं जिला पदाधिकारियों की उपस्थिति में नए पदाधिकारियों को अतिथियों के द्वारा फूल माला पहनाकर एवं गमछा देकर सम्मानित किया गया। मौके पर यादव महासभा के प्रदेश महासचिव बुलू गोप, रामविलास गोप, मुकेश यादव, यादव समाज के बुढ़मू प्रखंड अध्यक्ष बालेश्वर यादव, रीना देवी, अनीता देवी, रविंद्र लाल यादव, महेंद्र गोप, लखन गोप नरेश यादव ,बलराम गोप, जिला उपाध्यक्ष रामेश्वर गोप, जगरनाथ यादव, सविता देवी, देव सागर यादव, दिगंबर यादव, सहित यादव समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### शास्त्रीय संगीत हमारी सांस्कृतिक विरासत : डॉ हेमलता



बोकारो: विद्यार्थियों में भारतीय कला, संगीत एवं संस्कृति को आत्मसात करने को लेकर स्पिक मैके संस्था की ओर से डीपीएस चास बोकारो में विश्वविख्यात वायलिन वादक उस्ताद जौहर अली ने प्रस्तुति दी। एक से बढ़कर एक देशभक्ति गीत के धुन पर वायलियन बजाकर उन्होंने बच्चों समेत मौजूद अतिथियों व विद्यार्थियों को ताली बजाने पर मजबूर कर दिया। उनके साथ मशहूर तबला वादक अर्कोदीप दास ने तबला पर संगत दी। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में डीपीएस चास की चीफ मेंटर डॉ. हेमलता एस मोहन मौजूद रहीं। शास्त्रीय संगीत की शुरूआत वर्षा ऋतु के राग मेघ से की गई। एकला चलो रे, रघुपति राघव राजा राम सहित अन्य गीतों के धुनों पर विद्यार्थी व शिक्षक मंत्रमुग्ध हो गए। वायलिन और तबला के जुगलबंदी को बच्चों ने भरपूर सराहा। इस अवसर पर विभिन्न राज्यों के लोक गीत को वायलिन पर बजाकर उसकी पहचान बच्चों से करवाई गई। शास्त्रीय संगीत को रोचक बनाने का यह तरीका बच्चों को बहुत पसंद आया। कार्यक्रम की अंतिम कड़ी में सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा के वादन में बच्चों ने भी साथ-साथ गाया। उस्ताद जौहर अली ने कहा कि मानव जीवन में संगीत का महत्व उतना ही जरूरी है, जितना शिक्षा का। पूर्व राष्ट्रपति स्व. एपीजे अब्दुल कलाम आजाद को याद करते हुए उन्होंने कहा कि मिसाइल मैन का भी कहना था कि जिस प्रकार शिक्षा के बिना मानव जीवन अधूरा है, ठीक उसी प्रकार संगीत के बिना भी मनुष्य का जीवन अधूरा है।

### राजेश कुमार जायसवाल ने थामा भाजपा का दामन



जैनामोड़ : जरीडीह प्रखंड निवासी राजेश कुमार जायसवाल ने समाजसेवी के रुप में भाजपा का दामन थामा। इसके पूर्व कांग्रेस पार्टी का सहयोगी समाजसेवी थे। श्री जायसवाल ने कहा कि बहुत दिनों तक कांग्रेस पार्टी में रहकर समाज सेवा किया है। अब भाजपा पार्टी के सदस्यों का सीधा रूप से सेवा करना चाहता हूं। पार्टी में रहकर ही कार्यकताओं के माध्यम से समाज सेवा किया जा सकता है। प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के महामंत्री अर्जुन सिंह के नेतृत्व में राजेश कुमार जायसवाल को भाजपा कार्यसमिति का सदस्य में शामिल किया गया है। श्री राजेश को विधिवत भारतीय जनता पार्टी का दामन थामने पर अर्जुन सिंह ने विधिवत भाजपा का पट्टा पहनाते हुए स्वागत किया।

### परिवार वालों ने निकाला , घनश्याम नायक ने दिया सहारा



जैनामोड़ : जरीडीह प्रखंड के बांधडीह दक्षिणी पंचायत अंतर्गत दास टोला की रहने वाली 70 वर्षीय वृद्ध महिला सरकारी पेंशन के लिए दर-दर भटकने के लिए मजबूर है। बताया जाता है कि मसोमात समोती देवी के पति स्व. रतन मांझी दशक पूर्व कर्मा चौकी, पेटरवार प्रखंड के माध्यम से सीसीएल बेरमो का माल कट्टा कर्मचारी था। जिसकी मृत्यु दशक पूर्व हो गई थी। जबकि माल कट्टा का पहली पत्नी की मृत्यु होने के बाद दूसरी पत्नी के रूप में समोती देवी से शादी कर घर बसाने का प्रयास किया। लेकिन संयोगवश दूसरी पत्नी समोती देवी से कोई भी संतान नहीं हुई। इस बीच रतन मांझी की मृत्यु हो गई।

राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र झारखंड
web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

शहर >> अपडेट

**सीएमडी ने भूमिगत खदान का किया निरीक्षण**

**बेरमो** :सीसीएल के नए प्रभारी सीएमडी वी बीरा रेड्डी डी ने ढोरी खास भूमिगत खदान का किया निरीक्षण ।सीएमडी ने एएडीओसीएम, उन्होंने परियोजना अधिकारियों के साथ चल रहे उत्पादन के बारे में विस्तृत चर्चा की और सुरक्षा पहलू को ध्यान में रखते हुए सुधार के निर्देश दिए। परियोजना में खदान योजना, उत्पादन कार्यक्रम और परियोजना में आने वाली कठिनाइयों पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

**ढोरी के महाप्रबंधक मनोज अग्रवाल को किया सम्मानित**

**बेरमो** : सीसीएल ढोरी एरिया के जीएम एमके अग्रवाल को राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश जी के द्वारा एग्जीक्यूटिव एमबीए डिग्री दिए जाने पर उनको अखिल भारतीय भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अनिल अग्रवाल कृष्ण कुमार चांडक छीतरमल जी अग्रवाल ने अंग वस्त्र वह पुष्पगुच्छ देकर उनके कार्यालय जाकर सम्मानित किया अनिल अग्रवाल ने कहा कि जीए श्अग्रवाल क्षेत्र में हमेशा काफी सक्रिय रहते हैं और उनकी कार्यशैली काफी कुशल है ।

**मच्छरों से बचने के लिए शुरू किया सेंटिनल सर्विलेंस**

**देवघर** : सिविल सर्जन डॉ युगल किशोर चौधरी के निर्देश पर जिला भीबीडी पदाधिकारी डॉ आलोक कुमार सिंह के नेतृत्व में डॉ. गणेश कुमार, जिला भीबीडी सलाहकार के साथ सेंटिनल सर्विलेंस हेतु चयनित वार्ड नं. 28 के कालीराखा में घर -घर जाकर डेंगू-चिकनगुनिया रोधी कीट विज्ञान सर्वेक्षण एवं लार्वा नाशी छिड़काव के साथ जन-जागरूकता कार्य फाइलेरिया नियंत्रण इकाई, देवघर के डेगन यादव, चनेसर रविदास एवं राज किशोर दास के साथ चार सामुदायिक स्वयंसेवकों (कम्युनिटी वॉलिंटियर्स) भगवती देवी, पम्मी देवी, पिंकी देवी एवं संगीता देवी द्वारा किया गया। सर्वे के दौरान बहुत से घरों में मच्छरों के प्रजनन स्थल पाए गए।

संक्षिप्त >> अपडेट्स

**स्थाई प्रस्वीकृति दिलाने की मांग को लेकर मंत्री योगेंद्र को सौंपा मांग पत्र**

**बेरमो/ललपनिया** : गोमिया प्रखण्ड अन्तर्गत तिस्कोपी में संचालित हरिजन आदिवासी विकास उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक समेत जनप्रतिनिधियों ने सोमवार को मुरुबंदा स्थित आवास पहुंचकर माननीय मंत्री (दर्जाप्राप्त) योगेंद्र प्रसाद महतो से मुलाकात किया। इस दौरान उन्होंने मंत्री जी से उक्त विद्यालय की स्थाई प्रस्वीकृति दिलाने का आग्रह करते हुए मांग पत्र सौंपा। जिसमें कहा गया है कि यह विद्यालय अति उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र झुमरा के आस-पास एकमात्र विद्यालय है। इसके दस किमी दायरे में एक भी अनुदानित विद्यालय नहीं है। स्थाई प्रस्वीकृति की संचिका झारखंड माध्यमिक शिक्षा निदेशालय रांची में जमा है। आवेदित विद्यालयों की सूची में नाम भी शामिल है। प्रस्वीकृति की सभी अहताएं पूरी भी करता है। परंतु अभी तक प्रस्वीकृति नहीं मिल पाया है। माननीय मंत्री जी ने भरोसा दिया कि वे इस मामले पर गंभीरता पूर्वक पहल करते हुए इस विद्यालय की प्रस्वीकृति दिलाने का अथक प्रयास करेंगें।

**संथाल परगना आयुक्त ने कांवरिया पथ का किया निरीक्षण**

**देवघर** : मेला के दौरान देवतुल्य श्रद्धालुओं की सुरक्षा व सुविधा को लेकर संथाल परगना आयुक्त लालचंद डाडेल ने कांवरिया पथ का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दुम्मा से खिजुरिया कांवरिया पथ का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। सोमवारी को बाबा नगरी में जलार्पण करने के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा के इंतजामों को लेकर संबंधित अधिकारियों व प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया।

बैठक

### पतरातू विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में

# विस्थापित एवं प्रभावितों की पी वी यू एन एल प्रबंधन के रवैये के विरोध में हुई बैठक

राष्ट्रीय खबर



**पतरातू** : पतरातू विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में पी वि यू एन एल के विस्थापित प्रभावितों की बैठक कटिया सरना स्थित काली मन्दीर के परिसर में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता आदित्य नारायण प्रसाद तथा संचालन भुवनेश्वर महतो एवं किशोर कुमार महतो के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। बैठक में विशेष रूप से आजसू पार्टी के केन्द्रीय महासचिव सह बडकागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी, जिला पार्षद राजा राम प्रजापति, वरिष्ठ नेता दुर्गाचरण प्रसाद, गंगाधर महतो, मुखिया श्री बिजय मुंडा, पूर्व मुखिया अमरनाथ महतो उपस्थित हुए। आयोजित बैठक में कहा गया कि पी वि यू एन एल के निमार्णाधीन पावर प्लांट का निर्माण कार्य पूरा होने जा रहा है। ऐसे में विगत कुछ दिनों के अन्दर यू पी एल अथवा पी वि यू एन एल के द्वारा बिना सूचना के किए गए स्थाई बहाली विस्थापित प्रभावितों के लिए बहुत बडा चिंता का कारण बन गया है। निर्माण कार्य के आरंभ से उम्मीद लगाए विस्थापित प्रभावितों का प्रबंधन के प्रति विश्वास डगमगाने लगा है। परन्तु अब प्रबंधन के असन्तोष रवैये के कारण विस्थापित प्रभावित चुप नहीं रह सकते हैं। बैठक को संबोधित करते हुए रोशन लाल चौधरी ने कहा कि बिना संघर्ष के अधिकार नहीं मिलेगा। पी वि यू एन एल के विस्थापित प्रभावित विरोधी पॉलिसी के खिलाफ अब आर-पार की लडाई लडना है। प्रबंधन में बैठे अधिकारी यहाँ के विस्थापित प्रभावितों का हितैषी नहीं है।

बैठक में कहा गया कि इस विषय पर प्लांट प्रमुख सी ई ओ के पास मोर्चा द्वारा पत्र प्रेषित किया जाए एवं प्रयास किया जाए कि सकारात्मक पहल करते हुए शीघ्र प्रबंधन के साथ यूनियन की बैठक हो ताकि हम अपनी बातों को प्रबंधन के समक्ष रख सकें। निर्णय लेते हुए कहा गया कि इस गम्भीर बिषय पर शीघ्र मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल स्थानीय सांसद माननीय श्री जयन्त सिन्हा जी, गिरिडीह के सांसद माननीय श्री चन्द्र प्रकाश चौधरी जी और स्थानीय विधायक सुश्री अम्बा प्रसाद जी से मिल कर उन्हें प्रबंधन की मनमानी के सम्बन्ध में अवगत कराया जाएगा । इसके साथ ही क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर व्यापक आंदोलन की तैयारी किया जाएग। बैठक के दौरान स्पष्ट कहा गया कि विस्थापित प्रभावितों का हक एवं अधिकार प्रबंधन को देना होगा। प्रबंधन के इस मनमानी विचारों के कारण ही विस्थापित एवं प्रभावितों के द्वारा हर स्तर पर जन आंदोलन करते हुए चारों तरफ से घेराव और नाकाबन्दी किया जाएगा, इसकी सम्पूर्ण जिम्मेवारी पी वि यू एन एल प्रबंधन पर होगी । बैठक में मुख्य रूप से श्री कुमेल उरांव, राजा राम प्रसाद, अब्दुल क्यूम अंसारी, कौलेश्वर महतो, विश्वरंजन सिन्हा, प्रिय नाथ मुखर्जी, उपमुखिया उज्जवल कुमार, परमानन्द राजीव, नन्दकिशोर महतो,धनेश्वर महतो, अशोक महतो, मनु मुन्डा, छोटू करमाली, कपिल मुण्डा, सीताराम महतो, रिन्कू देवी, बीना देवी, चिंता देवी, विकास गिरी, रन्थु राम,रमीज इकबाल, किशोर कुमार, प्रेम कुमार, राकेश मुन्डा, प्रकाश कुमार, अजय मुन्डा एवं सैकड़ो लोग उपस्थित हुए।

## बीएण्डके प्रक्षेत्र के निरीक्षण के बाद रविवार को निरीक्षण को पहुचे केटीए प्रक्षेत्र



**बेरमो /कथारा** : सीसीएल के नये सीएमडी बी वीरा रेड्डी अपने दो दिवसीय बेरमो कोयलांचल के दौरे के दौरान शनिवार को बीएंडके प्रक्षेत्र के सभी परियोजनाओ के निरीक्षण उपरांत रविवार को केटीए यानी कथारा प्रक्षेत्र के सभी परियोजनाओ और वासियों का निरीक्षक किया। सर्वप्रथम सीएमडी श्री रेड्डी सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र के जारंगडीह परियोजना पहुचे और जारंगडीह कोलियरी, कांटा घर व रेलवे साइडिंग का निरीक्षण किया तथा मौजूद सीसीएल अधिकारियों के कई दिशा निर्देश दिए। वहां से उनका काफिला स्वांग वाशरी, स्वांग कोलियरी तथा गोविंदपुर कोलियरी पहुचा और वहां के उपरोक्त सभी स्थानों का बारिकी से देखा तथा वहां के अधिकारियों को भी जरुरी दिशा निर्देश देने के बाद कथारा कोलियरी और कथारा वाशरी का दौरा कर उसका भी निरीक्षण किए। इस पुरे निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र के जीएम डी के गुप्ता तथा सभी कोलियरियों और दोनो वासरियो के पीओ के अलावे सभी विभाग के आला अधिकारीगण साथ थे। निरीक्षण कार्यक्रम के समाप्ती के बाद सीएमडी और अधिकारियों का टीम सिधा सीसीएल कथारा गेस्ट हाउस पहुचे जहां पहले से ही तैयारियां कर रखी गई थी। यहां सीएमडी श्री रेड्डी व अन्य अधिकारियों ने लंच किया इसके बाद सभी विभागों के अधिकारियों के साथ बारी बारी से उनकी बैठक आरंभ हुई। घंटो चली इस बैठको के दौर के बाद सीएमडी मिडिया से बातचीत करते हुए मिडिया कर्मियों के सवालों के जवाब दिए। इस मौके पर भी उनके साथ कथारा जीएम श्री गुप्ता मौजूद दिखे।

## विधानसभा चुनाव के लिए कार्यक्रताओं को दिया दिशा निदेर्श



राष्ट्रीय खबर

**गिद्दी** : राज्यसभा सांसद खीरू महतो युवा जदयू के जिला अध्यक्ष प्रदीप रजक के अस्वस्थ होने की सूचना पर उनके रेलीगढ़ा आवास पर पहुंचकर स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। सांसद को पुष्प गुच्छ देकर कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया.साथ ही सांसद खीरु महतो द्वारा भी प्रदीप रजक को पुष्प गुच्छ देकर हालचाल जानते हुए स्वास्थ्य की जानकारी हमेशा देने की बात कही। उनके आवास पर सांसद खीरु महती तकरीबन एक घंटा रुके सांसद के द्वारा उसके बाद कार्यकताओं के साथ सांगठनिक स्थिति पर चर्चा भी की. राजयसभा सांसद खीरु महतो ने आगामी 2024 की लोकसभा चुनाव में एकता बनाए रखने के लिए कार्यकताओं को विधानसभा स्तर पर जोरशोर से लग जाने के लिए निर्देशित किए और झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए पंचायत और बूथ स्तर पर तैयारी करने का अपने कार्यकताओं को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला सचिव संजय राम प्रखंड अध्यक्ष देनेश्वर महतो, दिनेश महतो,महेंद्र तुरी,श्रवण कुमार, अमित राम,सुबीर झा, छोटू कुमार,नरेश,शशि,बजरंग, माससं नेता धनेश्वर तुरी भी मौजूद थे।

## विधानसभा क्षेत्र में नहीं होने दी जाएगी बिजली की समस्या : सुनीता



राष्ट्रीय खबर

**रजरप्पा/चितरपुर** : चितरपुर प्रखंड के बोरोविंग पंचायत अंतर्गत सांवराडीह में रविवार को 63 केबीए ट्रांसफार्मर का उदघाटन किया गया। उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी द्वारा फीता काटकर किया गया। मौके पर विधायक ने कहा कि क्षेत्र में किसी भी तरह की बिजली की समस्या होने नही दी जाएगी। ज्ञात हो कि यहां लगा ट्रांसफार्मर पिछले पांच दिनों से खराब थी।जिसके कारण वहां के ग्रामीण बिजली की समस्या से परेशान थे। जिसकी सूचना लेकर गांव के ओमप्रकाश चौधरी कुछ ग्रामीणों के साथ विधायक सुनीता चौधरी के समक्ष पहुंचे और गांव की इस गंभीर समस्या से विधायक को अवगत कराया। जैसे ही इसकी सूचना विधायक सुनीता चौधरी को मिली त्वरित कार्रवाई करते हुए उन्होंने बिजली विभाग को सूचना देकर 63 केवी का ट्रांसफार्मर ग्रामीणों को उपलब्ध कराया। मौके पर सतीश मुंडा, गौतम मुंडा, रोशन मुंडा, सुखन महतो, नितेश मुंडा, अवधेश मुंडा, रंजीत करमाली, दिवाकर मुंडा, प्रकाश महतो, श्रीकांत करमाली, डिगेश्वर महतो, बालो देवी, मनु देवी, सविता देवी, गंगा देवी, किरण देवी, सुगनी देवी,शांति देवी, हुकूमलाल महतो, बीरू मुंडा सहित कई मौजूद थे।

**बाबूलाल मरांडी को भाजपा फुसरो मंडल ने दी बधाई**

**बेरमो** : पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर रविवार को भाजपा फुसरो मंडल के नेताओं ने रांची स्थित पार्टी कार्यालय में उनसे मुलाकात कर बधाई दिया। प्रदेश अध्यक्ष से मिलने वालों में फुसरो मंडल के महामंत्री टुनटुन तिवारी व अभय कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि श्री मरांडी से गिरिडीह लोकसभा और बेरमो विधानसभा चुनाव पर चर्चा की गयी। साथ ही पार्टी को लोकसभा व विधानसभा क्षेत्र में मजबूत बनाने के लिए भी निचले स्तर पर कार्य करने की बाते हुई है। कहा कि श्री मरांडी के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने पर पूरे झारखंड में भाजपा और भी मजबूत होगी। श्री मरांडी के नेतृत्व अनुभव का लाभ पार्टी को मिलेगा। इनके अध्यक्ष बनने पर लोगों का पार्टी से जुड़ाव बढ़ रहा है। प्रधनमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल नेतृत्व और बाबूलाल मरांडी के मार्गदर्शन में आने वाले चुनाव में भाजपा मजबूती से खड़ा होगी। जिससे झारखंड में भाजपा की सरकार बनेगी। कार्यकर्ता दिन-रात लगकर भाजपा को और मजबूत करेंगे। मौके पर प्रमोद कुमार महतो, रवींद्र सिंह, रंजन पांडेय, सोनू गुप्ता आदि मौजूद थे।

## नहर और पुलिया के मरम्मत के नाम हो रहा करोड़ों का बंदरबांट



**बेरमो** : बीएसएल हर वर्ष सिचाई विभाग को लगभग 3 करोड़ रुपए नहर और पुल पुलिया मरम्मती के लिए देती है तथा विभाग अलग से मरम्मती के लिए राशि मुहैया करवाती है मगर तेनुघाट में सिचाई विभाग के अधिकारियों और ठेकेदारों के मजबूत सांठगांठ जैसे तैसे मरम्मती कार्य दिखा बाकि के पैसो का बंदरबांट कर लेते हैं यह हम नही कह रहे बल्कि नहर, नहर पर बने पुल पुलिया व नहर के बगल से बने आवागमन के लिए सड़क की जर्जरता खुद बया करती है। अब सवाल उठता है कि यह सारी बातें हम किसके लिए लिख और कर रहे हैं। तो आइये अब आपको इस मामले को पुरे विस्तार से बताने का प्रयास करते हैं। दरअसल यह तस्वीर बोकारो - तेनुघाट नहर पर बने श्यामलता पुल की है। रखरखाव के अभाव में यह पुलिया पुरी तरह जर्जर हो चुकी है मगर इस पुलिया जो सबसे अधिक खतरनाक स्थिति उत्पन्न करती है वह है इसका टुटा हुआ रेलिंग। इस पुलिया से पैदल के अलावे छोटे छोटे वाहनों का आवागमन लगातार जारी रहता है। इतना ही नहीं ग्रामीण क्षेत्र होने के कारण यहां मवेशियो की भी अच्छी खासी संख्या है और मवेशी हर सुबह इसी पुल के माध्यम से चरने जाते है और शाम को लौटते हैं। इसके अलावे तेनुघाट कोर्ट आने जाने वाले अधिकांश लोग इसी रास्ते और पुल का इस्तेमाल करते हैं। हालांकि अभी तक कोई जानलेवा हादसा इस पुल के कारण नही हुआ है मगर स्थिति देख साफ लगता है कि अगर एक चुक हुई तो सिधा लगभग सौ फीट गहरे श्यामलता नदी में गिरना तय है। गिरने बाद जिन्दा बच पाना महज एक कल्पना मात्र है। हालांकि यह नहर पर बना एकलौता जर्जर पुल नही है। बल्कि नहर पर बने हर एक पुल पुलिया की कमो बेस यही दशा है मगर दुर्भाग्य देखिए कि इसे देखने वाला कोई नहीं। ना तो सिचाई विभाग को ही कोई मतलब है जो प्रति वर्ष बीएसएल को पानी बेच हजारो करोड़ की कमाई करता है और ना ही बीएलएल जिसका मुख्य जीवन धारा इसी नहर के रास्ते फैक्ट्री तक पहुंचता है। कुल मिलाकर अगर जल्द ही इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो एक ना एक दिन इस जर्जर पुल किसी बड़े हादसे की गवाह बनेगी।

## झारखंड विधानसभा की आश्वासन समिति ने किया रामगढ़ जिले का दौरा



राष्ट्रीय खबर

**रामगढ़** : झारखंड विधानसभा की आश्वासन समिति ने रविवार को रामगढ़ जिले का दौरा किया। इस दौरान आश्वासन समिति के सभापति दीपक बिरुवा, माननीय सदस्य वैद्यनाथ राम, सदस्य अंबा प्रसाद ने समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त माधवी मिश्रा, उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, वन प्रमंडल पदाधिकारी नीतीश कुमार सहित अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान सभापति एवं माननीय सदस्यों द्वारा आश्वासन समिति के समक्ष रामगढ़ जिले से संबंधित मामलों को लेकर अधिकारियों के साथ चर्चा की गई। इस दौरान उनके द्वारा राजस्व व भूमि निबंधन, ग्रामीण कार्य विभाग एवं रामगढ़ जिले में प्रदूषण नियंत्रण संबंधित मामलों पर विधानसभा में दिए गए आश्वासन के तहत अब तक किए गए कार्यों की जानकारी लेने के क्रम में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए वही सभापति एवं सदस्यों द्वारा रामगढ़ जिले में चल रहे अन्य विकास कार्यों को लेकर जिले के अधिकारियों के साथ चर्चा के क्रम में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र की विधायक अम्बा प्रसाद ने उनके क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों सहित अन्य मामलों को बैठक में समिति के समक्ष रखा जिस पर माननीय सभापति व सदस्य द्वारा संबंधित अधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारियों, अधिकारियों, प्रखंड स्तरीय अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## बाबूलाल मरांडी से मिले चितरपुर के भाजपा नेता



राष्ट्रीय खबर

**चितरपुर**: चितरपुर मंडल भाजपा अध्यक्ष गणेश स्वर्णकार के नेतृत्व में कई भाजपा नेता भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से मुलाकात किया। इस दौरान सभी भाजपाईयों ने उन्हें बुके देकर उनका स्वागत किया। मौके पर मंडल अध्यक्ष गणेश स्वर्णकार ने चितरपुर की समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। साथ ही उनके मार्गदर्शन में चलकर भाजपा को मजबूत करने का संकल्प लिया। मौके पर उन्होंने कहा कि बाबूलाल जी के कुशल नेतृत्व में झारखंड में भाजपा दोबारा सरकार बनाने का काम करेगी। साथ ही लोकसभा चुनाव में भी सभी 14 सीटों को जीतकर फिर से नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का काम करेंगी। मौके पर महामंत्री अर्जुन कुमार वर्मा, मंडल उपाध्यक्ष निरंजन कुमार,जिला मंत्री दिलीप सिंह, बूथ अध्यक्ष दिलीप कुमार सहित कई मौजूद थे।

समारोह

### नीट ओर चित्रकला में सफल छात्रों को किया गया सम्मानित

# दृढ़ इच्छाशक्ति से ही छात्र सफल हो सकते है : विशेष पोद्दार

- छात्र को किसी न किसी क्षेत्र में अपनी पहचान बनानी चाहिए
- छात्र में अगर दृढ इच्छाशक्ति हो तो उसे सफल होने से कोई नही रोक सकता हैं

राष्ट्रीय खबर




**गोला** : प्रखंड क्षेत्र के सुवर्ण वणिक दुर्गा मंदिर प्रांगण में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान पिछले दिनों समाज के छात्र विशेष चंद्र पोद्दार पिता शत्रुघ्न पोद्दार के द्वारा नीट(एमबीबीएस) परीक्षा में पूरे देश में 565 वा रेंक प्राप्त किया था। और समाज के ही एक होनहार छात्र प्रियांशु चंद्र पोद्दार पिता विश्वजीत चंद्र पोद्दार। पेंटिंग में स्टेट लेबल में तीसरा स्थान प्राप्त करने पर कार्यक्रम आयोजित किया गया था। मुख्य अतिथि के रूप में समाज के अध्यक्ष प्रताप पोद्दार विशिष्ट अतिथि समाज के सचिव बापी पोद्दार मौजूद थे।
इस सफल छात्रों को समाज के द्वारा प्रसस्ति पत्र और मैडल देकर सम्मानित किया गया।मौके पर नीट में सफल छात्र विशेष पोद्दार ने कहा कि समाज के द्वारा उन्हें सम्मानित किया जाना उनके लिए काफी गौरान्वित पल है।साथ ही उन्होंने कहा कि कोई भी छात्र में अगर दृढ इच्छाशक्ति हो तो उसे सफल होने से कोई नही रोक सकता हैं।

वही पेंटिंग में राज्य में तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले प्रियांशु पोद्दार ने कहा कि छात्र को किसी न किसी क्षेत्र में अपनी पहचान बनानी चाहिए। और समाज से लेकर देश का नाम रौशन करना चाहिए। मौके पर समाज के कोषाध्यक्ष गौर चंद्र पोद्दार, उप सचिव पंचम पोद्दार,दुखहरण पोद्दार, नवदीप पोद्दार, पंचम चंद्र पोद्दार, बसंत पोद्दार, प्रदीप पोद्दार, विश्वजीत पोद्दार, सुखदेव पोद्दार,राजेश पोद्दार आदि मौजूद थे।

## पहली सोमवारी पर शिव मंदिरों भक्तों लगा तांता



**बेरमो** : बेरमो कोयलांचल सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्र मे सावन की पहली सोमवारी को लेकर शिव भक्तों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। भगवान भोले नाथ की पूजा अर्चना को लेकर शहर के तमाम शिव मंदिरो में भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा है। भारी संख्या में शिव मंदिर पहुंचे श्रद्धालु। सुबह से ही भारी संख्या में श्रद्धालु शिव मंदिर पहुंचने लगे हैं बेरमो कोयलांचल मे श्रद्धालुओं ने पहले अपने घरों के अलावा दामोदर नदी में पवित्र स्नान किया। उसके बाद जल लेकर शिव मंदिर की तरफ रवाना हुए । जिला प्रशासन की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा के साथ सुरक्षा का भी पुख्ता इंतजाम किया गया था।

संपादकीय

# विधानसभा चुनाव की किलेबंदी में जुटे दल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राजस्थान व तेलंगाना दौरे से पांच राज्यों के आसन्न विधानसभा चुनावों का आगाज हो गया है। इससे पूर्व श्री मोदी मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ का दौरा भी करके आये थे। जाहिर है कि इन सभी राज्यों में कांटे की टक्कर है। उपरोक्त चार राज्यों के अलावा पूर्वोत्तर के मिजोरम में भी चुनाव होने हैं। यह बिना किसी शक के कहा जा सकता है कि इन सभी पांचों राज्यों में विपक्षी कांग्रेस पार्टी से ही टक्कर होनी है। हालांकि तेलंगाना में क्षेत्रीय पार्टी भारत राष्ट्रीय समिति से मुकाबला होना है जहां यह पार्टी सत्तारूढ़ है मगर इसके मुख्य मुकाबले में कांग्रेस पार्टी ही रहेगी क्योंकि यह इस राज्य की दूसरे नम्बर की पार्टी है और आन्ध्र प्रदेश से अलग करके तेलंगाना राज्य बनाने का श्रेय भी इसी को जाता है। भाजपा के साथ मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ व राजस्थान में कांग्रेस की भिड़ंत होगी। इन चुनावों का राष्ट्रीय महत्व यह है कि इससे लोकसभा चुनाव की दिशा और गति का संकेत मिल जाएगा। भाजपा विरोधी दल जिस गठबंधन को आजमाना चाहते हैं, उसकी वास्तविक ताकत क्या है, इसकी भी परीक्षा हो जाएगी। वैसे भाजपा विरोधी खेमा में जो अन्य क्षेत्रीय दल शामिल हैं, उनका संभावित चुनाव वाले राज्यो में सांगठनिक उपस्थिति बहुत कम है। सिर्फ मध्यप्रदेश में अभी हाल ही में आम आदमी पार्टी ने कुछ सक्रियता दिखाई है।





इन चुनावों की सबसे बड़ी खूबी यह मानी जा रही है कि केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा किसी भी राज्य में अपने क्षेत्रीय नेतृत्व को आगे न रख कर प्रधानमंत्री के चेहरे पर ही चुनाव लड़ना चाहती है जबकि कांग्रेस मध्य प्रदेश में अपने पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और छत्तीसगढ़ में वर्तमान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को आगे करके चुनाव लड़ना चाहती है जबकि राजस्थान में सचिन पायलट व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बीच चल रही जंग में स्थिति साफ नहीं है। इन दोनों के बीच सुलह की कोशिशों में यह फामूर्ला शायद तय हुआ है कि वहां किसी को भी मुख्यमंत्री का चेहरा बनाते हुए चुनाव नहीं लड़ने की रणनीति बनी है। छत्तीसगढ़ में पहले ही वरिष्ठ नेता श्री टी.एस. सिंहदेव को उप मुख्यमंत्री बनाकर बघेल व सिंहदेव के बीच की रस्साकशी को आला कमान ने खत्म कर दिया था। विपक्षी दलों में कांग्रेस के अलावा आम आदमी पार्टी ने राजस्थान व मध्य प्रदेश में जनसभाएं की हैं। इसे लेकर अनौपचारिक स्तर पर विपक्षी दलों में कानाफूसी जरूर होती रहती है मगर किसी भी दल को लोकतंत्र में चुनाव लड़ने की पूरी आजादी होती है और आम आदमी पार्टी का यह जायज अधिकार है। सवाल महत्वपूर्ण यह है कि यदि इन राज्यों में भाजपा कोई कमाल दिखाने में कामयाब नहीं हो पाती है तो इसका सीधा असर अगले साल होने वाले लोकसभा चुनावों पर पड़ेगा। पहले चुनाव कर्नाटक में हुए थे जहां कांग्रेस पार्टी ने जबर्दस्त जीत हासिल करके भाजपा को सत्ता से बाहर कर दिया था। मगर राजस्थान व छत्तीसगढ़ में कांग्रेस स्वयं सत्ता में है अतः इसे इन राज्यों में अपनी सत्ता बचाये रखते हुए सत्ता के समर्थन में चुनावी हवा चलानी होगी। मध्य प्रदेश में स्थिति पूरी तरह बदली हुई है। यहां कांग्रेस की कोशिश कमलनाथ के पक्ष में सहानुभूति बटोरनी की होगी क्योंकि पिछले 2018 के चुनावों के बाद विधानसभा में सबसे बड़े दल के रूप में उभरने पर भोपाल में कमलनाथ के नेतृत्व में ही कांग्रेस सरकार बनी थी मगर मार्च 2020 में यह सरकार कुछ कांग्रेसी विधायकों के इस्तीफा देकर बागी नेता ज्योतिरादित्य सिन्धिया के साथ भाजपा से हाथ मिलाने की वजह से गिर गई थी और पुनः राज्य में श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में भाजपा सरकार गठित हुई थी। कमलनाथ इस राज्य के स्व.द्वारका प्रसाद मिश्र व अर्जुन सिंह के बाद सबसे बड़े कद्दावर नेता माने जाते हैं, अतः इस राज्य में चुनावी लड़ाई अन्य सभी राज्यों से भिन्न स्तर पर होती दिखाई पड़ेगी। इसमें भी कोई दो राय नहीं है कि भाजपा की ओर से जहां प्रधानमंत्री मोदी मुख्य चुनाव प्रचारक होंगे वहीं कांग्रेस की ओर से श्री राहुल गांधी होंगे, अतः इन चुनावों का राष्ट्रीय महत्व स्वयं ही सिद्ध हो जायेगा। इसके साथ भाजपा के लिए ये चुनाव पूर्व कांग्रेसी नेता व वर्तमान में केंद्र में उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिन्धिया के लिए भी कम महत्ता के नहीं होंगे। अब जनता इन नेताओँ और दलों के साथ साथ किन मुद्दों पर अपनी राय बनायेगी, यह भी महत्वपूर्ण होगा। पिछले नौ सालों से भाजपा चुनावी मुद्दा का एजेंडा सेट करती थी और दूसरे विपक्षी दल उसका जबाव देते थे। इस बार कांग्रेस ने अपनी रणनीति बदलते हुए बार बार उन मुद्दों को प्रमुखता से उठाया है, जिनका उत्तर देने में भाजपा असहज स्थिति में होती है। ऐसे में अमेरिका में दौरा कर वहां के राष्ट्रपति से साथ फोटो खिंचवाते प्रधानमंत्री मोदी और सोनीपत में किसानों के खेत में धान रोपते राहुल गांधी के बीच का अंतर मायने रखता है।

# अनेक समस्याओं की जड़ है बढ़ती आबादी

**विश्व जनसंख्या दिवस (11 जुलाई) पर विशेष**





**योगेश कुमार गोयल**
पत्रकार

भारत की आजादी के समय देश की आबादी 36 करोड़ थी, जो बढ़कर 143 करोड़ हो चुकी है। 2019 में संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में कहा गया था कि 2024 तक भारत और चीन की जनसंख्या बराबर हो जाएगी और 2027 में भारत चीन को पछाड़कर विश्व का सर्वाधिक आबादी वाला देश बन जाएगा लेकिन भारत इसी साल दुनिया का सबसे ज्यादा आबादी वाला देश बन चुका है। जनसंख्या संबंधित समस्याओं पर वैश्विक चेतना जागृत करने के लिए प्रतिवर्ष 11 जुलाई को ह्यविश्व जनसंख्या दिवसह्न मनाया जाता है। भारत के संदर्भ में देखें तो तेजी से बढ़ती आबादी के कारण ही हम सभी तक शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी जरूरतों को पहुंचाने में पिछड़ रहे हैं। बढ़ती आबादी की वजह से ही देश में बेरोजगारी की समस्या विकराल हो चुकी है। हालांकि विगत दशकों में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से नए रोजगार जुटाने के कार्यक्रम चलाए गए लेकिन बढ़ती आबादी के कारण ये सभी कार्यक्रम ह्यऊंट के मुंह में जीराह्न ही साबित हुए। बढ़ती जनसंख्या के कारण ही देश में आबादी और संसाधनों के बीच असंतुलन बढ़ता जा रहा है। हकीकत यही है कि विगत दशकों में देश की जनसंख्या जिस गति से बढ़ी, उस गति से कोई भी सरकार जनता के लिए आवश्यक संसाधन जुटाने की व्यवस्था करने में सफल नहीं हो सकती थी।

आज देश की बहुत बड़ी आबादी निम्न स्तर का जीवन जीने को विवश है। देश में करीब 40 फीसदी आबादी आजादी के बाद से ही गरीबी के आलम में जी रही है। गरीबी में जीवन गुजार रहे ऐसे बहुत से लोगों की यही सोच रही है कि उनके यहां जितने ज्यादा बच्चे होंगे, उतने ही ज्यादा कमाने वाले हाथ होंगे किन्तु यह सोच वास्तविकता के धरातल से परे है। लगातार बढ़ती महंगाई के जमाने में परिवार बड़ा होने से कमाने वाले हाथ ज्यादा होने पर जितनी आय बढ़ती है, उससे कहीं ज्यादा जरूरतें और विभिन्न उत्पादों की कीमतें बढ़ जाती हैं, जिनकी पूर्ति कर पाना सामर्थ्य से परे हो जाता है। इसलिए जनसंख्या नियंत्रण कार्यक्रमों की सफलता के लिए सर्वाधिक जरूरी यही है कि घोर निर्धनता में जी रहे ऐसे लोगों को परिवार नियोजन कार्यक्रमों के महत्व के बारे में जागरूक करने की ओर खास ध्यान दिया जाए क्योंकि जब तक इस कार्यक्रम में इन लोगों की भागीदारी नहीं होगी, तब तक लक्ष्य की प्राप्ति संभव नहीं है।

देश में जनसंख्या वृद्धि का मुकाबला करने के लिए पिछले काफी समय से कुछ कड़े कानून बनाने की मांग हो रही है लेकिन इस दिशा में कुछ राज्य सरकारें दो से ज्यादा बच्चों वाले परिवारों को सरकारी नौकरी तथा स्थानीय निकाय चुनावों में उम्मीदवारी से अयोग्य अघोषित करने जैसे जिस तरह के उपायों पर विचार कर रही हैं, उन्हें किसी भी दृष्टि से तर्कसंगत नहीं माना जा सकता। हालांकि जनसंख्या वृद्धि मौजूदा समय में गंभीर चुनौती है लेकिन ऐसे उपायों को संवैधानिक नजरिये से भी तर्कसम्मत नहीं माना जाता। चीन में 1980 से पहले केवल एक बच्चा पैदा करने की अनुमति थी, जिसका उल्लंघन करने पर दम्पति को न केवल सरकारी योजनाओं से वंचित कर दिया जाता था बल्कि सजा भी दी जाती थी लेकिन वहां यह नीति सफल नहीं हुई। इसीलिए चीन सरकार ने 2016 में इस नीति में बदलाव कर दो बच्चों की अनुमति दी और बाद में तीन बच्चों की अनुमति देनी पड़ी। चीन की तानाशाही सरकार द्वारा नीतियों में बड़ा बदलाव करते हुए दम्पत्तियों को तीन बच्चे करने की अनुमति क्यों दी गई, इसके कारण समझना भी जरूरी है। दरअसल वहां लोगों की सामान्य प्रजनन दर में निरन्तर गिरावट आ रही है और विशेषज्ञों के मुताबिक यही स्थिति भारत में भी होनी है।

जनसंख्या में स्थायित्व और कामकाजी युवाओं की स्थिर संख्या के लिए महिलाओं की सामान्य प्रजनन दर 2.1 होनी चाहिए और चीन में यह दर निरन्तर गिर रही है। 1970 में चीन में यह दर 5.8 थी, जो 2015 में घटकर 1.6 और 2020 में केवल 1.3 ही रह गई जबकि बुजुर्गों की आबादी लगातार बढ़ती गई। नेशनल ब्यूरो ऑफ स्टेटिस्टिक्स (एनबीएस) के अनुसार आने वाले समय में आबादी में अधिक उम्र वालों की संख्या बढ़ने से संतुलित विकास और जनसंख्या को लेकर दबाव बढ़ेगा। 1982 में हुई जनगणना में चीन की जनसंख्या में 2.1 फीसदी की सबसे ज्यादा वृद्धि दर्ज की गई थी लेकिन उसके बाद जनसंख्या में लगातार गिरावट दर्ज की गई, जिसके लिए वहां की कम्युनिस्ट सरकार द्वारा अपनाई गई दशकों पुरानी ह्यवन चाइल्ड पॉलिसीह्न को जिम्मेदार माना जाता है। विगत एक दशक में चीन की जनसंख्या करीब सात करोड़ बढ़ी है लेकिन बुजुर्गों की संख्या बढ़ने से चीन के लिए अलग ही समस्या उत्पन्न होने लगी है। दरअसल चीन को आशंका है कि अगले दस वर्षों में उसकी जनसंख्या में गिरावट आएगी, जिससे कामगारों की संख्या में कमी आने से उसकी खपत भी घटेगी। एनबीएस के आंकड़ों के मुताबिक चीन को जिन जनसांख्यिकीय संकट का सामना करना पड़ा था, वह और गहरा होने की उम्मीद थी, इसीलिए चीन को अपनी जनसंख्या नीति में बदलाव करने पर विवश होना पड़ा। वन चाइल्ड पॉलिसी के बाद चीन को विगत सात वर्षों में दो बार अपनी जनसंख्या नीति में बड़ा परिवर्तन करना पड़ा। इसलिए टू चाइल्ड पॉलिसी जैसे कानूनों के जरिये जनसंख्या नियंत्रण की कोशिशों को व्यावहारिक नहीं माना जा रहा बल्कि इसके लिए डराने-धमकाने वाले कानूनों के बजाय लोगों में जागरूकता पैदा किया जाना सबसे जरूरी है।

# गुरु - शिष्य की कहानी

**प्रेरक-प्रसंग**



एक बार एक शिष्य ने विनम्रतापूर्वक अपने गुरु जी से पूछा- गुरु जी,कुछ लोग कहते हैं कि जीवन एक संघर्ष है, कुछ अन्य कहते हैं कि जीवन एक खेल है और कुछ जीवन को एक उत्सव की संज्ञा देते हैं। इनमें कौन सही है? गुरु जी ने तत्काल बड़े ही धैर्यपूर्वक उत्तर दिया-

पुत्र,जिन्हें गुरु नहीं मिला उनके लिए जीवन एक संघर्ष है; जिन्हें गुरु मिल गया उनका जीवन एक खेल है और जो लोग गुरु द्वारा बताये गए मार्ग पर चलने लगते हैं, मात्र वे ही जीवन को एक उत्सव का नाम देने का साहस जुटा पाते हैं।

यह उत्तर सुनने के बाद भी शिष्य पूरी तरह से संतुष्ट न थो गुरु जी को इसका आभास हो गया`वे कहने लगे-लो, तुम्हें इसी सन्दर्भ में एक कहानी सुनाता हू्। ध्यान से सुनोगे तो स्वयं ही अपने प्रश्न का उत्तर पा सकोगे`उन्होंने जो कहानी सुनाई,वह इस प्रकार थी-

एक बार की बात है कि किसी गुरुकुल में तीन शिष्यों नें अपना अध्ययन सम्पूर्ण करने पर अपने गुरु जी से यह बताने के लिए विनती की कि उन्हें गुरुदाक्षिणा में, उनसे क्या चाहिए। गुरु जी पहले तो मंद-मंद मुस्कराये और फिर बड़े स्नेहपूर्वक कहने लगे-मुझे तुमसे गुरुदक्षिणा में एक थैला भर के सूखी पत्तियां चाहिए, ला सकोगे? वे तीनों मन ही मन बहुत प्रसन्न हुए क्योंकि उन्हें लगा कि वे बड़ी आसानी से अपने गुरु जी की इच्छा पूरी कर सकेंगे । सूखी पत्तियां तो जंगल में सर्वत्र बिखरी ही रहती हैं वे उत्साहपूर्वक एक ही स्वर में बोले-जी गुरु जी, जैसी आपकी आज्ञा। अब वे तीनों शिष्य चलते-चलते एक समीपस्थ जंगल में पहुंच चुके थे। लेकिन यह देखकर कि वहां पर तो सूखी पत्तियाँ केवल एक मुट्ठी भर ही थीं ,उनके आश्चर्य का ठिकाना न रहा। वे सोच में पड़ गये कि आखिर जंगल से कौन सूखी पत्तियां उठा कर ले गया होगा? .. .. **जारी।**

विश्व जनसंख्या दिवस विशेष

# बढ़ती आबादी सीमित संसाधनों पर असीमित दबाव बढ़ा रही



**डॉ. प्रितम भि. गेडाम**
स्तंभकार

मनुष्य को समाज में जीवन उपयोगी घटक और बेहतर विकास के लिए आवश्यक संसाधन बेहद जरुरी हैं जो मनुष्य के विकास के साथ देश और मानवजाति के विकास को भी गति प्रदान करते हैं। आधारभूत जरूरत में शुद्ध ऑक्सीजन, पानी, भोजन की आवश्यकता होती हैं, उसके बाद जीवन यापन के लिए कपड़ा, मकान, स्वास्थ्य सुविधा, शिक्षा, नौकरी, व्यवसाय और फिर उसके बाद विलासिता के संसाधन होते हैं। प्रत्येक मनुष्य को खुद का विकास करने का संवैधानिक अधिकार हैं, सभी के लिए कानून समान हैं। हर एक को विकसित होने के लिए समान मौके मिलने ही चाहिए। विश्व में वही देश विकसित हुए हैं, जो सीमित संसाधनों में सीमित आबादी को बेहतर से बेहतर सुविधा दे पाएं, क्योंकि उन पर असीमित आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए दबाव नहीं हैं। दुनिया में बहुत से छोटे-छोटे देश हमसे कई गुना विकसित है, वहां शुद्ध हवा पानी भोजन के साथ-साथ रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य की बेहतर सुविधाएं मौजूद हैं। हमारे देश के लाखों विद्यार्थी हर साल ऐसे देशों में उच्च शिक्षा के लिए जाते हैं, वहां बड़े वेतन का रोजगार प्राप्त कर बेहतर जीवन यापन करते हैं।

**प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन से ग्लोबल वार्मिंग, प्राकृतिक आपदाएं बढ़ रही हैं, अर्थात सीमित साधनों पर असीमित आवश्यकताओं की पूर्ति का दबाव बेहतर प्रणाली को भी बिगाड़ देते हैं।**

हमारे देश की आबादी विश्व में सबसे ज्यादा हैं, और जितनी ज्यादा आबादी उतनी ज्यादा जरूरतें। जब ये जरुरतें योग्य पद्धति से पूर्ण नहीं होती हैं तो वे जरूरतें नई समस्याओं को जन्म देते हैं। प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन से ग्लोबल वार्मिंग, प्राकृतिक आपदाएं बढ़ रही हैं, अर्थात सीमित साधनों पर असीमित आवश्यकताओं की पूर्ति का दबाव बेहतर प्रणाली को भी बिगाड़ देते हैं। इस कारण सामान्य मनुष्य का जीवन जन्म से ही संघर्षमय हो जाता हैं और यह संघर्ष जीवन के अंत तक चलता रहता हैं। बढ़ती आबादी से शुद्ध हवा पानी भोजन की समस्या तेजी से बढ़ती हैं उसके बाद बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधा, रोजगार या व्यवसाय के लिए संघर्ष होता हैं जिसके कारण समाज में गरीबी, भुखमरी, बीमारियां, अशिक्षा, बालश्रम, बेरोजगारी, नशाखोरी, भ्रष्टाचार, अपराध, गलिच्छ जीवनमान, मलिन बस्तियां, प्रदूषण, गन्दगी जैसी समस्याओं का जन्म होता हैं। आर्थिक विषमता तेजी से बढ़ती है। मिलावटखोरी, महंगाई, धोखाधड़ी जैसी समस्या चरम पर होती हैं, क्योंकि सब अपने फायदे के लिए जो बन पड़े करने को तैयार रहते हैं। इससे लोगों के विचारधारा में नकारात्मकता सतत बढ़ती हैं जो दुष्ट प्रवृत्ति को जन्म देती हैं। अधिक जनसंख्या के कारण होने वाली समस्याओं के समाधान और इन समस्याओं के बारे में जनता को शिक्षित करने के लिए प्रतिवर्ष 11 जुलाई को ह्वविश्व जनसंख्या दिवसह्व मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र के वल्डोमीटर के नवीनतम डेटा अनुसार, 4 जुलाई, 2023 तक भारत की वर्तमान जनसंख्या 1,420,644,759 है और विश्व की आबादी 8,04,23,45,910 पार हो चुकी है। आज भारत देश की जनसंख्या विश्व की कुल जनसंख्या के 17.7% के बराबर है, जबकि क्षेत्रफल 2.4 हैं। कंट्री मीटर के अनुसार, 2023 में भारत की जनसंख्या में प्रतिदिन 49,179 व्यक्तियों की वृद्धि हो रही। यूएनएफपीए की विश्व जनसंख्या रिपोर्ट 2023 के अनुसार, भारत दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश बना है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत की कुल आबादी का 68 फीसदी हिस्सा 15 से 64 साल की उम्र के बीच है, जिसे किसी भी देश की कामकाजी आबादी माना जाता है।

जानकारी

# विजयनगर बीच



इस समुद्र तट की शांति और सुंदरता इसे भीड़-भाड़ से दूर छुट्टियों का आनंद लेने के लिए एक नायाब गंतव्य बनाती है। इस मनोरम समुद्र तट की यात्रा यात्रियों को ऐसे दौरे का आनंद देती है जिसकी यादें जीवन भर भूलना मुश्किल रहती हैं।

**वहां पर होना**

विजयनगर समुद्रतट हैवलॉक द्वीप में स्थित है। यहां पहुंचने के लिए हैवलॉक जेट्टी से ऑटो रिक्शा या एसी बस ले सकते हैं। डॉल्फिन रिजॉर्ट तक प्रतिदिन एक एसी बस चलती है। पर्यटक विजयनगर समुद्र तट तक पहुंचने के लिए मोटरसाइकिल किराए पर ले सकते हैं या द्वीप के माध्यम से पैडल चला सकते हैं।

**अंदर और आसपास करने और देखने लायक चीजें**

कयाकिंग, गेम फिशिंग, बर्ड वॉचिंग, स्नॉर्कलिंग, तैराकी, समुद्र तट पर घूमना, धूप सेंकना, सर्फ की सवारी, ट्रैकिंग और नौकायन कुछ प्रमुख साहसिक गतिविधियाँ हैं जिनमें कोई भी विजयनगर समुद्र तट की यात्रा के दौरान भाग ले सकता है।

# 15 हजार रुपये सस्ता मिल रहा iPhone 14 Plus



साइबर दुनिया

नई दिल्ली : अगर आप बड़ी डिस्प्ले वाला आईफोन खरीदने का विचार कर रहे हैं तो यह मौका बहुत फायदेमंद साबित होने वाला है। ई-कॉमर्स साइट Amazon ´fSX Apple iPhone 14 Plus काफी सस्ते में मिल रहा है। iPhone 14 Plus में 6.7 इंच की Super Retina XDR OLED डिस्प्ले और 12 मेगापिक्सल का सेल्फी कैमरा दिया गया है। आइए आईफोन 14 प्लस पर मिलने वाली डील के बारे में विस्तार से जानते हैं।

**iPhone 14 Plus की कीमत**

iPhone 14 Plus के 128GB स्टोरेज वेरिएंट को ई-कॉमर्स साइट अमेजन पर 13 प्रतिशत छूट के बाद 77,999 रुपये में लिस्ट किया गया है। बीते साल आईफोन 14 को भारतीय बाजार में 89,900 रुपये की शुरूआती कीमत पर लॉन्च किया गया था। लॉन्च कीमत के हिसाब से यह आईफोन अब 11,901 रुपये सस्ता मिल रहा है।

**बैंक ऑफर**

बैंक ऑफर की बात की जाए तो HDFC Bank क्रेडिट कार्ड या डेबिट कार्ड से भुगतान करने पर 4,000 रुपये का फ्लैट डिस्काउंट मिल सकता है, जिसके बाद प्रभावी कीमत 73,999 रुपये हो जाएगी। इस दौरान कीमत में कटौती और बैंक ऑफर को मिलने पर कुल बचत 15,901 रुपये की हो रही है।

**iPhone 14 Plus के फीचर्स और स्पेसिफिकेशंस**

iPhone 14 Plus में 6.7 इंच की Super Retina XDR OLED डिस्प्ले है , जिसका रेजोल्यूशन 1284 x 2778 पिक्सल है। प्रोसेसर की बात करें तो यह आईफोन हैक्सा कोर Apple A15 Bionic (5 nm) के साथ आता है। इस आईफोन में iOS 16 ऑपरेटिंग सिस्टम दिया है। कैमरा सेटअप की बात की जाए तो इस आईफोन में f/1.5 अपर्चर के साथ 12 मेगापिक्सल का पहला कैमरा और f/2.4 अपर्चर के साथ 12 मेगापिक्सल का दूसरा कैमरा दिया गया है।

**टॉप ट्वीट**



"उत्तर भारत के राज्यों में अत्यधिक बारिश के कारण कई लोगों की मौत दुखद और दर्दनाक है।"

मल्लिकार्जुन खड़गे
कांग्रेस अध्यक्ष



"22 इंच की कमर वाले दिन कब के चले गए। काश अगर टाइम रुक गया होता।"

सायरा बानु
बॉलिवुड अभिनेत्री

संपादक के नाम पत्र

## मैदान में चित्त होते बृजभूषण

सरकार की आरंभिक ना-नूकर के बाद आखिरकार कुश्ती संघ अध्यक्ष के खिलाफ कानूनी कार्यवाही दम पकड़ने लगी है। कोर्ट में पेशी के बाद परतें और खुलेगी। बहरहाल मामले में सच्चाई की गुंजाइश कोर्ट की टिप्पणी के बाद ज्यादा नजर आने लगी है। अब सारा दारोमदार उत्पीड़ित महिला पहलवानों के बयानों पर है जिसके आरोप मामले में को आगे बढ़ा सकेंगे। बड़ी मशक्कत के बाद आखिरकार भाजपा सांसद और कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृज भूषण के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू हुई है। आरोप है कि बृजभूषण महिला पहलवानों का यौन उत्पीड़न करते रहे हैं। धरना, प्रदर्शन और आंदोलन के बाद मामला कोर्ट पहुंचा जहां 18 जुलाई को बृजभूषण को हासिल हाजिर होना है। अब तक मामले को लेकर जितना हो हल्ला मचा उसके बाद दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट की टिप्पणी बड़ी अहम हो जाती है जिसमें कहा गया कि ब्रज भूषण के खिलाफ आगे बढ़ने के लिए पर्याप्त सबूत हैं कोर्ट के कथन के बाद मामला ज्यादा गंभीर हो गया है। अब जरूरत इस बात की है कि बगैर राजनीति और भेदभाव के मामला सच्चाई तक पहुंचे और जो भी दोषी हो उसे कड़ी सजा मिले ताकि इस तरह के मामलों की पुनरावृत्ति ना हो।

अमृतलाल मारू 'रवि' इंदौर मप्र

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### दो आरोपी घटना के डेढ़ साल बाद चढ़े पुलिस के हत्थे

**इचाक :** इचाक पुलिस ने पोखरिया गांव के स्व गोपाल मेहता के पुत्र अनिल मेहता के हत्या में शामिल दो नामजद आरोपियों को घटना के डेढ़ साल बाद गिरफ्तार किया है।दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी रविवार की रात उनके घर से हुई है। गिरफ्तार आरोपियों में कृष्णा सिंह और राजेश प्रसाद मेहता पोखरिया शामिल है। पुलिस ने आरोपियों को सोमवार दिन न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## सिटी अपडेट्स >>

### विश्वविद्यालय में पाठ्यक्रम निर्धारण का कार्य शुरू

**हजारीबाग :** हजारीबाग विनोबा भावे विश्वविद्यालय में नई शिक्षा नीति 2020 के तहत 4 वर्षीय स्नातक स्तरीय पाठ्यक्रम का निर्धारण का काम युद्धस्तर पर किया जा रहा है। ज्ञात हो कि झारखंड सरकार के निर्देश पर संज्ञान लेते हुए विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.(डॉ.) अजीत कुमार सिन्हा ने सभी विषयों के पाठ्यक्रम निर्धारण का निर्देश दिया था। विश्वविद्यालय के नई शिक्षा नीति के नोडल अधिकारी डॉ0 इंद्रजीत कुमार सभी विभागों का दौरा कर आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे हैं। इसी कड़ी में राजनीति विज्ञान विभाग में पाठ्यक्रम समिति की बैठक विभागीय पुस्तकालय में सोमवार को आयोजित हुई। बतौर विषय विशेषज्ञ बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 संजू कुमारी बैठक में भाग ली। अध्यक्षता डॉ0 सुकल्याण मोइत्रा ने की । बैठक में मेजर के बीस पत्रों का तथा माइनर के चार पत्रों का पाठ्यक्रम का निर्धारण किया गया। साथी तीन पत्र एडवांस मेजर का पाठ्यक्रम का निर्धारण भी कर लिया गया। आज के बैठक में स्नातकोत्तर विभाग से डॉ अजय बहादुर सिंह, संत कोलंबा महाविद्यालय से डॉ0 अशोक राम, मार्खम महाविद्यालय से डॉ0. रंजीत कुमार, तथा चतरा महाविद्यालय से डॉ0. एल्विन बाखला बैठक में भाग लिए।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### नेता गौतम ने विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर सुनी आम जनता की समस्या

इचाक : इचाक बरकट्ठा विधानसभा के भावी प्रत्यासी गौतम कुमार ने बरकट्ठा व जयनगर प्रखंड के विभीन्न क्षेत्रो का दौरा किया।जिसमे विधानसभा के अंतर्गत पिपचो,तिलोकरी, रुपायडीह,गोहाल,केंदुआ,बरक नगांगो,तुरकबाद,चुगलामो,केंदुआ,कल्हाबाद,छुटहरी कटिया,गैपाडी ,डपोक, चेचकप्पी,इत्यादि क्षेत्रो का दौरा कर अपने चहेतों से मिलकर बरकट्ठा विधानसभा के विकास की रणनीति पर चर्चा हुई।शनिवार को जयनगर प्रखंड के पिपराडीह गांव में समाजसेवी महेंद्र दास की आकस्मित मृत्यु पर मिलकर उनके परिजनों से मिलकर ढाढस भी दिए।गौतम कुमार ने आगे भी उनके पत्नी को पारिवारिक लाभ दिलवाने की भरोसा भी दिए।वही बरकट्ठा प्रखंड के छुतहरी कटिया के निवासी मिथलेश यादव की आकस्मित दर्दनाक मृत्यु पर उनके परिवार से मिलकर हिम्मत भी बांधा और सरकारी लाभ दिलवाने के भरोसा भी दिलवाए।गौतम कुमार बरकट्ठा व जयनगर क्षेत्रो का दौरा के दौरान कहा कि चाचा भतीजा ने बीस सालों में सिर्फ अपने परिवार को देखा।वे दोनों जनता के हमदर्द नही बने बल्कि जनता को सिर्फ दर्द दिया।इस बार जनता एक युवा को मौका देने का काम करे।

### छह से लेकर दसवीं तक बच्चे को पुस्तक दिया गया

**इचाक :** इचाक मॉडल विद्यालय के प्रांगण में विद्यालय के अध्यक्ष दयानंद कुमार के द्वारा कक्षा 6 कक्षा 7 कक्षा 8 कक्षा 9 एवं कक्षा 10 के सभी छात्र छात्राओं को पुस्तक वितरण किया गया इसमें विद्यालय के शिक्षक गण मॉडल विद्यालय के प्रभारी शाहनवाज आलम, पवन कुमार चौधरी,श्वेता आनंद ,संजय कुमार दास और श्रीमती रेखा अग्रवाल ने भाग लिया ।

**छापामारी** गुप्त सूचना के आधार पर पश्चिमी वन विभाग डीएफओ ने छापामारी कर

# दो अवैध आरा मशीन सहित लकड़ी का बोटा किया जप्त, दो पर मामला दर्ज

राष्ट्रीय खबर



**हजारीबाग :** हजारीबाग जिले के केरेडारी बड़कागांव वन विभाग ने बड़ी करवाई करते हुए बड़कागांव वन क्षेत्र अंतर्गत केरेडारी प्रखंड के पहरा अधिसूचित वन क्षेत्र से दो अवैध आरा मशीन सहित दो ट्रैक्टर लकड़ी का बोटा जप्त किया गया । जप्त सामग्री बड़कागांव वन कार्यालय लाया गया। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यह करवाई हजारीबाग पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना के बाद हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल डीएफओ शब्बा आलम अंसारी के निदेर्शानुसार हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल के सहायक वनसंरक्षक अविनाश कुमार परमार, बड़कागांव रेंजर कमलेश कुमार सिंह तथा सदर रेंजर सत्येंद्र कुमार चौधरी के नेतृत्व में करवाई की गई।

जप्त लकड़ी में शीशम सह लिप्टस की बोटा जप्त की गई तथा पहरा निवासी मोहन साव एवं नितेश साव के विरुद्ध वन विभाग में मामला दर्ज की गई।हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल के सहायक संरक्षक अविनाश कुमार परमार ने कहा कि अवैध आरा मशीन तथा अवैध लकड़ी कारोबार करने वाले के विरुद्ध लगातार कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जा रही है। और आगे भी करवाई की जाएगी। मौके पर मुख्य रूप से हजारीबाग पश्चिमी वन संरक्षक पदाधिकारी अविनाश कुमार परमार, बड़कागांव रेंजर कमलेश कुमार सिंह, सदर रेंजर सत्येंद्र कुमार चौधरी, बड़कागांव वनपाल संटु कुमार शर्मा, ओम प्रकाश, अमर आनंद सरस्वती वनरक्षी भोला साहू, मनोरंजन कुमार, केशव महतो, विनोद बेसरा, अजय कुमार यादव एवं बड़कागांव वन प्रक्षेत्र,सदर वन प्रक्षेत्र,बरही वन प्रक्षेत्र के समस्त पदाधिकारी के अलावे केरेडारी पुलिस के जवान शामिल थें।

## प्रथम सोमवारी पर दूध,बेलपत्र का किया गया वितरण



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग शहर के बुढ़वा महादेव मंदिर परिसर में हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सावन माह के प्रथम सोमवारी के शुभ अवसर पर श्रद्धालुओं के बीच दूध एवं बेलपत्र का वितरण किया गया। वितरण कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक यादव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित हुए। उपस्थित सभी लोगों ने आने वाले श्रद्धालुओं को दूध,बेलपत्र का वितरण किया वही सभी ने हर हर महादेव एवं ॐ नमः शिवाय का जयकारा लगाया वितरण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने सावन की प्रथम सोमवारी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हजारीबाग यूथ विंग संस्था के द्वारा काफी सराहनीय कार्य किया जा रहा है। संस्था के द्वारा ऐसा कार्यक्रम धर्म के क्षेत्र में काफी सराहनीय है। हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन ने कहा कि ऐसे धार्मिक कार्यक्रम को आयोजित कर टीम के समस्त सदस्यों को काफी ऊर्जा मिलती है। यह कार्यक्रम सावन के समस्त सोमवारी को किया जाएगा। वही अध्यक्ष लखन खण्डेलवाल ने कहा कि सेवा के प्रति सदैव समर्पित है हजारीबाग यूथ विंग।

## 15 सदस्यीय एनडीआरएफ की टीम ने दूसरे दिन भी चलाया रेस्क्यू ऑपरेशन



राष्ट्रीय खबर

**चरही :** चरही जितेश कुमार 9 बटालियन के नेतृत्व में 15 सदस्य एनडीआरएफ की टीम द्वारा फिर से रविवार को रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। बीते शनिवार को चरही थाना क्षेत्र के सीसीएल 42 नंबर कॉलोनी के खदान में एक बच्ची संजना कुमारी डूब गई थी। जिसके बाद एनडीआरएफ की टीम द्वारा रविवार को दिनभर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया परंतु एनडीआरएफ की टीम को सफलता नहीं मिल पाई थी। जिसके बाद एनडीआरएफ की टीम द्वारा पुनः सोमवार को ऑपरेशन प्रारंभ किया गया। घटनास्थल पर एनडीआरएफ की टीम के द्वारा शव को खोजने का पुरजोर प्रयास किया गया। जितेश कुमार 9 बटालियन एनडीआरएफ के 15 सदस्यीय टीम में जिसमें 2 गोताखोर भी शामिल हैं। उनके द्वारा सोमवार को दिन भर ढूंढने का प्रयास किया गया।

**क्या कहते हैं ऑपरेशन इंचार्ज**

इस संबंध में ऑपरेशन इंचार्ज जितेश कुमार 9 बटालियन से पूछे जाने पर उन्होंने जानकारी दी की हमारे द्वारा तीन तरह के टेक्निक का प्रयोग किया जा रहा है जिसमें पहला वेब टेक्निक होता है। जिसमें पानी में जोरदार लहर उत्पन्न किया जाता है। जिससे फसा हुआ शव ऊपर की ओर आ सके। दूसरी टेक्निक डीप डाइविंग है। जिसमें गोताखोर पानी की सतह तक जाकर शव को ढूंढने का प्रयास करते हैं। इसके अलावा तीसरी टेक्निक लाइन सर्च है। जिसमें एक सटीक स्थल पर शव को ढूंढने का प्रयास किया जाता है। उन्होंने संभावना जताते हुए कहा की पानी बहुत गहरा है। और साथ ही नीचे जाते जाते काफी ठंडा है। संभवता मृत शरीर लगभग 48 से 72 घंटे में डीकंपोज होकर पानी के ऊपरी तल पर आ जाता है। और यह प्रक्रिया रेडॉन गैस की वजह से होता है। यह ऑपरेशन आगे कब तक जारी रहेगा पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन के आदेश के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

## न्यूज फटाफट

### कर्णपुरा महाविद्यालय बड़कागांव को नैक से मान्यता मिली

**बड़कागांव :** बड़कागांव कर्णपुरा महाविद्यालय के प्राचार्य कीर्तिनाथ महतो ने बताया कि कर्णपुरा महाविद्यालय बड़कागांव को नैक (नेशनल एक्रीडिटेशन एसेसमेंट ऑफ काउंसिल ) बेंगलुरु भारत से मान्यता मिल गई है। अब कर्णपुरा महाविद्यालय नेक एग्रीगेटेड कॉलेज हो गया । नैक टीम कश्मीर पंजाब तथा उड़ीसा राज्य से आए हुए थे, उन्होंने महाविद्यालय का निरीक्षण कर सफलतापूर्वक मान्यता प्रदान किया जिससे कर्णपुरा महाविद्यालय परिवार सहित बच्चे - बच्चियों को मिठाइयां बांटकर तथा पटाखे फोडकर खुशियां मनाई गई यह कार्य 35 वर्षों के बाद प्रथम बार सफल हो पाई है । सफलता के लिए प्राचार्य के द्वारा सभी शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारी ,सचिव टुकेश?वर प्रसाद, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो डॉ0.बालेश्वर महतो, नैक टीम एवं जीबी के सभी सदस्य सहित सभी छात्र छात्राओं एवं पत्रकार बंधुओं को बधाई दिए । कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा नैक टीम वापस जाओ का नारा दिया गया था। लेकिन उसका मुंह काला हो गया और कॉलेज को नैक टीम से सफलता पूर्वक ग्रेडिंग मिल गई । इस कार्यक्रम में प्राचार्य कीर्ति नाथ महतो ,सचिव टुकेश?वर प्रसाद, प्रो0 निरंजन प्रसाद नीरज, प्रो0. सुरेश महतो ,प्रो0 ज्योति जलधार प्रो0 फजरूद्दीन डॉ0 चंद्रशेखर राणा प्रो0 नरेश कुमार दांगी प्रोफेसर पवन कुमार, प्रो0 अनु कुमारी , प्रो0. रंजीत प्रसाद प्रोफेसर राम किशोर प्रसाद दांगी,प्रो0 रितु राज दास, प्रो0 ललिता कुमारी , सनवीर कुमार नेमधारी राम ,धनुनाथ प्रसाद सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे ।

### समाहरणालय परिसर में पौधरोपण



**हजारीबाग :** आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में आज नया समाहरणालय परिसर में पौधरोपण अभियान के तहत चौथे मनोज रतन,आरक्षी अधीक्षक हजारीबाग के द्वारा कल्पतरु एवं चंदनरोपण किया गया। इस अवसर पर 04पीपल,04 बरगद, 03चंदन,01चलता,04कटहल, 04 नीम,04,करंज के पौधों का रोपण किया गया जन सहयोग से जिला परिषद् चौक से विनोबा भावे विश्वविद्यालय तक एन.एच.के किनारे-किनारे देवतरु पीपल का रोपण ट्री गार्ड के साथ किया जा रहा है। 05 जून2023 से आजतक 101 पीपल ,बरगद,गूलर,का रोपण किया गया है। झील न.04 के किनारे किनारे भी 55आम ,जामुन ,कटहल,पीपल का रोपण किया गया है। आज के समारोह में जिला शिक्षा पदाधिकारी उपेन्द्र नारायण,डा.मनोज कुमार, शंकर दूबे,अरविंद पाठक,अभिमन्यु कुमार, परमानन्द,राजकीय शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्रशिक्षुओं एवं समाहरणालय कर्मियों की सहभागिता रही।

### दूसरे दिन पुलिस टीम ने किया सिर का तलाश पर हाथ रहे खाली

**इचाक :** इचाक लोटवा नेशनल पार्क जंगल में रविवार को सिर कटा युवक का शव मिलने के दूसरे दिन इचाक पुलिस की ओर से सिर के बरामदगी को लेकर सर्च अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व प्रशिक्षु आईपीएस सह थाना प्रभारी कुमार शिवाशीष कर रहे थे। सर्च अभियान में निवर्तमान थाना प्रभारी धनंजय सिंह के अलावा पुलिस पदाधिकारी और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।प्रशिक्षु आईपीएस कुमार शिवाशीष ने बताया कि पुलिस द्वारा घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण करते हुए, लोटवा, पंडरा नेशनल पार्क के जंगलों में सिर की तलाशी को लेकर अभियान चलाया गया, किंतु सफलता नहीं हाथ लगी। उन्होंने बताया कि घटनास्थल से पुलिस ने रविवार को एक पाजामा बरामद किया है। इसके अलावा पुलिस को कुछ भी हाथ नहीं लगा।उन्होंने कहा कि फॉरेंसिक जांच की सिफारिश किया जाएगा।ताकि अगले बीस साल तक भी मृतक की पाचन हो सके। आसपास थानों को सिर कटा शव मिलने की सूचना दे दी गई है ।ताकि मृतक की पहचान हो सके। बताया कि एक निश्चित समय अवधि तक मृतक के शव को पोस्टमार्टम के मर्चरी में रखा जाएगा इसके बाद दफनाने की प्रक्रिया की जाएगी। बता दें कि नेशनल पार्क से सटे लोटवा जाने के रास्ते में सिर कटा हुआ युवक का नंग धड़ंग शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई थी। अंदेशा जताया जा रहा है, कि युवक की अन्यत्र हत्या कर शव को बाइक से लाकर अपराधियों ने लोटवा जंगल में फेंक दिया होगा। ताकि हत्या के साक्ष्य को छुपाया जा सके।

### अनाथ आश्रम कर्णपुरा क्षेत्र बड़कागांव का नारियल फोड़ व भूमि पूजन कर शिलान्यास किया



**बड़कागांव :** बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद द्वारा महुदी पहाड़ बुढ़वा महादेव मेला प्रांगण में बुढ़वा महादेव शांति सह विकास समिति के नेतृत्व में बुढ़वा महादेव वृद्धा एवं अनाथ आश्रम कर्णपुरा क्षेत्र बड़कागांव का नारियल फोड़ व भूमि पूजन कर शिलान्यास किया गया। इस वृद्धा आश्रम एवं अनाथ आश्रम के लिए विधायक द्वारा 5 लाख की राशि देने की घोषणा करते हुए तत्काल 2 लाख राशि का अनुशंसा पत्र बुढ़वा महादेव शांति सह विकास समिति को सौंपा गया। इस अवसर पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि भगवान ना करे कि किसी को इस क्षेत्र में अपने घर परिवार एवं बेटा-पुतो को छोड़कर वृद्धा आश्रम एवं अनाथ आश्रम जाना पड़े। बावजूद वर्तमान परिस्थिति में बढ़ते परिवारिक कलह के कारण भविष्य का कहना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि यह नेक काम जिसने भी सोचा है यह बहुत ही सराहनीय कदम है। इस नेक कार्य के लिए मैं राशि देने के लिए प्रेरित हुई। उक्त आश्रम निर्माण के लिए बुढ़वा महादेव शांति समिति सह विकास समिति के अध्यक्ष दामोदर प्रसाद मेहता एवं सदस्य गुरुचट्टी निवासी रामचंद्र महतो द्वारा भूमि दान देने की घोषणा की है। अध्यक्ष दामोदर प्रसाद मेहता ने कहा कि उक्त वृद्धा सह अनाथ आश्रम दो मंजिला बहुत जल्द ही तैयार हो जाएगा। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से चंदा देकर सहयोग करने की अपील की है। इस अवसर पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, प्रशासनिक प्रतिनिधि सुरेश महतो, केरेडारी विधायक प्रतिनिधि सुरेश साव, पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर, दामोदर प्रसाद मेहता, सुभाष सिंह, सुबोध जयसवाल, रामचंद्र महतो, अनिल प्रसाद दांगी, सुरेंद्र कुमार, प्रवीण कुमार, विगल किशोर महतो, सच्चिदानंद पांडे, सत्यजीत, सुनील कुमार, प्रेमचंद कुमार, देवेंद्र जायसवाल, संजय कुमार, केदार महतो, प्रेमनाथ कुमार, प्रदीप महतो, जय शंकर मेहता, मिथिलेश कुमार सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

## महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत ने किया वार्ड का दौरा



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग कांग्रेस महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत के नेतृत्व में वार्ड नंबर 5,6,7,8,9 और 10 वार्ड में वार्ड अध्यक्ष और उसकी कमेटी के साथ संगठन के मजबूती को लेकर बैठक की गई इस बैठक में मुख्य रूप से आने वाले नगर निगम चुनाव, लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव में संगठन की मजबुती और विस्तार पर चर्चा की गई और साथ ही साथ वार्ड की समस्याओं को देखा और अधिकांश जगह लोगो मे वृद्धा पेंशन,विधवा पेंशन, राशन कार्ड में नाम लिखाने, सुधरवाने ,आवास योजना ,नाली की समस्या,बिजली की तार जर्जर स्थिति में है। उसे बदलने की आवश्कता है। इस तरह की समस्या वार्ड में व्यापक रूप से है। उपस्थित लोगों को अपने अपने वार्ड में जो जन समस्या है। उसे कांग्रेस कार्यालय में समाधान पेटी में डालने का आह्वान किया इस जनसंपर्क अभियान में मुख्य रूप से महानगर कांग्रेस उपाध्यक्ष कृष्णा किशोर प्रसाद ने कहा कि हमलोग ने आज जितने भी वार्ड का भर्मण किया उससे यही प्रतीत हुआ कि अधिकांश वार्ड में सही तरीके से,सही स्थान पर कार्य नहीं हो सका , जिससे वहां के लोगो का विकास नही हो सका और उन्हें बुनयादी समस्याओं से वंचित होना पड़ा । इस मौके पर महानगर उपाध्यक्ष परवेज अहमद ने उपस्थित वार्ड अध्यक्ष और उनके टीम को अभी से ही संगठन में मजबूती पर बल देने को कहा इस अवसर पर युवा कांग्रेस के खालिद मोहमद ने भी उपस्थित लोगों को अपनी समस्याओं को आवेदन के रूप में जिला कांग्रेस कार्यलय में समाधान पेटी में डालने का आह्वान किया ।

## भगवान शिव हर संकट को हर लेते हैं: बन्ना गुप्ता



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** भगवान शिव हर संकट को हर लेते हैं। भोलेनाथ नाम जाप मात्र से ही हर कष्टों से मुक्ति मिलती हैं। भगवान महादेव की पूजा से हर कार्यो में सफलता मिलती हैं। ये बातें स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने प्रथम सोमवारी के अवसर पर भक्तों को संबोधित करते हुए कही स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने पवित्र सावन महीने के प्रथम सोमवारी के पावन उपलक्ष्य पर आदर्श नगर डिमना रोड स्थित श्री सोमनाथ शिव मंदिर में धर्म पत्नी सुधा गुप्ता संग देवो के देव महादेव भगवान शिव शंकर की पूजा अर्चना कर राज्यवासियो के खुशहाली और समृद्धि की कामना की इस अवसर पर उन्होंने 251 भक्तों के कलश यात्रा को भी रवाना किया जो स्वर्णरेखा नदी में जाकर जल अर्पण किया इससे पहले सोमनाथ मंदिर समिति के संयोजक दीपक गुप्ता ने मंत्री बन्ना गुप्ता और उनकी धर्म पत्नी सुधा गुप्ता को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।

**बैठक** कार्यकताओं के साथ बूथ,पन्ना कमेटी को सशक्त बनाने को लेकर बैठक संपन्न

# भाजपा कार्यकर्ताओं को ऊर्जा दे गए दीपक प्रकाश

राष्ट्रीय खबर



**हजारीबाग :** हजारीबाग सोमवार को सदर व माण्डू विधानसभा स्तरीय भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक यादव की अध्यक्षता में अटल सेवा केंद्र के सभागार में बूथ कमेटी का निर्माण,शक्ति केन्द्र,पन्ना कमेटी को शशक्त बनाने को लेकर बैठक का आयोजन किया गया।बतौर मुख्यातिथि के रूप में निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष,वर्तमान में राज्यसभा सांसद सह राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य दीपक प्रकाश उपस्थित थे।दीपक प्रकाश ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले एक माह से देश भर में चलाए जा रहे महाजनसंपर्क अभियान कार्यक्रम को बीस जुलाई तक तेज गति से घर घर जाकर लोगों से संपर्क करे मोदी जी के नौ साल के उप्लब्धधियों को बताए ताकि लोगों का रुझान बढ़े और 2024 के लोकसभा के चुनाव में अधिक से अधिक समर्थन मिल सके।श्री प्रकाश ने कहा कि कार्यकताओं के लिए कार्यक्रम है साथ साथ जनता के बीच ले जाने का संकल्प है।पार्टी के कार्यक्रम को जनता के बीच ले जाने का कार्य कार्यकर्ता करें।संपर्क से समर्थन जो कि वोटर होता है धारा को परिवर्तन करता है।समाज को नई दिशा देता है।ऐसे लोगों का जब समर्थन जाता है तब देश मे नरेंद्र मोदी जैसा प्रधानमंत्री होता है।देश के एक सौ ब्यालिश करोड़ जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आज भी विश्वास है।सिर्फ उनकी उप्लब्धधियों को उनके बीच मे ले जाना है ताकि उनके मस्तिष्क में विकाश संबंधी उप्लब्धधिया जनता के मानस पटल पर उभर कर सामने आ सके यहीं वजह है कि घर घर जाकर जनता से संपर्क करें और सरल एप्प में कार्यक्रम का तस्वीर,वीडियो को साझा करें।श्री दीपक प्रकाश ने कहा कि एक सप्ताह के भीतर पन्ना कमेटी, बूथ कमेटी,शक्तिकेन्द्र,9090902024 पर मिस कॉल जल्द से जल्द पूरी करें।

दीपक प्रकाश ने कहा कि एक एक कार्यकताओं को झारखंड को परम वैभवशाली बनाने के लिए शंकल्प लेना है।हमारा लक्ष्य व्यक्ति नहीं समाज है और समाज से ऊपर देश है।मौके पर मुख्य रूप से माण्डू विधायक जे०पी पटेल,महापौर रोशनी तिर्की,प्रदेश कार्यसमिति सदस्यों में डॉ सुरेंद्र सिन्हा,के०पी ओझा,अनिल मिश्रा,सुदेश चन्द्रवंशी, हरीश श्रीवास्तव, उदय भान नारायण सिंह,बटेस्वर मेहता,चंद्रनाथ भाई पटेल,रामगढ़ जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता,रामगढ़ जिला महामंत्री खिरोधर साव,पूर्व जिलाध्यक्ष भैय्या बाँके बिहारी,जिला उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता,सुनील मेहता,सेवा लाल महतो,मुकेश सिंह,रत्ना सिन्हा,विवेक बरियार,रामचंद्र कुशवाहा,कवींद्र यादव,जीवन मेहता,बसंत नारायण राणा,रीतलाल यादव,रणधीर पाण्डेय,वकील महतो,अविनाश ठाकुर सोनू सहित सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

राष्ट्रीय खबर हमारी नजर प्रदेश
web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

## प्रदेश >> अपडेट

### लावारिस व्यक्ति की शव बरामद जांच में जुटी पुलिस

**महेशपुर (पाकुड़):** थाना क्षेत्र के बड़कियारी चौक के पास पुलिस ने एक लावारिस अधेड़ व्यक्ति का शव बरामद किया है। शव का पहचान नहीं हो पाया है। घटना की सूचना मिलते ही महेशपुर थाने के एएसआइ सोहराब खान पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन करते हुए मृतक का पहचान करने में जुटी हुई थी। पुलिस के द्वारा पूछताछ के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि मृतक पिछले एक सप्ताह पूर्व बड़कियारी चौक के आसपास घूम रहा था।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### भाजपा ने चलाया देर रात संपर्क अभियान

**पाकुड़ :** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नौ वर्षों की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से संचालित किए जा रहे महाजनसंपर्क अभियान के आखिरी चरण में भाजपा जिला अध्यक्ष अमृत पांडेय के नेतृत्व में देर रात पाकुड़ प्रखंड के कुमारपुर पंचायत में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। जनसंपर्क अभियान के कार्यक्रम में कुमारपुर पंचायत के रानीपुर टोला में 92 लोगों ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी से प्रभावित होकर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

### नगर परिषद की समीक्षात्मक बैठक हुई संपन्न

**पाकुड़ :** समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में उपायुक्त श्री वरुण रंजन की अध्यक्षता में नगर परिषद की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नगर परिषद के द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया।बैठक में उपायुक्त ने 15 वें वित्त एवं विभिन्न योजनाओं, नागरिक सुविधा, जलापूर्ति योजना,प्रधानमंत्री आवास योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना- नेशनल अर्बन लाइवलीहुड मिशन शहरी का लक्ष्य जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### लिट्टीपाड़ा आदिवासी जड़ी-बूटी चिकित्सा संघ का हुआ गठन

**लिट्टीपाड़ा :** पाकुड़ जिला अन्तर्गत लिट्टीपाड़ा प्रखंड के मध्य विद्यालय, लिट्टीपाड़ा में जनजातीय वैद्य संघ के गठन को लेकर एक आवश्यक बैठक आहूत की गई। बैठक में आयुर्वेदिक चिकत्सा पद्धति के प्रचार प्रसार, हर्बल गार्डन का निर्माण, एवं वैध संघ का नामकरण एवम रोगियों के विवरण संधारण पर विस्तृत रूप से चर्चा किया गया। परंपरागत जनजातीय वैद्य संघ की बैठक में पिरामल स्वास्थ्य के संथाल परगना के प्रमुख तुहिन बनर्जी ने कहा की इस परंपरागत चिकित्सा पद्धति का प्रचार प्रसार अधिक से अधिक होना चाहिए और चिकित्सकों को प्रति माह एक निश्चित कमाई भी होनी चाहिए। जिससे की उन्हे अपने परिवार के भरण- पोषण के लिए कठिनाई का सामना ना करना पड़े। बैठक के दौरान इस चिकित्सा पद्धति के विस्तार, रेफरल प्रणाली का निर्धारण, हर्बल गार्डन का निर्माण एवं जनजातीय वैद्य संघ का गठन एवं नामकरण पर भी सर्वसम्मती से निर्णय लिया गया।

### संदीप मंडल ने रक्तदान कर बचाई बच्ची की जान

**पाकुड़ :** पाकुड़ सदर अस्पताल में इलाजरत 19 वर्षीय मंदिरा मंडल रक्त की कमी से जूझ रहीं है। बच्ची को रक्त की आवश्यकता थी। परिजन काफी समय से रक्त समूह को ढूंढने का प्रयास कर रहे थे ।इसकी जानकारी बजरंगदल के सहयोगी कार्यकर्ता पार्थ रंजन को मिलीतत्पश्चात उ बजरंगदल के जिला संयोजक प्रतीक से संपर्क किया। प्रतीक ने तुरंत बजरंग दल के साहिबगंज विभाग के विभाग संयोजक संदीप मंडल से संपर्क कर जानकारी दी ।संदीप ने खुद रक्तदान करने की बात कही और रक्त अधिकोष में आकर रक्तदान किया। बच्ची के परिजनों ने संदीप और बजरंगदल का धन्यवाद किया। ,रक्तदान करने के बाद संदीप ने पाकुड़ के युवा वर्ग से भी रक्तदान करने की अपील की उन्होंने बताया की ये उनका 6ट्ठा रक्तदान था। आगे भी वो जरूरत पर रक्तदान करते रहेंगे ।

---

**बेनामी**

## कभी सुर्खियां बटोरने वाला साहिबगंज अब बेनामी का झेल रहा दंश

# अवैध खनन परिवहन मामले में कई फरार तो कई जेल में

- ईडी की सक्रियता से कई पत्थर कारोबारी हुए अंडरग्राउंड
- पत्थर कारोबारी पर लग चुका है 300 करोड़ से अधिक का जुर्माना

राष्ट्रीय खबर







**साहिबगंज:** एकीकृत बिहार के समय व अलग झारखंड राज्य में भी एक छोर में गंगा व राजमहल के ऐतिहासिक पहाड़ के गोद में बसा साहिबगंज जिला अत्यंत ही पिछड़ा सुदूर क्षेत्र के रूप में जाना जाता है। जिला सभी प्राकृतिक छटाओं व संसाधनों से भरपुर है व जिले का नाम भी साहेबो जैसा है जो कभी राजनीतिक धार्मिक साहित्य व सांस्कृतिक क्षेत्रों में इसकी राष्ट्रीय स्तर पर एक अलग विशिष्ट पहचान हुआ करती थी जो धीरे-धीरे खोती हुई कुछ दशकों से जिला कभी मनरेगा घोटाला के लिए तो कभी शराब घोटाला के लिए तो कभी पशुपालन घोटाला के लिए तो कभी विधायक खरीद फरोख्त घोटाला के लिए तो कभी रिश्वतखोर पदाधिकारी के रूप में जाना जाने लगा। जिले के राजमहल, उधवा, महाराजपुर व तीनपहाड़ अंतर्राज्यीय चोर गिरोह का गढ़ बन गया तो जिला बंगालादेशी घुसपैठियों का भी अड्डा बन गया।

जिले को सही राजनीतिक नेतृत्व नहीं मिलने के चलते भ्रष्ट पुलिस पदाधिकारी से लेकर भ्रष्ट तत्व जिले के संसाधनों को दोनों हाथों से लूटने खसोटने लगे। जिसके चलते जिले में कभी सीबीआई तो कभी निगरानी विभाग तो कभी सीआईडी तो कभी अंतर्राज्यीय पुलिस बल का धमक सुनाई पड़ने लगा जिससे ज़िले की भारी बदनामी होने लगी।वर्तमान में जिले में हुए 1000 करोड़ के अवैध खनन मामले में रोज ब रोज नए-नए परतें खुलने से ज़िले की बदनामी राष्ट्रीय स्तर पर होने लगी है।इसी क्रम में 1000 करोड़ के अवैध खनन व मनी लांड्रिंग मामले के मास्टर माइंड मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा जो फिलहाल लंबे समय से न्यायिक हिरासत में रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय जेल में बंद हैं के बेहद करीबी समझे जाने वाले पवित्र यादव जो ईडी के राडार पर चल रहे हैं तथा जिसे जिला पुलिस अवैध खनन परिवहन के दर्ज मामले में सरगर्मी से तलाश कर रही है। मामला दर्ज होने से पत्थर माफियाओं में हड़कंप मच गया है। विदित हो की इससे पूर्व भी ज़िले के नामचीन पत्थर कारोबारी व ईडी के राडार पर चल रहे पंकज मिश्रा के करीबी कन्हैया खुडानियां व आलोक रंजन पर भी वन विभाग ने फॉरेस्ट एक्ट के तहत मामला दर्ज कराया है।

ईडी ने बीते दिनों ज़िले के नामचीन पत्थर कारोबारी व पंकज मिश्रा के करीबी व फंड मैनेजर समझे जाने वाले कृष्णा साहा,टिंकल भगत व भगवान भगत को गिरफ्तार कर चुकी है। एनजीटी,ईडी व जिला खनन टास्क फोर्स की कड़ी कार्रवाई से अवैध खनन परिवहन विस्फोटक व मनी लांड्रिंग आदि के मामले में पंकज मिश्रा, बच्चू यादव, पशुपति यादव, प्रेम प्रकाश, कृष्णा साहा, टिंकल भगत, भगवान भगत, जयप्रकाश यादव उर्फ मुंगेरी लाल, यानारुल हक उर्फ गोले, मुस्तकिम अंसारी जेल के सलाखों के पीछे बंद हैं तो बाहुबली दाहू यादव, राहुल यादव, सुनील यादव, बजरंगी प्रसाद यादव, पवित्र यादव, विष्णु यादव उर्फ छोटू यादव, भीम यादव, दीना यादव, व्यास यादव, अभय कुमार उर्फ पिंटू यादव, अखिलेश कुमार यादव, निखिल ठाकुर, कालाचंद्र मंडल, गणेश तिवारी, धनंजय तिवारी,लखन पंडित, मो।शमीम अंसारी, इरशाद अली उर्फ कल्लू मियां समेत कई अन्य फरार व जमानत के लिए प्रयासरत हैं। जिला व जिले के लोग आश लगाए बैठे हैं की कब जिला बदनामी के दंश से मुक्त होगी व अपने नाम को फिर से चरितार्थ करेगी।

---

## रक्तदान करना पुण्य का काम : डिंपल



राष्ट्रीय खबर

**मेदिनीनगर:** अपने जीवन का 54वां रक्तदान करते हुए लायन इंद्रजीत सिंह डिंपल ने पेशेंट ममता देवी की स्वास्थ्य लाभ की शुभकामनाएं दी । ज्ञात हो कि पांकी रोड निवासी ममता देवी का होमोग्लोबिन 4 से कम हो गया था और उनके परिवार के लोग के अनुरोध पर इंद्रजीत सिंह डिंपल ने आज रक्तदान किया, ताकि मरीज की जान बचाई जा सके। उन्होंने पलामू के युवाओं, समाजसेवी संगठनों ,धार्मिक संगठनों एवं राजनीतिक संगठनों से अपील की है कि एवं युवाओं को आग्रह किया कि वे बढ़-चढ़कर रक्तदान में हिस्सा लें । ताकि हमारा ब्लड बैंक ब्लड से भरपूर रहे और समय पर किसी की जान बचाई जा सके। उन्होंने एमएमसीएच के अधीक्षक से अनुरोध किया की आने वाले समय में रक्त की उपयोगिता को और बेहतर बनाया जाए ताकि हर जरूरतमंद को सरलता से रक्त उपलब्ध हो सके।

## प्रथम सोमवारी पर हजारों भक्तों ने की शिवालयों में पूजा अर्चना



राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** श्रवण मास के प्रथम सोमवारी पर भगवान बाबा भोलेनाथ के शिव मंदिरों में जिले भर में शिव भक्तों का ताता लगा रहा है। जिला मुख्यालय के महाकाल शक्तिपीठ तलवा डांगा , भगत पाड़ा, मनोकामना मंदिर, खदान पड़ा, काली भाषण पोखर, छोटी राजबाड़ी स्थित शिव मंदिर, सिंह वाहिनी मंदिर, मिलन मंदिर , शिव शीतला मंदिर दूधनाथ मंदिर ,साधु मंदिर , ठाकुरबाड़ी , जटाधारी आदि मंदिरों में भक्तों का जनसैलाब सुबह से देखा गया। बच्चे बूढ़े बुजुर्ग महिलाएं सभी बाबा भोलेनाथ पर गंगाजल पुष्प बेलपत्र प्रसाद चंदन नवेद्य धूप दीप से पूजा अर्चना करते देखा गया। इस अवसर पर सत्य सनातन संस्था द्वारा भक्तों को निशुल्क गंगाजल दूध एवं बेल पत्र उपलब्ध कराया गया। जिला मुख्यालय से लगभग 12 किलोमीटर दूर हिरणपुर प्रखंड अंतर्गत धरनी पहाड़ पर जो लगभग 1 किलोमीटर ऊंचाई पर है में काफी संख्या में भक्त एवं आदिवासी समुदाय के लोक विशेष पद्धति से पूजा अर्चना की।

## >>>> न्यूज फटाफट >>

### बांध में डूबने से दो छात्रों की मौत



**मेदिनीनगर :** छत्तरपुर पलामू जिला के पिपरा प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय मधुबना और मध्य विद्यालय बरवाडीह के दो स्कूली बच्चों की बांध में डूब जाने से मौत हो गई। दोनों बच्चे का स्कूल गए थे ।जानकारी के अनुसार दोनों बच्चे स्कूल के निकट बांध में नहाने गए थे। मृतक बच्चे मधुबाला निवासी रविंद्र सिंह का लड़का है,जो सातवीं क्लास का छात्र (12 वर्ष) है,जब कि दूसरा लड़का बरवाडीह निवासी विजय सिंह का पुत्र शुभम कुमार सिंह है ।समाचार भेजें जाने तक दोनों बच्चों का शव ग्रामीण जनता की उपस्थिति में स्कूल में रखा गया है। जनता स्कूल पर प्रबंधक के ऊपर काफी आक्रोशित हैं। इस घटना के बाद पिपरा थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझा बुझा कर शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेजने की प्रक्रिया में जुट गई है।

## झामुमो युवा मोर्चा की बैठक संपन्न



राष्ट्रीय खबर

**मेदिनीनगर:** पलामू जिले के चैनपुर प्रखंड में झामुमो, युवा मोर्चा की बैठक हुई, जिसमें चैनपुर प्रखंड कमिटी की घोषणा हुई। इस बैठक का संचालन सचिव श्री आशुतोष विनायक जी ने की और मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय समिति सदस्य श्री सुनील तिवारी जी उपस्थित थे। समाजसेवी सह मुखिया पति श्री अजमल खान जी के नाम की घोषणा प्रखंड अध्यक्ष के रूप में की गई, सचिव शिक्षाविद रंजीत सिंह और कोषाध्यक्ष पंकज कुमार जी को बनाया गया। बैठक को संबोधित करते हुए सन्नी शुक्ला ने कहा ह्झामुमो पार्टी का विस्तार तेजी से सभी प्रखंडों में हो रहा है, पलामू के युवा तेजी से आज युवा मोर्चा से जुड़ रहे हैं। हमारी सोच गरीबों के समस्याओं को हल करने की, युवाओं को आगे लाने की है। अजमल जी समाज सेवक के रूप में हमेशा से कार्य करते आ रहे हैं, प्रखंड अध्यक्ष एक रूप में ये काफी मजबूती से कार्य करेंगे, पंचायत और बूथ स्तर तक कमिटी तैयार करेंगे। मुख्य अतिथि श्री सुनील तिवारी ने कहा झामुमो झारखंड की पार्टी है, यहां दिल्ली दौड़ कर नहीं जाना पड़ता है हमारी माटी की पार्टी आज ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान उनके द्वार पर आ कर सरकार और उसके पदाधिकारी करते हैं।

युवाओं का पार्टी की ओर बढ़ता रुझान हेमंत सोरेन की लोकप्रियता की देन है।सभी युवाओं से आग्रह है की सरकार की योजनाओं का लाभ आम जनमानस तक पहुंचाएं। सचिव आशुतोष विनायक ने कहा ह्झारखंड के लोगों की समस्याओं की समझ सिर्फ झामुमो को है, झारखंड युवा मोर्चा लोगों की समस्याओं युवाओं की समस्याओं को निस्वार्थ भावना से दूर करने में लगी हुई है। जिस तेजी से पलामू में युवा हमारी टीम से जुड़ रहे हैं इससे साफ पता चलता है की लोगों में हमारे प्रति भरोसा सबसे ज्यादा है। भाजपा बांटने में लगी रहती है वहीं हम सब अपने सकारात्मक सोच और कार्य से लोगों को जोड़ते जैन सदस्यता अभियान और युवा मोर्चा का अभियान इसी तेजी से चलता रहेगा। इस मौके पर कोषाध्यक्ष देवानंद भारद्वाज, झामुमो नेता आकाश सिंह, दिवाकर तिवारी, सुधीर सिंह, उपेन्दर विश्वकर्मा, ताबरीफ अंसारी, शिवनाथ विश्वकर्मा, कंचन कुमार, अकमल हुसैन आरिफ अंसारी सहित दर्जनों युवा मौजूद थे।

### बाल सुधार गृह से नाबालिग फरार

**मेदिनीनगर :** पलामू बाल गृह से 16 वर्षीय नाबालिग शौचालय की खिड़की तोड़ कर फरार हो गया। घटना दो दिन पूर्व 8 जुलाई की है। इस संबंध में दो दिन बाद सोमवार को मेदिनीनगर शहर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। बाल गृह के अधीक्षक उत्तम कुमार के आवेदन के आधार पर ही प्राथमिकी दर्ज की गयी है। बताया जा रहा है कि नाबालिग आठ जुलाई को शौचालय के लिए कमरे में गया था। काफी देर तक जब वह बाहर नहीं निकला, तब दरवाजे को तोड़कर देखा गया तो खिड़की टूटा हुआ पाया गया। फरार नाबालिग उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिलान्तर्गत रेणुकूट के कबाड़ी मोहल्ले का रहने वाला है। बीते 19 जून को उसे रेस्क्यू कर बाल गृह में रखा गया था। बाल गृह का संचालन वात्सल्य धाम नामक गैर सरकारी संगठन करती है। इस संबंध में एएसपी ऋषभ गर्ग ने बताया कि फरार नाबालिग की खोज के लिए एक विशेष टीम बनाई गई है।

### विशेष टिकट चेकिंग अभियान पकड़े गये 291 यात्री



**मेदिनीनगर :** डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन से चोपन के बीच लंबी दूरी के विभिन्न एक्सप्रेस ट्रेनों अहमदाबाद एक्सप्रेस, टाटा-जम्मू तवी, शक्तिपूँज, पलामू एक्सप्रेस गाड़ीयों में अतिविशेष टिकट चेकिंग चलाया गया। सीआईटी बीएम पांडेय के नेतृत्व में चलाया गया विशेष चेकिंग अभियान में 291 बेटिकट यात्रियों को अनाधिकृत रूप से यात्रा करने के जुर्म में पकड़ा गया। पकड़े गए यात्रियों से राजस्व 1 लाख 77 हजार 740 रुपये बतौर जुमार्ना वसूला गया। सीआईटी बीएम पांडेय ने बताया कि विशेष चेकिंग अभियान के सभी ऊजार्वान साथियों के अथक प्रयास से लगातार अभियान चलाया जा रहा है। लोग जागरूक भी हो रहे है। ज्यादातर यात्री टिकट लेकर यात्रा कर रहे हैं यह बहुत अच्छी बात है। आलाधिकारियों के दिशा निर्देश पर मध्यरात्रि लंबी दूरी के विभिन्न एक्सप्रेस ट्रेनों में गहनता से जांच की गई। जिसमें इतनी बड़ी सफलता हाथ लगी। विशेष चेकिंग अभियान में टीटीई कुमार अजय, भरतलाल, दिलीप कुमार, रविन्द्र कुमार दुबे, शशिकांत, बैकुंठ यादव, के अलावे आरपीएफ के कई जवान शामिल थे।

---

**आस्था**

## जलार्पण के लिए लगी 5 किलोमीटर लंबी कतार

# पहली सोमवारी को देवघर में कावरियों का जनसैलाब



राष्ट्रीय खबर

**देवघर:** राजकीय श्रावणी मेला 2023 के पहली सोमवारी पर बाबाधाम में जलार्पण के लिए कावरियों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। इधर देवघर उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री व पुलिस अधीक्षक सुभाष चंद्र जाट लगातार रुटलाइन का निरीक्षण कर रहे थे। विधि व्यवस्था के बीच शिवभक्तों का जलार्पण कतार बद्ध तरीके से कराया जा रहा है। बाबा बैद्यनाथ धाम में मनोकामना लिंग का जलाभिषेक करने के लिए सोमवारी को श्रद्धालुओं की कतार नंदन पहाड़ तक पहुँच गई, जो मन्दिर से करीब पांच किलोमीटर बताई जा रही है। डीसी ने मेला में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों व पुलिस बल के जवान को सेवा भाव व शालीनता से श्रद्धालुओं के हर संभव सहयोग करने की बात कही, ताकि श्रद्धालु बाबा बैद्यनाथ की नगरी देवघर से अच्छी अनुभूति प्राप्त कर यहाँ से प्रस्थान करें. इसके अलावे श्रावण मास की पहली सोमवारी को लेकर बाबा नगरी आने वाले लाखों की संख्या में देवतुल्य श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा सभी व्यवस्था पूर्व से ही कर लिया गया था, ताकि बाबा नगरी आने वाले किसी भी श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो। पहली सोमवारी को लेकर उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री देर रात से ही मेला क्षेत्र का निरीक्षण कर श्रद्धालुओं को मिल रही सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम एवं व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे थे। इस दौरान बरमसिया, परमेश्वर दयाल रोड, बीएड कॉलेज परिसर, तिवारी चौक, शिवराम झा चौक, नेहरू पार्क, क्यू कॉम्प्लेक्स, कुमैठा, नंदन पहाड़, रिंग रोड, नंदन पहाड़ स्तिथ टी प्वाइंट आदि का निरीक्षण करते हुए श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विनम्रता पूर्वक कार्य करते हुए बेहतर प्रबंधन के साथ कतारबद्ध और सुरक्षित जलार्पण को लेकर अधिकारियों एवम पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया।



### नगर पंचायत में कार्यशाला आयोजित



**छतरपुर :** जिले के वरीय पदाधिकारी के निदेर्शानुसार कार्यपालक पदाधिकारी कामेश्वर बेदिया की अध्यक्षता में छतरपुर नगर पंचायत कार्यालय के सभागार में जन्म मृत्यु पंजीकरण जागरूकता को लेकर तथा इसके महत्व पर प्रकाश डालने के उद्देश्य एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस मौके पर श्री बेदिया ने बताया कि जन्म मृत्यु निबंधन की जागरूकता के लिए 14 जुलाई से 14 अगस्त तक विशेष अभियान चलाना है ताकि शत प्रतिशत लोग जन्म प्रमाण पत्र तथा मृत्यु प्रमाण पत्र की महत्ता को समझते हुए सभी बनवाएं तथा औरों को प्रेरित करें। प्रमाण पत्र कैसे बनवाएं इसके लिए इस कार्यशाला में आए हुए लोगों को अच्छी तरह जानकारी दी गई है ताकि वे लोगों को अच्छे से जागरूक कर सकें। इस प्रशिक्षण शिविर सह कार्यशाला में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, विद्यालय के प्रधानाध्यापक, सहिया, आंगनबाड़ी सेविका इत्यादि लोग मौजूद थे।

13वीं जूनियर, सब जूनियर झारखंड तैराकी प्रतियोगिता का समापन

## 'झारखंड में प्रतिभाओं की फौज, सिर्फ तराशने की जरूरत'





बरखा सिन्हा

**रांची:** मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के एक्वेटिक स्टेडियम में आज दो दिवसीय 13वीं जूनियर, सब जूनियर बालक/बालिका झारखंड तैराकी प्रतियोगिता का समापन हुआ। प्रतियोगिता के समापन समारोह कि मुख्य अतिथि श्रीमति बरखा सिन्हा,(अध्यक्ष),झारखंड तैराकी संघ)थी।दो दिवसीय प्रतियोगिता के दौरान 250 से ज्यादा तैराकों ने भाग लिया।इस अवसर पर के अवसर पर डॉ दिव्या एवं श्री अर्चित आनंद(उपाध्यक्ष) झारखंड ओलंपिक संघ,ने भी खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।अर्चित आनंद ने संबोधित करते हुए कहा कि तैराकी में झारखंड के बच्चे भी आगे बढ़ें इस पर संघ लगातार प्रयास कर रहा है,इस आयोजन की सफलता में खररढर सहित सभी तकनीकी पदाधिकारियों, अभिभावकों एवं संघ के लोगों का आभार प्रकट किया।इस अवसर पर श्रीमति बरखा सिन्हा ने आयोजन की प्रशंसा की साथ ही खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया और ओवरऑल विजेता 'टाटा स्टील' सहित अन्य विजेताओं को ट्रॉफी प्रदान किया।उक्त जानकारी झारखंड तैराकी संघ के सचिव उपेंद्र तिवारी ने दी।

मैं आज भी जब उस क्षण के बारे में सोचता हूं तो मेरी आंखों में आंसू आ जाते हैं

# विश्व कप जीतना मेरे करियर का सबसे खास पल: गावस्कर

एजेंसियां



**नयी दिल्ली:** भारत के दिग्गज क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने कहा है कि विश्व कप 1983 जीतना उनके करियर का सबसे खास पल था और उसके बारे में सोचकर आज भी मेरी आंखें नम हो जाती है। गावस्कर ने कहा, ''मैंने अपने क्रिकेट करियर में उससे (विश्व कप 1983 जीतने से) ज्यादा खास पल कभी महसूस नहीं किया। मैंने उस समय जो खुशी महसूस की थी, मैं आज भी जब उस क्षण के बारे में सोचता हूं तो मेरी आंखों में आंसू आ जाते हैं।'' भारत ने 40 साल पहले लंदन के लॉर्ड्स मैदान पर खेले गये फाइनल में वेस्ट इंडीज़ को हराकर पहली बार विश्व कप जीता था। उस टूर्नामेंट में गावस्कर ने भारत के लिये सलामी बल्लेबाज़ की भूमिका निभाई थी। फाइनल में भारतीय टीम वेस्ट इंडीज़ के सामने 184 रन का लक्ष्य ही रख सकी थी, लेकिन मोहिंदर अमरनाथ (12/3) की शानदार गेंदबाजी के दम पर भारत ने वेस्ट इंडीज को 140 रन पर ऑलआउट कर दिया था। गावस्कर ने कहा, ''इतने सालों बाद भी जब मुझे उस क्षण की याद आती है जहां कपिल देव ने ट्रॉफी उठाई थी, तो मेरी आंखें नम हो जाती हैं।

आप क्रिकेट में कुछ भी कर सकते हैं, लेकिन जब आपकी टीम, आपका देश ऐसी महान ऊंचाइयों पर पहुंचता है तो आपको जो खुशी मिलती है उसे बयान नहीं किया जा सकता।'' लिटिल मास्टर के नाम से प्रख्यात गावस्कर ने सोमवार को अपना 74वां जन्मदिन मनाया। उनका जन्म 10 जुलाई 1949 को मुंबई में हुआ था। क्रिकेट के सबसे महान सलामी बल्लेबाजों में से गावस्कर ने 1971 में भारत के लिये पदार्पण करने के बाद 125 टेस्ट मैच खेले और 51.12 की औसत से 10,122 रन बनाये। 10 दिसंबर 2005 को सचिन तेंदुलकर द्वारा रिकॉर्ड तोड़े जाने से पहले तक वह सर्वाधिक टेस्ट शतक बनाने वाले बल्लेबाज़ रहे। गावस्कर ने एकदिवसीय क्रिकेट में भी 108 मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया एक शतक और 27 अर्द्धशतकों के साथ 3,092 रन बनाये।

### लखनऊ सुपर जायंट्स के कोच बन सकते हैं लैंगर



मुंबई: पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर और कोच जस्टिन लैंगर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सीज़न में लखनऊ सुपर जायंट्स के कोच बन सकते हैं। क्रिकबज़ की ओर से सोमवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार, लैंगर सुपर जायंट्स के साथ जुड़े हुए हैं और अगर बातचीत अच्छी रही तो वह अगले सीज़न से टीम की कमान संभाल सकते हैं। रिपोर्ट में आईपीएल सूत्रों के हवाले से कहा गया कि लैंगर और सुपर जायंट्स के बीच कई दौर बातचीत हो चुकी है। लैंगर इससे पहले ऑस्ट्रेलिया को टी20 विश्व कप 2021 जिताने के अलावा शुरुआती चार वर्षों में तीन बार बिग बैश लीग (बीबीएल) जीतने वाली पर्थ स्कॉर्चर्स की कमान संभाल चुके हैं। सुपर जायंट्स या लैंगर में से किसी ने भी इस विषय पर कोई जानकारी नहीं दी है। रिपोर्ट के अनुसार, फ्रेंचाइजी प्रबंधन ने संभावित कोचिंग स्टाफ परिवर्तन पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। लैंगर फिलहाल किसी भी कोचिंग अनुबंध में नहीं हैं। गौरतलब है कि 2022 में स्थापित हुई फ्रेंचाइजी की कोचिंग की जिम्मेदारी अब तक एंडी फ्लावर के हाथों में थी जिनका अनुबंध 2023 में समाप्त हो गया। सुपर जायंट्स के सहयोगी स्टाफ में अन्य बदलावों के बारे में कोई चर्चा नहीं हुई है।

खेल जगत अपडेट्स >>

### लक्ष्य ने जीता कनाडा ओपन 2023



**कैलगरी:** होनहार भारतीय शटलर लक्ष्य सेन ने साल का पहला खिताब जीतते हुए कनाडा ओपन सुपर 500 इवेंट के फाइनल में रविवार को चीन के ली शी फेंग को 2-0 से मात दी। उत्तराखंड के अल्मोड़ा से आने वाले 21 वर्षीय लक्ष्य ने अपनी गति और ताकत का बेहतरीन मिश्रण करते हुए 50 मिनट में यूथ ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट फेंग को 21-18, 22-20 से हराया। अगस्त 2022 में राष्ट्रमंडल खेल चैंपियन बनने के बाद यह लक्ष्य का पहला स्वर्ण पदक है। वह प्रियांशु राजावत (ऑर्लिन्स मास्टर्स, अप्रैल 2023) और एचएस प्रणय (मलेशिया मास्टर्स, मई 2023) के बाद इस साल भारत के लिये बीडब्ल्यूएफ स्वर्ण जीतने वाले तीसरे एकल खिलाड़ी हैं। खराब फॉर्म के कारण लक्ष्य विश्व रैंकिंग में छठे स्थान से 25वें स्थान पर फिसल गये थे।

### क्वार्टरफाइनल में पहुंचने के करीब जोकोविच



लंदन: सर्बिया के दिग्गज खिलाड़ी नोवाक जोकोविच विबलडन 2023 के क्वार्टरफाइनल में पहुंचने के बेहद करीब हैं, हालांकि उन्हें इसके लिये सोमवार को एक बार फिर पोलैंड के 'बूर्ट हर्काज के विरुद्ध कोर्ट पर उतरना होगा। जोकोविच ने रविवार रात खेले गये प्री-क्वार्टरफाइनल में 7-6(6), 7-6(6) की बढ़त बना ली, जिसके बाद कर्फ्यू के कारण मैच को रोकना पड़ा। कर्फ्यू के नियमों के अनुसार, कोई भी विंबलडन मैच रात्रि 11 बजे के बाद नहीं खेला जा सकता। इस साल बारिश के कारण कई मैचों को एक दिन के लिये निलंबित करना पड़ा है। जोकोविच-हर्काज के बीच दूसरा सेट भी 10:35 बजे समाप्त हुआ, जिसके कारण टूर्नामेंट रेफरी जेरी आर्मस्ट्रॉग ने बचा हुआ मुकाबला सोमवार को आयोजित करने का निर्णय लिया। सेंटर कोर्ट पर रविवार को खेले गये दो सेटों में हर्काज की सर्विस का जोकोविच के पास कोई जवाब नहीं था। हर्काज ने कई बार मुश्किल से निकलने के लिये 200 किमी प्रति घंटा से ज्यादा की रफ्तार से सर्विस की और सर्बियाई दिग्गज पर दबाव बनाया। सर्विस के अलावा हालांकि हर्काज का खेल जोकोविच को परेशान करने के लिये पर्याप्त नहीं था। अपना 24वां ग्रैंड स्लैम खिताब तलाश रहे जोकोविच ने सतर्कता और धैर्य का प्रदर्श किया जबकि हर्काज दोनों बार टाई-ब्रेक में अप्रत्याशित गलतियां करके सेट हार गये। जोकोविच अब हर्काज के विरुद्ध छठा मुकाबला जीतने से सिर्फ एक सेट दूर हैं।

एक मैच खेलने वाले रणजी खिलाड़ियों को भी कुछ पेंशन दे बोर्ड

## आदित्य वर्मा ने जय शाह का ध्यान आकृष्ट किया

- कोरोना काल में हर किसी की सुध ली थी
- पेंशन होने से गरीब खिलाड़ियों को राहत
- आईपीएल विवाद से चर्चा में आये थे वह

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** पूर्व क्रिकेटर और बिहार क्रिकेट के कर्ताधर्ता आदित्य वर्मा ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सचिव जय शाह से उन खिलाड़ियों पर भी ध्यान देने का अनुरोध किया है, जो एकाध रणजी मैच खेल चुके हैं। उनके मुताबिक किसी कारणवश जो खिलाड़ी इससे आगे नहीं खेल पाये, उनमें से कई लोग अभी आर्थिक तंगी और बदहाली का सामना कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में सबसे अमीर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को उनकी मदद के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने एक वीडियो संदेश में यह बात कही है। श्री वर्मा ने कहा है कि युवा और ऊजार्वान जय शाह ने इससे पहले भी संकट की घड़ी में अपनी मानवीय सोच का परिचय दिया है। कोरोना काल में जब सब कुछ थम गया था, जय शाह क्रिकेट से जुड़े हर छोटे बड़े व्यक्ति का पूरा ख्याल रख रहे थे। इस दौरान खिलाड़ियों और अंपायरों के अलावा उन्होंने तमाम ग्राउंड्समैन तक की सुध ली थी। इससे स्पष्ट है कि वह लोगों की जरूरतों और समय की मांग को एक बेहतर इंसान के तौर पर समझ सकें। श्री वर्मा ने कहा कि उनकी जानकारी में कई पूर्व रणजी खिलाड़ी ऐसे हैं,जो इनदिनों आर्थिक संकट में है। ऐसे खिलाड़ियों मंल कई लोग हैं, जो अत्यंत प्रतिभावान तो थे पर दूसरे कारणों से अपने खेल को आगे नहीं बढ़ा सके। वर्तमान स्थिति में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को ऐसे खिलाड़ियों की मदद के लिए आगे आना चाहिए। इस अमीर खेल संस्था की तरफ से अगर ऐसे खिलाड़ियों को पेंशन का इंतजाम किया जाता है तो यह वैसे गरीब खिलाड़ियों के लिए बहुत बड़ी मदद होगी।

## दिव्यांग थ्रोबॉल के राष्ट्रीय खिलाड़ियों को संघ ने किया सम्मानित

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** आगामी दिसंबर में चेन्नई में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय पारा थ्रो बॉल चैंपियनशिप के क्वालीफाइंग मैच में भाग लेने के लिए मलेशिया जानेवाली भारतीय महिला पारा (दिव्यांग) थ्रो बॉल टीम के पांच खिलाड़ियों तथा एक पुरुष खिलाड़ी को सोमवार को कांके रोड स्थित विश्व संवाद केंद्र कार्यालय में सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र संपर्क प्रमुख अनिल ठाकुर ने उन्हें मेमेण्टो एवं अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। सम्मानित होने वाली महिला खिलाड़ियों के नाम हैं प्रतिमा तिर्की, अनिता तिर्की, महिमा उरांव, असुंता टोप्पो, तारामणि लकड़ा एवं सनोज महतो। इस अवसर खिलाड़ियों को सहयोग एवं प्रोत्साहन देने वाले गुमला के समाजसेवी एवं जिला परिषद सदस्य दिलीप बडाइक, संघ के सह प्रांत प्रचार प्रमुख संजय कुमार आजाद, प्रान्त संपर्क टोली के अनुसूचित जाति जनजाति श्रेणी प्रमुख डॉ सहदेव राम, क्रीड़ा श्रेणी प्रमुख अनिल कुमार उपस्थित थे। परमवीर चक्र से सम्मानित शहीद अल्बर्ट एक्का के पुत्र विंसेंट एक्का, पुत्रवधु रजनी एक्का और खिलाड़ियों के स्थानीय कोच मुकेश कंचन भी उपस्थित रहे।सम्मान समारोह का संचालन संघ के साधु संत सम्पर्क प्रमुख स्वामी दिव्य ज्ञान ने किया। उन्होंने बताया कि यह दिव्यांग खिलाड़ी बहुत संघर्ष के उपरांत इस मुकाम पर पहुंचे हैं। समाज के सभी भावनावान लोगों को इनकी हर संभव मदद के लिए आगे आना चाहिए। मलेशिया जाने-रहने का सारा खर्च खिलाड़ियों को स्वयं वहन करना है। पारा (दिव्यांग) थ्रो बॉल राष्ट्रीय टीम की एक महिला खिलाड़ी असुंता टोप्पो (ग्राम छतरपुर, प्रखंड चैनपुर, गुमला) गरीबी के कारण मलेशिया जाने-रहने का खर्च वहन करने में बिल्कुल असमर्थ थी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रेरणा से उसका सारा खर्च 66000/- चैनपुर के समाजसेवी एवं गुमला जिला परिषद के सदस्य दिलीप बड़ाईक ने अपनी ओर से प्रायोजित कर दिया। इस अवसर पर दिलीप बड़ाईक ने कहा कि आज सम्मानित दिव्यांग महिला खिलाड़ियों में से पांच जनजातीय समाज से हैं जो झारखंड के लिए गौरव का विषय है।

## अनुष्का शर्मा ने लंदन वेकेशन का वीडियो शेयर किया



एजेंसियां

मुंबई: बॉलीवुड अभिनेत्री अनुष्का शर्मा ने अपने लंदन वेकेशन का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। अनुष्का शर्मा हाल ही में अपने पति-क्रिकेटर विराट कोहली और बेटी वामिका के साथ लंदन में छुट्टियों बिता रही थीं। अनुष्का ने इंस्टाग्राम पर लंदन वैकेशन के दौरान का एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह लंदन की सड़कों पर मस्ती करती हुई नजर आ रही हैं। वीडियो में अनुष्का, विराट के साथ मस्ती करते, तो कभी फोटो खिचवाते हुए नजर आ रही हैं। अनुष्का को कॉफी का कप लिए लंदन की सड़कों पर घूमते हुए देखा जा सकता है। उन्होंने मेट्रो में भी ट्रैवल किया।

### 23 फरवरी 2024 को रिलीज होगी विक्की कौशल-तृप्ति डिमरी की फिल्म





एजेंसियां

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेता विक्की कौशल और अभिनेत्री तृप्ति डिमरी की आने वाली फिल्म 23 फरवरी 2024 को रिलीज होगी। विक्की कौशल अपनी आने वाली फिल्म में तृप्ति डिमरी के साथ नजर आएंगे। करण जौहर निर्मित यह फिल्म 23 फरवरी 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।अमेजन प्राइम प्रस्तुत , धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले बन रही इस फिल्म में विक्की कौशल और तृप्ति डिमरी के साथ पंजाबी फिल्मों के जानेमाने अभिनेता एमी विर्क भी लीड रोल में दिखाई देंगे। इस फिल्म का निर्देशन आनंद तिवारी कर रहे हैं। तृप्ति डिमरी ने बताया कि यह फिल्म मेरे दिल के बहुत करीब है। इतने अच्छे लोगों के साथ काम करने के अनुभव और प्यार से बेहतर और कुछ नहीं हो सकता है। जुनून.. खुशी...हंसी और बहुत सारी भावनाएं 23 फरवरी 2024 को हमारे साथ हैं।

### शाहरूख खान की फिल्म जवान का प्रिव्यू रिलीज

एजेंसियां

**मुंबई:** बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान की आने वाली फिल्म जवान का प्रिव्यू रिलीज हो गया है। शाहरूख खान इन दिनों दक्षिण भारतीय निर्देशक एटली की आने वाली फिल्म जवान में काम कर रहे हैं। फिल्म जवान का प्रिव्यू रिलीज कर दिया गया है। जवान के प्रीव्यू से शाहरुख खान समेत फिल्म के कई स्टार का लुक रिवील कर दिया गया है। शाहरूख खान सोल्जर के किरदार में नजर आ रहे हैं।

### यश कुमार की फिल्म 'कभी अलविदा ना कहना' का फर्स्ट लुक रिलीज

मुंबई: भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता यश कुमार की आने वाली फिल्म 'कभी अलविदा ना कहना' का का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। कभी अलविदा ना कहना का निर्माण यश कुमार एंटरटेनमेंट और निधि मिश्रा कर रही हैं। इस फिल्म में यश कुमार और रक्षा गुप्ता मुख्य भूमिका में नजर आने वाली है। फिल्म के फर्स्ट लुक में रक्षा गुप्ता व्हील चेयर पर नजर आ रही हैं, वहीं यश कुमार उन्हें रोज देते दिखे हैं। इस फिल्म के निर्देशक सुजीत वर्मा हैं। कभी अलविदा ना कहना को लेकर यश कुमार ने कहा कि यह फिल्म पति के प्यार और त्याग की अद्भुत दास्तान है।इस फिल्म की कहानी दर्शकों को मनोरंजन का नया फ्लेवर देगी और रिश्तों को निभाने के बारे में अवगत कराएगी। फिल्म का निर्माण शुरू हो गया है। हम सभी इसके लिए उत्साहित हैं और हम अपने दर्शकों से कहना चाहते हैं कि हेल्दी और कथ्य प्रधान फिल्मों का सिलसिला यश कुमार एंटरटेनमेंट के बैनर से जारी रहेगा। बस दर्शक हमारी फिल्मों के लिए अपना स्नेह और आशीर्वाद बनाए रखें। सुजीत वर्मा ने कहा कि इस फिल्म में कहानी ही फोकस में हैं और उसके अनुसार हमने किरदार का सेलेक्शन किया है। फिल्म में यश कुमार और रक्षा गुप्ता के साथ डिंपल सिंह, सबा खान, अमित शुक्ला, अनिता रावत, विनोद मिश्रा, राधे कुमार, संजीव मिश्रा, मीनू यादव, वैष्णवी शाही, पूनम सिंह और अवधेश राय मुख्य भूमिका में हैं।

## अपनी 22 इंच की कमर को मिस करती हैं सायरा बानु



एजेंसियां

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेत्री सायरा बानु अपनी 22 इंच की कमर को मिस करती हैं। सायरा बानो ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया है। इसमें उन्होंने 22 इंच की कमर नहीं होने पर निराशा जताई है। उन्होंने कहा है कि जब वह जवान थी, तब उनकी कमर इतनी ही थी। सायरा बानो ने अपनी एक ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीर शेयर की है। फोटो में जवान सायरा बानो नजर आ रही है। उन्होंने सलवार कमीज पहन रखी है। उनके चेहरे पर मुस्कान है। तस्वीरें शेयर करते हुए सायरा बानु ने लिखा है, 22 इंच की कमर वाले दिन कब के चले गए। काश अगर टाइम रुक गया होता। सायरा की इस तस्वीर पर फैंस कमेंट कर रहे हैं।

### 'मिर्जापुर 3 डबिंग रसिका दुग्गल ने 'मिर्जापुर 3' की डबिंग शुरू की

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेत्री रसिका दुग्गल ने अपनी आने वाली वेब सीरीज 'मिर्जापुर 3' की डबिंग शुरू कर दी है। रसिका दुग्गल ने मिर्जापुर के दूसरे सीजन में कालीन भैया (पंकज त्रिपाठी) की पत्नी बीना त्रिपाठी की भूमिका में निभायी थी। मिर्जापुर 3 में भी रसिका, बीना त्रिपाठी की भूमिका को दोहराती नजर आएंगी। 'मिर्जापुर 3' की शूटिंग लखनऊ में हुई है और कुछ महीने पहले ही में शूटिंग रैप हुआ है। रसिका ने 'मिर्जापुर 3' के डबिंग पर काम करना शुरू कर दिया है। रसिका दुग्गल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी एक तस्वीर शेयर की हैं। जिसमें वह डबिंग स्टूडियो में मॉनिटर के सामने खड़ी नजर आ रही हैं। रसिका ने पोस्ट शेयर कर लिखा, ''प्रिपेयर्ड रहिए, 'मिर्जापुर 3' डबिंग डेज।'' 'मिर्जापुर 3' में पंकज त्रिपाठी, विजय वर्मा, दिव्येंदु शर्मा, विक्रांत मैसी, अली फजल, राजेश तैलंग, रसिका दुग्गल, हर्षिता शेखर गौंड, श्वेता त्रिपाठी, अंजुम शर्मा, शीबा चड्ढा, अमित सियाल, ईशा तलवार और मनु ऋषि चड्ढा जैसे स्टार्स अपने अहम भूमिका में नजर आएंगे।

### विक्रांत सिंह राजपूत और यामिनी सिंह स्टारर फिल्म 'बाप रे बाप' का ट्रेलर रिलीज

एजेंसियां



**मुंबई:** ज़ी बाइस्कोप प्रस्तुत और मैंड्ज़ मूवीज और एक्कुअल मूवीज प्रोडक्शन की भोजपुरी फिल्म 'बाप रे बाप' का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। बाप रे बाप में विक्रांत सिंह और अभिनेत्री यामिनी सिंह मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म 'बाप रे बाप' के निर्माता ज़ी बाइस्कोप, अविनाश रोहरा और समीर आफताब हैं और निर्देशक फिरोज़ खान हैं।फिल्म 'बाप रे बाप' का ट्रेलर सावी स्टूडियो के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है। फिल्म 'बाप रे बाप' में विक्रांत सिंह, यामिनी सिंह,अमित शुक्ला, आदित्य मोहन, नितिका जायसवाल,रोहित सिंह मटरू, प्रकाश जैस, सोनिया मिश्रा,संजय वर्मा मुख्य भूमिका में हैं।

## प्रदेश >> अपडेट

### दो कावंडियों की करंट लगने से मौत

**अलवर** : अलवर जिले के शाहजहांपुर, थाना क्षेत्र के चौबारा गांव से हरिद्वार डाक कावड़ लाने जा रहे जत्थे का वाहन गांव में ही गोगाजी मन्दिर के समीप हाइटेंशन लाइन तार से छू जाने से दो कांवड़ियों की दर्दनाक मौत हो गई। ग्रामीणों के अनुसार रविवार रात गांव से डाक कावड़ लाने जा रहे कावड़ियों का वाहन विधिवत पूजा अर्चना कर हर्षोल्लास के साथ बड़ी संख्या में मौजूद ग्रामीणों के बीच से रवाना हुवा था।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### जिम से घर लौटे युवक को दिल का दौरा पड़ा हुई मौत

**खम्मम** : तेलंगाना के खम्मम में सोमवार को एक युवक को जिम से घर लौटने के तुरंत बाद दिल का दौरा पड़ा जिससे उसकी मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक मृतक की पहचान श्रीधर के रूप में हुई है। सुबह जिम से घर पहुंचने पर वह अचानक दिल का दौरा पड़ने से गिर पड़ा। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। गौरतलब है कि रविवार सुबह खम्मम शहर के अल्लीपुरम में एक अन्य युवक नागराजू (33) की भी इसी तरह की घटना में दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गयी थी।

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार की अंतिम तिथि बढ़ी

**नयी दिल्ली** : प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई से एक महीने बढ़ाकर 31 अगस्त कर दी गयी है। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने सोमवार को यहां बताया कि प्रधान मंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2024 के लिए आवेदन राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर 31 अगस्त 2023 तक किया जा सकता है। पहले आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई थी। पुरस्कार राष्ट्रीय स्तर पर साहस, खेल, सामाजिक सेवा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, कला और संस्कृति और नवाचार के क्षेत्रों में दिए जाते हैं।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### ओडिशा के ओएसएमसीएल गोदाम में लगी भीषण आग

**भुवनेश्वर** : ओडिशा के मंचेश्वर औद्योगिक एस्टेट क्षेत्र में ओडिशा स्टेट मेडिकल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (ओएसएमसीएल) के गोदाम में भीषण आग लगने से लाखों रुपये की कोविड दवाएं और अन्य सामग्रियां जलकर खाक हो गई। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि रविवार देर रात गोदाम में भीषण आग लगने से मास्क, सैनिटाइजर, पीपीई किट, सलाइन और ऑक्सीजन सिलेंडर सहित भारी मात्रा में कोविड-19 सामग्री जलकर खाक हो गई। उन्होंने बताया कि आग की सूचना मिलते ही दमकल की छह गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंची। वे गोदाम का दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे और कई घंटों के बाद आग पर काबू पाया। सूत्रों के अनुसार, आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है, लेकिन आशंका है कि यह शॉर्ट सर्किट के कारण लगी होगी। अभी तक नुकसान का आकलन नहीं किया जा सका है।

### भारी बारिश के कारण रेल यातायात प्रभावित

**जयपुर** : भारी बरसात के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे के जागन्नाथ रोड-मारवाड़ बागरा रेलखंडों के मध्य पानी भर जाने से रेल यातायात प्रभावित हुआ है। रेलवे के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार इस कारण उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित एक रेल सेवा को रद्द करना पड़ा जबकि कई रेलगाड़ियों को आंशिक रद्द एवं मार्ग परिवर्तित करके चलाया गया। गाड़ी संख्या 04826 जोधपुर-जैसलमेर रेल सेवा को सोमवार को रैक की कमी के कारण रद्द कर दिया गया। जबकि कुछ गाड़ियों को प्रारंभिक स्टेशन से आंशिक रद्द कर दिया गया जिनमें गाड़ी संख्या 04841, जोधपुर-भीलडी रेल सेवा सोमवार को जोधपुर से प्रस्थान करने वाली रेल सेवा जालोर तक संचालित होगी।

**बूथकब्जा** पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुवेंदु अधिकारी ने सोमवार को कहा कि

# बंगाल पंचायत चुनाव में 696 बूथों पर पुनर्मतदान का फैसला शर्मनाक

- कलकत्ता उच्च न्यायालय के फैसले के आदेश की अवमानना है
- तृणमूल कांग्रेस के गुंडों ने हजारों बूथों पर कब्जा किया



**एजेंसियां**

**कोलकाता** : पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुवेंदु अधिकारी ने सोमवार को कहा कि प्रदेश चुनाव आयोग की ओर से सिर्फ 696 बूथों पर मतदान कराने के फैसला पूरी तरह से शर्मनाक तथा कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश की अवहेलना है। अधिकारी ने ट्वीट कर कहा , ''प्रदेश चुनाव आयोग राज्यभर में सिर्फ 696 बूथों पर मतदान करा रहा है। यह पूरी तरह से शर्मनाक तथा कलकत्ता उच्च न्यायालय के फैसले के आदेश की अवमानना है।'' उन्होंने आगे कहा कि हर कई जानता है कि कल यानी आठ जुलाई 2023 को पंचायत चुनाव के दौरान क्या हुआ। राज्य में बड़े पैमान पर हिंसा हुई, जिसके कारण 20 लोगों की मौत हुई, जबकि सैकड़ों लोग घायल हुए। तृणमूल कांग्रेस के गुंडों ने हजारों बूथों पर कब्जा किया। यहां तक कि मतदान केंद्रों पर बमबारी और आग लगा दी गयी। जब उपद्रवियों ने मतदान केंद्रों पर धावा बोला, तो मतदान अधिकारियों को बंदूक की नोंक पर हिरासत में लिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस के जवान इस दौरान मूक दर्शक बने रहे। उन्होंने कहा कि 61 हजार मतदान केंद्र में से 44 हजार मतदान परिसरों (जहां पर एक या एक से अधिक मतदान केंद्र बने होंगे) पर तृणमूल कांग्रेस के गुंडों ने कब्जा कर लिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश भाजपा की ओर से शाम साढ़े सात बजे राज्य चुनाव आयोग को इस संबंध में ज्ञापन सौंपा गया। अधिकारी ने कहा, ''जिन मतदान केंद्रों पर फर्जी मतदान के साक्ष्य के तौर पर सीसीटीवी फुटेज मौजूद है, वहां पुनर्मतदान कराने की मांग की गयी है।

जिन मतदान केंद्र जहां मतदान प्रक्रिया की शुरुआत में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एजेंट मौजूद थे, जिसका पता सीसीटीवी फुटेज से लगाया जा सकता है, लेकिन मतदान खत्म होने से पहले यानी जब मतपेटियां सील की जा रही थीं, तब उन्हें बाहर कर दिया गया था।'' उन्होंने कहा कि प्रारंभ में प्रदेश भाजपा ने जानकारी मुहैया करायी थी कि छह हजार से ज्यादा बूथों पर या तो सीसीटीवी कैमरा नहीं लगे गए थे या खराब थे या सीसीटीवी फुटेज में फर्जी मतदान के स्पष्ट सबूत थे। उन्होंने कहा , ''हमारे वकील कल कलकत्ता उच्च न्यायालय में सभी संबंधित दस्तावेज और साक्ष्य दायर करेंगे। हम दिनदहाड़े डकैती को लेकर राज्य चुनाव आयोग को हटाए जाने तक चूप नहीं बैठेंगे।'' इस बीच भाजपा नेता अमित मालवीय ने ट्वीट किया, ''पश्चिम बंगाल में छह सौ मतदान केंद्रों पर पुनर्मतदान का आदेश देने सुश्री ममता बनर्जी के निर्देश पर दिया गया आदेश है। अनियमितताएं, हत्याओं, चुनावी उल्लंघन तथा मतदान वाले दिन मतदान केंद्रों पर कब्जा करने के साक्ष्य को मिटाने के सिवाय और कुछ नहीं है।''

## मोदी ने की भारी बरसात के कारण बनी स्थिति की समीक्षा की



**एजेंसियां**

**नयी दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज यहां देश के कई हिस्सों में हो रही भारी बरसात के कारण बाढ़ और उससे जानमाल के नुकसान को रोकने के लिए एक उच्चस्तरीय बैठक की। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार इस बैठक में केन्द्रीय मंत्रिमंडल के कई वरिष्ठ मंत्री और शीर्ष अधिकारी उपस्थित थे। प्रधानमंत्री ने देश के कुछ हिस्सों में अत्यधिक वर्षा के मद्देनजर बन रही स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने स्थानीय प्रशासन, राष्ट्रीय आपदामोचन बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदामोचन बल (एसडीआरएफ) की टीमों द्वारा प्रभावित लोगों को बचाने एवं उन्हें राहत सुनिश्चित करने के लिए योगदान की भी जानकारी ली।

## शाह ने अमरनाथ यात्री का सामान लौटाने पर पुलिस के जवानों की प्रशंसा की

**एजेंसियां**

**श्रीनगर** : केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अमरनाथ यात्री के बैग को वापस लौटाने वाले जम्मू कश्मीर पुलिस के दो जवानों की ईमानदारी की प्रशंसा की है। गृहमंत्री ने सोमवार को अपने ट्वीट में कहा सच्ची वीरता हमारे सम्मान और ईमानदारी के कार्यों में निहित है जो हमारे जीवन पर एक अमिट छाप छोड़ते हैं। जम्मू-कश्मीर पुलिस के एएसआई दर्शन कुमार और हैड कांस्टेबल सतपाल ने इस कहावत को सही साबित कर दिया। उन्हें एक बैग मिला जिसमें 80000 रुपये, एक मोबाइल फोन और यात्रा दस्तावेज थे। उन्होंने इसके मालिक, एक तीर्थयात्री का पता लगाया और इसे उसे सौंप दिया। उन्होंने आगे कहा, ''ईमानदारी की मिसाल बनने के लिए मैं उनकी सराहना करता हूं।''जम्मू कश्मीर के पुलिस महानिदेशक दिलबाग सिंह ने भी यातायात कर्मियों की ईमानदारी और अच्छे काम की सराहना की और अधिकारियों को प्रशस्ति प्रमाण पत्र और प्रत्येक को 10,000 रुपये का इनाम देने की घोषणा की। यातायात पुलिस के सहायक उपनिरीक्षक दर्शन कुमार एवं हैड कांस्टेबल सतपाल सरबाल पार्किंग में तैनात थे। वहां गुजरात के अहमदाबाद की महिला यात्री यशोदा बेन पत्नी मनु भाई का बैग मिला जिसमें 80 हजार रुपये , मोबाइल फोन और यात्रा के दस्तावेज थे। दोनों पुलिसकर्मियों ने बैग को महिला को वापस लौटा दिया।



## आदिवासी अत्याचार के मुद्दे पर शर्मा ने कमलनाथ पर बोला हमला



**एजेंसियां**

**भोपाल** : भारतीय जनता पार्टी की मध्यप्रदेश इकाई के अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने प्रदेश में आदिवासी अत्याचार के मामले को लेकर कांग्रेस के प्रदेश प्रमुख कमलनाथ पर हमला बोलते हुए आज कहा कि कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति कर प्रदेश का वातावरण बिगाड़ना चाहती है। शर्मा ने यहां संवाददाताओं से चर्चा के दौरान कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार में किसी के साथ भी गलत होने पर फौरन कार्रवाई होती है। इस के साथ ही उन्होंने कमलनाथ पर दोहरा चरित्र रखने का आरोप लगाते हुए कहा कि आज राज्यपाल मंगुभाई पटेल से मुलाकात करने वाले कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल में पूर्व मंत्री उमंग सिंघार भी शामिल थे। उन पर आरोप है कि एक महिला ने उनकी प्रताड़ना से तंग आकर आत्महत्या कर ली। इस के साथ ही शर्मा ने कहा कि ग्वालियर के नरवर में अभी अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने एक आदिवासी के साथ अमानवीय व्यवहार किया, लेकिन उस समय कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल कहां चला गया। उन्होंने कहा कि कमलनाथ तुष्टिकरण और झूठ की राजनीति कर प्रदेश का वातावरण बिगाड़ते हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने प्रारंभिक जानकारी के हवाले से ये भी दावा किया कि सीधी में हाल ही में सुर्खियों में आई घटना तत्कालीन कमलनाथ सरकार के समय की 2019-20 की है। उन्होंने कमलनाथ से पिछले दिनों कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह के गुरु गोलवलकर पर किए गए ट्वीट को लेकर भी जवाब मांगा।

## हरियाणा में बारिश से उत्पन्न हालात को लेकर खट्टर ने बुलाई आपात बैठक

**एजेंसियां**

**चंडीगढ़:** हरियाणा समेत देश के उत्तरी राज्यों में गत तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण बाढ़ और अन्य खतरों को देखते हुये राज्य के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने सोमवार सुबह यहां वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आपात बैठक की। सचिवालय में आयोजित इस बैठक में खट्टर ने अधिकारियों के साथ राज्य के हालात पर चर्चा की तथा जानमाल के किसी भी तरह का नुकसान रोकने के लिये उन्हें आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने बाद में पूर्वाह्न 11 बजे जिला उपायुक्तों से भी वीडियो कांफ्रेंस पर बातचीत कर राज्य के विभिन्न हिस्सों में बारिश से उत्पन्न हालात का जायजा लिया तथा उन्हें आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने राज्य में हालात पर नज़र रखने के लिये अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम भी रद्द कर दिये हैं। बैठक में मुख्य सचिव संजीव कौशल, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डी एस ढेसी, प्रधान सचिव वी उमाशंकर राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, गृह, शहरी और स्थानीय निकाय, ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। खट्टर ने हरियाणा के कुल लोगों के मनाली में फंसे होने की सूचना पर हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से भी बातचीत कर यह मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि सभी लोग वहां सुरक्षित हैं तथा हिमाचल प्रदेश सरकार के साथ मिल कर हालात पर नजर रखने के साथ ही इन्हें वहां से सुरक्षित निकालने के प्रयास किये जा रहे हैं। इसी बीच, हरियाणा सरकार ने राज्य के लोगों के लिये भारी बारिश के कारण परामर्श जारी करते हुये कहा कि अगर जरूरत न हो तो घर से बाहर न निकलने की सलाह दी है।

**सोमवारी** प्रयागराज के मंदिरों और घाटों पर चारों तरफ हर-हर महादेव की गूंज

# श्रावण के पहले सोमवार को शिवमय हुई संगमनगरी

**एजेंसियां**



**प्रयागराज** : श्रावण मास के पहले सोमवार को तीर्थराज प्रयाग शिवमय होने के साथ मंदिरों और घाटों पर चारों तरफ हर-हर महादेव, बोल बम और ओम नमः शिवाय के स्वर सुनाई पड़ रहे हैं। प्रयागराज के पौराणिक दशाश्वमेध घाट पर कांवड़ियों का रेला उमड़ने लगा। बड़ी संख्या में कांवड़िए यहां से जल भरकर काशी विश्वनाथ और बाबा वैद्यनाथ धाम के लिए रवाना हो रहे हैं। देवाधिदेव महादेव के प्रिय मास सावन में भगवान को प्रसन्न करने के लिए भक्तों ने हर जतन शुरू कर दिए हैं। श्रावण के पहले सोमवार पर बाबा विश्वनाथ और बाबा बैजनाथ के जलाभिषेक के लिए कांवड़ियों का तांता लग गया है। दशाश्वमेध घाट से जल भरकर नंगे पांव भक्त दिनभर निकलते रहे। इससे झूंसी शास्त्री पुल से लेकर प्रयागराज-वाराणसी राजमार्ग केसरियामय नजर आने लगा। बोल बम के जयकारों के साथ कांवड़यि आस्था के पथ पर बढ़ते नजर आए। नाचते-गाते कांवड़िया भोले भक्तों की टोलियों के निकलने से क्षेत्र शिवमय हो गया। यमुना तट स्थित मनकामेश्वर महादेव मंदिर में पुरुष और महिला श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए अलग-अलग बैरिकेडिंग कराई गई है।

मनकामेश्वर मंदिर में सोमवार की भोर चार बजे मंगला आरती के साथ ही आम भक्तों के लिए पट खोल दिए गए। अरैल स्थित सोमेश्वर महादेव मंदिर में भी भक्तों की सुविधा के लिए बैरिकेडिंग कराई गई। पुजारी सोनू पुरी ने बताया कि भोर में पांच बजे से ही दर्शन-पूजन आरंभ शुरू हो गया। तक्षक तीर्थ और दारागंज स्थित नागवासुकि मंदिर समेत अनेक शिवलयों में भी जलाभिषेक और दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की लम्बी कतार देखी गई। इसी तरह बालसन चौराहा स्थित भरद्वाजेश्वर महादेव मंदिर में भी जलाभिषेक कर रहे हैं। अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियों की जानकारी ली। वैदिक शोध एवं सांस्कृतिक प्रतिष्ठान कर्मकाण्ड प्रशिक्षण केन्द्र के पूर्व आचार्य डा आत्माराम गौतम ने बताया कि श्रावण के प्रथम सोमवार पर आज शुभ योग-नक्षत्रों का अनूठा संगम बना है। इस बार रेवती और सुकर्मा नक्षत्रों के साथ अनुकूल ग्रहों की युति जलाभिषेक पर्व को खास बनाएगी। संगम में डुबकी लगाने के बाद शहर के शिवालयों में शिवभक्त कामनाओं की पूर्ति के लिए जलाभिषेक कर रहे हैं। दशाश्वमेध घाट से जल भरकर बड़ी संख्या में कांवड़यिा बाबा विश्वनाथ के जलाभिषेक के लिए निकल पड़े हैं।

## न्यूज फटाफट

### मिर्जियोयेव उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति पुनः चुने गए

**ताशकंद** : शावकत मिर्जियोयेव उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति पुनः चुने गए हैं। केंद्रीय चुनाव आयोग की ओर से सोमवार को घोषित राष्ट्रपति चुनाव के प्रारंभिक परिणामों में यह घोषणा की गई। राष्ट्रव्यापी जनमत संग्रह में देश के संविधान के नये स्वरूप को अपनाने के बाद आठ मई को राष्ट्रपति मिर्जियोयेव के आकस्मिक मतदान कराए जाने के बाद रविवार को उज्बेकिस्तान में राष्ट्रपति चुनाव हुए। चुनाव में 79 प्रतिशत लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। चुनाव आयोग के अनुसार, लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार मिर्जियोयेव को 87.05 प्रतिशत वोट मिले। सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी''एडोलाट'' के रोबाखोन मखमुदोव, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी के उलुगबेक इनोयातोव और इकोलॉजिकल पार्टी के उम्मीदवार अब्दुशुकुर खामज़ेव को क्रमशः 4.43 प्रतिशत, 4.02 प्रतिशत और 3.74 प्रतिशत वोट मिले। इस बीच, तुर्की, अजरबैजान, तुर्कमेनिस्तान और ताजिकिस्तान के नेताओं ने मिर्जियोयेव को चुनाव में उनकी शानदार जीत पर बधाई दी है। उज्बेकिस्तान मध्य एशिया में भारत के प्रमुख रणनीतिक साझेदारों में से एक है। पिछले साल दोनों देशों के बीच व्यापार करीब 40 फीसदी बढ़ा। दोनों देश आने वाले वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार को प्रति वर्ष एक अरब डॉलर तक लाने का प्रयास कर रहे हैं।

### टोक्यो में गर्मियों की चेतावनी जारी

**टोक्यो** : जापान की राजधानी टोक्यो के साथ-साथ सैतामा, चिबा और इबाराकी प्रांतों के लिए इस सीजन में पहली बार सोमवार को 'हीटस्ट्रोक अलर्ट' जारी किया गया क्योंकि कांटो और कोशिन क्षेत्रों में गर्म मौसम बना हुआ है। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) के अनुसार सोमवार को क्षेत्रों में चिलचिलाती गर्मी की चपेट में आने से पारा बढ़ गया, मध्य टोक्यो में तापमान 35 डिग्री तक पहुंच गया, जो इस गर्मी का सबसे ज़्यादा तापमान भी था। यामानाशी प्रांत के ओत्सुकी शहर में सुबह 11:30 बजे तक उच्चतम तापमान 36.4 डिग्री सेल्सियस, पश्चिमी टोक्यो के ओमे सिटी में 35.7, इबाराकी प्रांत के कसामा सिटी में 35.6 और मध्य टोक्यो में 35.2 डिग्री सेल्सियस था। मौसम अधिकारियों ने कहा कि आर्द्रता भी अधिक है, जिससे लोगों को लू लगने का खतरा है। जेएमए ने कहा कि उच्च तापमान और नम हवा का प्रवाह स्थानीय बारिश के कारण हो सकता है, जिसमें उत्तरी कांटो क्षेत्र में प्रति घंटा 60 मिलीमीटर और दक्षिणी कांटो में 30 मिलीमीटर तक वर्षा होने का अनुमान लगाया गया है।

### यौन दुर्व्यवहार के आरोप में बीबीसी प्रस्तोता निलंबित

**लंदन** : ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन (बीबीसी) ने अपने एक पुरुष प्रस्तोता इस आरोप में निलंबित कर दिया है कि उसने कई वर्षों तक एक किशोरी को स्पष्ट तस्वीरों के लिए भुगतान किया था। पिछले शुक्रवार को, ब्रिटेन के टैब्लॉइड अखबार द सन ने बताया कि उसके संपादकीय कार्यालय से एक मां ने संपर्क किया था, जिसकी बेटी को स्पष्ट तस्वीरें भेजने के लिए एक प्रमुख बीबीसी होस्ट से पैसे मिले थे। कथित तौर पर किशोरी और टीवी प्रस्तोता के बीच संचार 2020 में शुरू हुआ, जब किशोरी 17 वर्ष की थी। रिपोर्टों के अनुसार किशोरी, जो एक लड़की है, बड़ी रकम प्राप्त करने के बाद नशे की आदी हो गई। कथित तौर पर बीबीसी प्रस्तुतकर्ता से उसे प्राप्त कुल भुगतान 35,000 पाउंड स्टर्लिंग (44,900 अमेरिकी डॉलर) था। बीबीसी ने कहा,''निगम को मई में शिकायत के बारे में पता चला और वह इस मुद्दे को उठाने के लिए सोमवार को मेट्रोपॉलिटन पुलिस के साथ चर्चा करने की योजना बना रहा है। तथ्यों को स्थापित करने के लिए उचित अगले कदमों के उठाने के बारे में भी योजना बना रहा है।'' बीबीसी ने कहा कि अनाम प्रस्तुतकर्ता को रविवार से निलंबित कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त बीबीसी के महानिदेशक टिम डेवी ने कहा कि आरोप को 'अविश्वसनीय रूप से गंभीरता से' लिया गया है। उन्होंने स्थिति को 'जटिल' बताया है। उन्होंने कहा,''निगम समय पर तथ्यों को स्थापित करने और यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहा था कि इन मामलों को निष्पक्षता और सावधानी से संभाला जाए।''

### जापान में भूस्खलन से महिला की मौत

**टोक्यो** : जापान के फुकुओका प्रान्त में सोमवार को भारी बारिश के कारण भूस्खलन की चपेट में आकर से एक 70 वर्षीय महिला की मौत हो गई। क्योडो न्यूज ने स्थानीय अधिकारियों के हवाले से बताया कि सोमवार तड़के करीब 03:40 बजे फुकुओका प्रांत के सोएदा शहर में हुए भूस्खलन के कारण एक घर में एक बुजुर्ग दंपत्ति के फंसे होने की खबर मिली, जिसके बाद, बचाव कर्मियों घटनास्थल पर पहुंचे और दोनों को बाहर निकाला। दंपति में से महिला की मौत हो चुकी थी और पुरुष घायल हो गया था। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) ने कहा कि फुकुओका प्रान्त के कुरुमे शहर में आज तड़के 6:20 बजे तक तीन घंटे की अवधि में 167 मिलीमीटर तक बारिश दर्ज की गई। उन्होंने बताया कि मंगलवार तक जापान सागर के सामने वाले पश्चिमी और पूर्वी क्षेत्रों में भारी वर्षा आने के आसार हैं। मौसम एजेंसी ने फुकुओका प्रान्त और पड़ोसी ओइता में भूस्खलन और बाढ़ की चेतावनी दी है। जेएमए ने बताया कि मंगलवार तड़के छह बजे तक उत्तरी क्यूशू क्षेत्र में 200 मिमी तक, पश्चिमी जापान के चुगोकू क्षेत्र में 100 मिमी और मध्य जापान के होकुरिकु क्षेत्र में 80 मिमी तक बारिश का अनुमान है।

### विमान दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत, एक घायल

**सैन फ्रांसिस्को**: अमेरिका में पश्चिमी प्रांत कैलिफोर्निया के सैन राफेल हवाई अड्डे पर शनिवार रात एक विमान दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रांत नेवादा के मिंडेन से रवाना हुआ, विमान रनवे की ओर आ रहा था उसी दौरान, विमान की टेल फिन बिजली के तारों से टकराकर पास में ही दलदल में दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। इसमें सवार दो व्यक्तियों में से एक की मौत हो गयी और एक गंभीर रूप से घायल हो गया। मैरिन काउंटी शेरिफ कार्यालय ने ट्वीट किया, ''पायलट की हालत गंभीर है, जबकि उसके यात्री की मौत हो गई।''

### जार्डन में सुरक्षाबलों ने तीन भगोड़ों को मार गिराया

**अम्मान**: जॉर्डन में विशेष सुरक्षा बलों 'आतंकवादी गतिविधियों' में शामिल तीन वांछित भगोडों को मार गिराया है। सार्वजनिक सुरक्षा विभाग ने रविवार को यह जानकारी दी हैं। राज्य संचालित पेट्रा समाचार एजेंसी ने पुलिस के बयान के हवाले से बताया कि विशेष सुरक्षा बल ने राज्य के दक्षिण-पूर्वी सीमा क्षेत्रों के पास धावा बोलकर तीन वांछितों को मार गिराया है। पुलिस ने बताया कि दो भगोड़े कुछ दिन पहले सुधार और पुनर्वास केंद्र से भाग गए थे जबकि तीसरा वांछित व्यक्ति वर्ष 2022 में एक स्थानीय पुलिस अधिकारी की हत्या में शामिल था। पुलिस ने बताया कि जेल तोड़ने की घटना की जांच की जा रही है।

## आज का इतिहास

- 1346 : लग्जमबर्ग के चार्ल्स चतुर्थ को रोमन साम्राज्य का सम्राट बनाया गया।
- 1889 : सोवा बाजार क्लब किसी फुटबॉल टूर्नामेंट में भाग लेने वाला पहला भारतीय दल बना।
- 1921 : मंगोलिया को चीन से आजादी मिली।
- 1922 : हॉलीवुड बाउल की शुरुआत हुई।
- 1930 : ब्रेडमैन ने लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ एक दिन में 309 रन बनाए।
- 1948 : येरूशलम पर पहला हवाई हमला।
- 1973 : पेरिस के निकट ब्राजील का बोइंग विमान दुर्घटनाग्रस्त, 122 की मौत।
- 1977 : मार्टिन लूथर किंग जूनियर को मेडल ऑफ फ्रीडम से सम्मानित किया गया।
- 1979 : अमेरिकी अंतरिक्ष प्रयोगशाला स्काई लैब धरती पर गिरी।
- 1995 : अमेरिका एवं वियतनाम के बीच कूटनीतिक रिश्ते बने।
- 1995 : बोस्निया में 7000 से ज्यादा लोगों का नरसंहार।
- 2002 : चांग शांग दक्षिण कोरिया की पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं।
- 2003 : हिन्दी विकिपिडिया की शुरुआत।

## पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा ने ईडी कोर्ट में किया सरेंडर, मिली नियमित जमानत

रांची: मनरेगा घोटाला और मनी लांड्रिंग केस में जेल में बंद निलंबित आईएएस पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा ने सोमवार को ईडी कोर्ट में सरेंडर किया साथ ही नियमित जमानत देने का आग्रह कोर्ट से किया। कोर्ट ने अभिषेक झा को एक- एक लाख के दो निजी मुचलके पर नियमित जमानत प्रदान कर दी। दरअसल 5 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने बेटी के इलाज के लिए अभिषेक झा को अग्रिम जमानत दी थी।

**हादसा** लाइट हाउस पर लगा ग्रहण, निर्माणाधीन बिल्डिंग का एक हिस्सा गिरा

# लाइट हाउस का काम 90 फीसदी से ज्यादा पूरा

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** लाइट हाउस प्रोजेक्ट पर ग्रहण लगता जा रहा है। बनने से पहले ही लाइट हाउस धराशाई होने लगा है। रविवार रात करीब 12:30 लाइट हाउस के एक ब्लॉक में निमार्णाधीन लिफ्ट का हिस्सा गिर गया। इस दौरान इतनी तेज आवाज हुई कि आसपास के लोग चौंक गए। बगल की बस्ती के लोग मौके पर जमा हो गए, जिसे स्थानीय पुलिस ने खदेड़ कर हटाया। उधर लाइट हाउस का गिरा हुआ मलबा बगल में डंप किया जा रहा है और टूटे हुए हिस्से को पर्दे से ढक दिया गया है। रांची लाइट हाउस का काम 90 फीसदी से ज्यादा पूरा हो चुका है। फ्लैटों का आवंटन भी लॉटरी के जरिए हो गया है। बचे हुए फ्लैटों के लिए एक बार फिर से आवेदन मांगा गया है। सितंबर तक आवंटियों को फ्लैट हैंड ओवर करना है। लेकिन उससे पहले हुए इस हादसे से लाइट हाउस की गुणवत्ता पर भी सवाल उठ रहे हैं। वहीं नगरीय प्रशासन निदेशालय के अधिकारी इस मामले पर अनभिज्ञता जता रहे हैं। वहीं मौके पर पहुंची शुभम संदेश की टीम ने प्रोजेक्ट इंचार्ज लक्ष्मण कुमार से कारण जानना चाहा, तो उन्होंने मिलने या बात करने से मना कर दिया।गरीबों को रियायती दर पर आशियाना देने के लिए पीएम मोदी ने झारखंड सहित देश के 06 राज्यों में लाइट हाउस प्रोजेक्ट की शुरूआत की थी। जमीन विवाद की वजह से इसका निर्माण शुरू होने में 6 महीना देर हुआ। शुरूआत में नगर निगम के द्वारा कई बार आवेदन मांगे जाने के बाद आखिरकार लॉटरी के तहत 1008 लाभुकों का चयन किया गया। इन चयनित लाभुकों को बैंक से ऋण देने की भी व्यवस्था की गई। लेकिन जब फ्लैट के निर्धारित पैसों का किश्त देने की बात हुई तो 400 चयनित लाभुकों ने हाथ खींच लिए हैं। इस हादसे के बाद और भी लाभुक पीछे हट सकते हैं।

# इंटरनेट सेवा बंद करने के मामले में आदेश प्रकाशित क्यों नहीं किया गया

राष्ट्रीय खबर




**रांची:** राज्य के जिलों में कई मौकों पर अधिकृत अधिकारियों के द्वारा दिए गए इंटरनेट सेवा बंद करने के आदेश को प्रकाशित नहीं करने को लेकर दाखिल सॉफ्टवेयर फ्रीडम लॉ सेंटर की जनहित याचिका की सुनवाई सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार को नोटिस जारी करते हुए जवाब मांगा है। कोर्ट ने इसे जनहित याचिका मानते हुए राज्य सरकार से पूछा है कि इंटरनेट सेवा बंद करने का आदेश क्यों प्रकाशित नहीं किया गया। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 11 सितंबर निर्धारित की है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता शैलेश पोद्दार ने पैरवी की।प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया राजधानी रांची सहित राज्य के कई जिलों में हिंसा की आशंका को लेकर इंटरनेट सेवा अचानक बंद कर दी जाती है। इससे संबंधित अधिकारियों के आदेश को प्रकाशित किए बिना शहरों में इंटरनेट सेवा बंद कर दी जाती है। इससे आम लोगों को इंटरनेट बंद होने की जानकारी नहीं मिल पाती है। जबकि इंटरनेट बंद होने की जानकारी सार्वजनिक होनी चाहिए। प्रार्थी का यह भी कहना था कि सुप्रीम कोर्ट के एक जजमेंट अनुराधा बाशिन बनाम केंद्र सरकार में सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया है कि इंटरनेट सेवा बंद होने का संबंधित अधिकारी का आदेश प्रकाशित किया जाना चाहिए, लेकिन झारखंड में ऐसा नहीं हो रहा है। प्रार्थी ने रांची में 10 जून 2022 को हनुमान मंदिर के पास पथराव की घटना सहित हजारीबाग,गिरिडीह, चतरा में सरस्वती पूजा के विसर्जन के मौके पर दो गुटों में हुई हिंसा के बाद इंटरनेट सेवा बंद होने जैसी कई घटनाओं की जानकारी देते हुए कहा है कि इंटरनेट सेवा बंद का आदेश प्रकाशित नहीं किया गया। साथ ही कहा है कि इंटरनेट सेवा बंद करने का आदेश जारी होने को प्रकाशित किया चाहिए था। जिससे आम लोगों को इंटरनेट सेवा बंद होने की जानकारी पहले से मिल जाए।

# चेक बाउंस मामले में अभिनेत्री अमीषा पटेल कोर्ट में हुई सशरीर उपस्थित

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** चेक बाउंस मामले में प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेत्री अमीषा पटेल आज सिविल कोर्ट में पेश हुई। पिछले एक महीने में यह दूसरा मौका है जब इस मामले में अमीशा पटेल कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुई। आज पेश होने के दौरान बॉलीवुड अभिनेत्री ने अपने ऊपर लगे धोखाधड़ी के सभी आरोपों को गलत बताया तो वहीं इस मामले में अब प्रार्थी की ओर से मध्यस्थता का आग्रह किया गया है। सिविल जज सीनियर डिवीजन डीएन शुक्ला के आदेश के आलोक में अमीषा कोर्ट में सोमवार को सशरीर उपस्थित हुए एवं अपने ऊपर लगे आरोप को गलत बताया। वही मामले में प्रार्थी अजय कुमार सिंह की ओर से मध्यस्थता से इस मामले को सुलझाने का आग्रह किया गया। इस संबंध में कोर्ट ने अमीषा से पूछा है कि मामले को मध्यस्थता में ले जाना चाहती हैं तो बताये? अमीषा ने कहा विचार करने के लिए समय दिया जाये।दरअसल सोमवार को कोर्ट ने अमीषा पटेल को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का निर्देश दिया था। पिछली सुनवाई में अमीषा पटेल की ओर से कोर्ट में व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट का आग्रह करते हुए सीआरपीसी की धारा 317 के तहत आवेदन दाखिल किया गया था जिसमें कहा गया था वह अर्जेंट कार्य से चंडीगढ़ , मोहाली में एक कार्यक्रम में आई है। इसलिए वे कोर्ट में उपस्थित नहीं हो सकती हैं। जिसके बाद कोर्ट ने उनकी सशरीर उपस्थिति के लिए 10 जुलाई की तिथि निर्धारित की थी।बता दें कि इससे पूर्व पिछले महीने हुई सुनवाई के दौरान अमीषा पटेल ने सिविल जज सीनियर डिविजन डी एन शुक्ला की कोर्ट में सरेंडर किया था, जिसके बाद कोर्ट ने उन्हें 10 हजार के दो निजी मुचलके पर जमानत प्रदान की थी।दरअसल, अमीषा पटेल के खिलाफ रांची सिविल कोर्ट से वारंट जारी किया था। यह वारंट झारखंड के फिल्म निमार्ता अजय कुमार सिंह की ओर अमीषा पटेल और उनके बिजनेस पार्टनर कुणाल ग्रूमर के खिलाफ दाखिल चेक बाउंस,धोखाधड़ी और धमकी मामले में किया गया था। अरगोड़ा निवासी अजय कुमार सिंह ने यह केस 17 नवंबर 2018 को सीजेएम कोर्ट में दायर किया था। आरोप था कि म्जूयिक मेकिंग के नाम पर अमीषा पटेल ने अजय कुमार सिंह से ढाई करोड़ की राशि ली, लेकिन राशि लेने के बाद म्यूजिक मेकिंग की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया। बाद में अजय कुमार सिंह ने पैसे की मांग की। काफी टालमटोल के बाद अक्तूबर 2018 में ढाई करोड़ एवं 50 लाख रुपए के दो चेक दिए, जो बाउंस हो गए।

## पश्चिमी भारत में भारी बारिश के कारण कई ट्रेनें रद्द

**रांची:** उत्तर पश्चिमी भारत में जारी भारी बारिश का असर ट्रेनों पर देखने को मिल रहा है। राज्य के अलग अलग स्टेशनों से चलने वाली ट्रेनों पर इसका असर देखा जा रहा है। जहां रेलवे बोर्ड ने कुछ ट्रेनों को कैंसिल कर दिया है। तो वहीं कुछ ट्रेनों को अन्य स्टेशनों पर ठहराव दिया गया है। पंजाब से गुजरने वाली ट्रेन या पंजाब तक जाने वाली ट्रेनों पर इसका असर सबसे अधिक पड़ा है। जहां रविवार से ही भारी बारिश के कारण इन ट्रेनों की सेवा बंद कर दी गयी है। इसमें धनबाद से होकर चलने वाली ट्रेन की बात करें तो धनबाद से रवाना हुई गंगा-सतलज एक्सप्रेस ट्रेन को लक्सर स्टेशन पर ही अगले आदेश तक के लिये रोक दिया गया है। कोलकाता-अमृतसर दुर्गियाना एक्सप्रेस को केसरी स्टेशन पर रोका गया है। जो राज्य के अलग अलग स्टेशनों से होकर गुजरती है। रविवार को रवाना हुई जम्मूतवी एक्सप्रेस को पानीपत होकर चलाया जा रहा है।



भोलेनाथ को पहली सोमवारी पर जलाभिषेक

# सावन की पहली सोमवारी पर रांची पहाड़ी मंदिर में उमड़े भक्त, बाबा भोलेनाथ का किया जलाभिषेक



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** सावन की पहली सोमवारी के मौके पर राजधानी रांची के पहाड़ी मंदिर में भक्तों की भीड़ लगी हुई है। राजधानी ही नहीं बल्कि राज्य के विभिन्न जिलों से भक्त पहाड़ी बाबा के मंदिर में पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर रहे हैं।पहली सोमवारी में होने वाली भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रबंधन की तरफ से भी सुरक्षा एवं अन्य इंतजामों की व्यापक व्यवस्था की गई है। जिससे सोमवारे के दिन पहुंचने वाले भक्तों आसानी से भगवान भोलेनाथ का दर्शन कर पूजा कर सकें। इस भीड़ को देखते हुए पूर्व की तरह इस वर्ष भी अरघा सिस्टम से जलार्पण कराया जा रहा है। यहां आए भक्तों ने कहा कि इस बार की सोमवारी बेहद खास है क्योंकि लंबे समय के बाद इस संयोग के साथ भक्तों को पूजा करने का मौका मिला है।मंदिर में शिव भक्तों का तांता देखने को मिल रहा है। भक्तों की भीड़ को देखते हुए जगह-जगह पर पहाड़ी मंदिर में बैरिकेडिंग की गयी है। इसके अलावा मंदिर में जिला प्रशासन की टीम के साथ-साथ निजी वॉलेंटियर सुरक्षा में लगाये गए हैं ताकि यह भीड़ अनियंत्रित हो तो उसे तुरंत ही नियंत्रण में किया जा सके।वहीं सदर अस्पताल और स्वास्थ विभाग की तरफ से मंदिर परिसर में मेडिकल के टीम की भी तैनाती की गई है। इस दौरान किसी श्रद्धालु के बीमार होने पर उन्हें मौके पर उपचार दिया जा सके। इसी प्रकार पहली सोमवारी को देखते हुए पहाड़ी मंदिर के आसपास के लोग भी अपनी दुकान लगाकर पूजा सामग्री बेच रहे हैं। मंदिर में पहुंचे भक्तों ने हर हर महादेव का नारा लगाया। वहीं भगवान भोलेनाथ पर जल अर्पित करने पहुंचे भक्तों ने अपने और पूरे परिवार के बेहतर भविष्य की कामना की।









